# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, रविवार 31 दिसंबर 2023


### शपथ के छठवें दिन 31 मंत्रियों को मिले विभाग, शुक्रवार को ही दिल्ली में फाइनल हो गई थी सूची

# सीएम ने रखा गृह, कैलाश को नगरीय प्रशासन, प्रह्लाद को पंचायत ग्रामीण विकास...देवड़ा को वित्त, राजेंद्र शुक्ल को लोक स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा

## विभागों का बंटवारा

डॉ. मोहन यादव



सीएम, गृह, जीएडी जनसंपर्क

विभागों के बंटवारे में वरिष्ठता के साथ क्षेत्रीय व जातीय संतुलन को भी ध्यान में रखा है। पुराने नेताओं को बड़े विभाग दिए हैं। जबकि, नए मंत्रियों को उसी अनुसार विभाग दिए गए हैं।

राजेंद्र शुक्ल



डिप्टी सीएम, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा

जगदीश देवड़ा



डिप्टी सीएम, वित्त, वाणिज्यिक कर

कैलाश विजयवर्गीय



नगरीय विकास एवं आवास, संसदीय कार्य

प्रह्लाद पटेल



पंचायत एवं ग्रामीण विकास, श्रम विभाग

राकेश सिंह



लोक निर्माण विभाग

उदयप्रताप सिंह



परिवहन व स्कूल शिक्षा

गोविंद सिंह राजपूत



खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति

विश्वास सारंग



खेल एवं युवा कल्याण विभाग, सहकारिता

इंदर सिंह परमार



उच्च शिक्षा

### विजयवर्गीय को संसदीय कार्य भी

कैलाश विजयवर्गीय को नगरीय विकास एवं आवास, संसदीय कार्य विभाग दिया गया है। संसदीय कार्य विभाग देने के पीछे सबसे बड़ी वजह उनकी काबिलियत को माना जा रहा है। चूंकि संसदीय कार्य मंत्री रहे डॉ. नरोत्तम मिश्रा के चुनाव हारने तथा विधानसभा में नहीं होने की कमी विधानसभा सत्र के पहले दिन से अखरने लगी थी। अब उसकी भरपाई की गई है। सत्र के दौरान राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा की शुरूआत भी इन्होंने ही की थी। इसके बाद से ही माना जा रहा था कि उन्हें यह विभाग मिलेगा।

### सिलावट व प्रद्युम्न को वही विभाग

श्रीमती संपत्तिया उइके को लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की जवाबदारी दी गई है। आमतौर पर इस विभाग की जवाबदारी भी किसी वरिष्ठ विधायक के पास होती है। मुख्यमंत्री ने काफी सोच समझ कर उन्हें विभाग दिया है। तुलसीराम सिलावट को फिर से जल संसाधन विभाग की जिम्मदारी दी गई है। प्रद्युम्न सिंह तोमर को फिर से उनके मनपसंद ऊर्जा विभाग की जवाबदारी दी गई है। वे पिछले मंत्रिमंडल में भी ऊर्जा विभाग की जवाबदारी निभा चुके हैं।

### निर्मला भूरिया को महिला एवं बाल विकास

एंदल सिंह कंषाना को किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग दिया गया है। यह विभाग भी पिछली बार ग्वालियर चंबल संभाग को मिला था, इस बार भी ऐसा ही हुआ है। सुश्री निर्मला भूरिया को महिला व बाल विकास विभाग की जवाबदारी दी गई है। महिला होने के साथ ही जनजातीय क्षेत्र का नेतृत्व करती हैं। केंद्र सरकार इस समय जनजातीय समाज के लिए कई योजनाएं संचालित कर रही है। गोविंद सिंह राजपूत को इस बार खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण विभाग दिया गया है।

## राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

कृष्णा गौर



पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण, विमुक्त, घुमंतु और अर्धघुमंतु कल्याण विभाग

धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी



संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास और धर्मस्व विभाग

दिलीप जायसवाल



कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग

गौतम टेटवाल



तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोजगार केवल कौशल विकास एवं रोजगार

लखन पटेल



पशुपालन एवं डेयरी

नारायण सिंह पंवार



मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास विभाग

## राज्यमंत्री

नरेंद्र शिवाजी पटेल



लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग

प्रतिमा बागरी



नगरीय विकास एवं आवास विभाग

दिलीप अहिरवार



वन एवं पर्यावरण विभाग

राधा सिंह



पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग

### बोले सीएम यादव...

#### हम सब पूरी ताकत व ऊर्जा से मप्र को ऊंचाई पर पहुंचाएंगे

*खंडवा के सिंगाजी समाधि स्थल पर पहुंचे मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने पत्रकारों के सवालों के जवाब देते हुए कहा कि मंत्रिमंडल के गठन के बाद मंत्रियों को विभागों का बंटवारा कर दिया है। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि आने वाले दिनों में पूरी ताकत एवं ऊर्जा के साथ काम करके मध्य प्रदेश को ऊंचाई पर पहुंचाने का काम करेंगे। हम सबका प्रयास होगा कि राज्य को नई ऊंचाई तक पहुंचाएं। उधर, मुख्यमंत्री डॉ. यादव के दौरे को लेकर पुलिस व प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे हुए थे। इंदौर संभागायुक्त व आईजी ने मुख्यमंत्री के हनुवंतिया पहुंचने पर स्वागत किया। मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर सुरक्षा के सख्त इंतजाम किए गए हैं।*

### पटेल को मिला हेवीवेट विभाग

प्रह्लाद सिंह पटेल को पंचायत एवं ग्रामीण विकास, श्रम विभाग की जवाबदारी दी गई है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग का बजट अकेले करीब 25 हजार करोड़ रुपए से अधिक है। ऐसे में इतने बड़े विभाग की जिम्मेदारी वरिष्ठता को ध्यान में रखकर किया गया है।

### राकेश को पीडब्ल्यूडी और उदयप्रताप को परिवहन व स्कूल शिक्षा

राकेश सिंह को लोक निर्माण विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। पहले यह विभाग वरिष्ठ नेता गोपाल भार्गव के पास था। करण सिंह वर्मा को राजस्व विभाग मिला है। वे इस विभाग के पहले भी मंत्री रह चुके हैं। उदय प्रताप सिंह को परिवहन व स्कूल शिक्षा विभाग दिया गया है।

**सारंग को खेल-युवा व सहकारिता**

विश्वास सारंग को खेल एवं युवा कल्याण विभाग के साथ ही सहकारिता भी दिया गया है। इससे पहले उनके पास पिछली सरकार में भी यह विभाग था। इस बार भी उन्हें यही विभाग दिया गया है। नारायण सिंह कुशवाह को सामाजिक न्याय एवं दिव्यांग जन कल्याण, उद्यानिकी व खाद्य प्रसंस्करण विभाग दिया गया है। वे इससे पहले गृह राज्य मंत्री रह चुके हैं।

### इंदर सिंह परमार को उच्च शिक्षा

राकेश शुक्ला को नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। चेतन काश्यप को सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग दिया गया है। पिछली बार यह विभाग मालवा के ही वरिष्ठ नेता ओमप्रकाश सखलेचा के पास था। इंदर सिंह परमार को उच्च शिक्षा, आयुष, तकनीकी शिक्षा व कौशल शिक्षा एवं रोजगार (केवल तकनीकी शिक्षा) विभाग दिया गया है। उनके पास पहले स्कूल शिक्षा की जवाबदारी थी।

**हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल**

मोहन कैबिनेट के सभी 31 मंत्रियों को आखिरकार विभाग बांट दिए गए। विभागों के बंटवारे में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वही सब किया, जैसा मंत्रिमंडल के गठन में किया था।

उन्होंने वरिष्ठता के साथ क्षेत्रीय व जातीय संतुलन को भी ध्यान में रखा है। पुराने नेताओं को बड़े विभाग दिए हैं। जबकि, नए मंत्रियों को उसी अनुसार विभाग दिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने खुद अपने पास सामान्य प्रशासन, गृह, जेल, औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन, जनसंपर्क, नर्मदा घाटी विकास, विमानन, खनिज साधन, लोक सेवा प्रबंधन, प्रवासी भारतीय समेत ऐसे समस्त विभाग अपने पास रखे हैं। उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा को वित्त, वाणिज्यिक कर, योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी दिया गया है। यह विभाग उनके पास पिछले कार्यकाल में भी रहा है। उनके अनुभव व कार्य कुशलता को देखते हुए फिर से वहीं विभाग दिए गए हैं। उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल को लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा विभाग का दायित्व दिया गया है। मंत्री कुंवर विजय शाह को जनजातीय कार्य, लोक परिसंपत्ति प्रबंधन, भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास विभाग की जिम्मेदारी दी है। इससे पहले उनके पास वन विभाग का दायित्व था।


inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### मनोज गुप्ता बने अपेक्स बैंक के एमडी

**भोपाल।** राज्य शासन ने सहकारिता विभाग इंदौर में पदस्थ संयुक्त पंजीयक (न्यायिक) मनोज गुप्ता को अपेक्स बैंक के एमडी के पद पर पदस्थ किया है। अभी तक अपेक्स बैंक के एमडी के पद पर पीएस तिवारी पदस्थ थे। वे 31 दिसंबर को सेवानिवृत्ति हो रहे हैं। उनकी सेवानिवृत्ति के बाद गुप्ता एमडी का पद संभालेंगे।

### जतारा बीएमओ ने गोली मारकर की खुदकुशी



**टीकमगढ़।** जतारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में पदस्थ ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. सुरेश शर्मा ने गांधी ग्राम के पास स्थित अपने ही निवास पर स्वयं की 315 बोर की लायसेंसी बंदूक से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। कारणों का पता नहीं चला।

## ऑटो के परखच्चे उड़ गए .....



# डंपर ने ऑटो को उड़ाया, 4 की मौत, 2 की हालत नाजुक

**सीएम ने की आर्थिक सहायता की घोषणा**

**हरिभूमि न्यूज ⏭ सीधी**

शनिवार की दोपहर एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। एक तेज रफ्तार हाइवा(डंपर) और ऑटो की जोरदार भिड़ंत में एक मासूम समेत 4 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई।

मृतको के परिजनों को 2-2 लाख एवं घायलों को 50-50 हजार की सहायता का ऐलान सीएम डॉ. मोहन यादव ने किया है। ऑटो में कुल 7 लोग सवार थे जिसमे 2 लोग बुरी तरह से घायल हो गए हैं। घटना के बाद आक्रोशित भीड़ और पुलिस के बीच नोकझोक भी हुई। पुलिस ने आक्रोशित भीड़ को शांत कराया। हादसा शनिवार की दोपहर सीधी जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच 39 के ग्राम शिपुरवा पर हुआ।

बताया जा रहा है की ऑटो सीधी से शिपुरवा की तरफ जा रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार हाइवा ने ऑटो को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर से ऑटो के परखच्चे उड़ गए। हादसे में ऑटो सवार 4 लोगों की मौत हो गई जिसमें एक 8 वर्षीय मासूम भी शामिल है।

### आक्रोशित लोगों की पुलिस से हुई झड़प

हादसे में 2 लोग बुरी तरह से घायल हो गए हैं। घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस की एक टीम तत्काल मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया। मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। सड़क घटना के बाद आक्रोशित लोगों और पुलिस के बीच नोकझोक ⏩ शेष पेज 4 पर

### सीएम ने ओंकारेश्वर से प्रवाहित होने वाली मां नर्मदा की विधि-विधान से पूजा-अर्चना भी की

**हनुवंतिया टापू पर किया रात्रि विश्राम**

# सीएम यादव हनुवंतिया पहुंचे, वहां से खंडवा पहुंच संत सिंगाजी समाधि स्थल के किए दर्शन

**हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव नई दिल्ली से लौटने के तत्काल बाद शनिवार को खंडवा जिले के प्रमुख पर्यटन स्थल हनुवंतिया टापू पहुंच गए।

वे एक दिन पहले ही विभागों के बंटवारे समेत अन्य मुद्दों को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह व भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मिलने नई दिल्ली गए थे। उन्होंने शुक्रवार को



रात्रि विश्राम भी वहीं किया। नई दिल्ली से लौटने के कुछ देर बाद ही वे हनुवंतिया के लिए निकल गए। मुख्यमंत्री ने रात्रि विश्राम हनुवंतिया में ही किया। सबसे पहले मुख्यमंत्री डॉ. यादव खंडवा में सिंगाजी समाधि स्थल पहुंचे। वहां उन्होंने संत श्री के समाधि स्थल का दर्शन कर पूजन-अर्चन किया। इसी दौरान उन्होंने ओंकारेश्वर से प्रवाहित होने वाली मां नर्मदा की विधि-विधान से पूजा-अर्चना भी की।




हरिभूमि
# भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 31 दिसंबर 2023

2 देश के कई राज्यों की पोशाकों को रैंप वॉक के...

3 सीधी-सिंगरौली हाइवे पर उन्नत गोपद पुल...


7 से एक और नए सिस्टम से प्रदेश में बरसेंगे ओले-बारिश

# कल से 4 जनवरी तक भोपाल सहित रीवा, सागर, शहडोल में बादल के साथ बारिश का रुक-रुककर रहेगा असर, फिर पूर्वी मप्र की ओर बढ़ेगा

पश्चिमी विक्षोभ अब पाकिस्तान में पहुंच कर साइक्लोनिक सकुर्लेशन में बदला, एक ट्रफ भी बनी, राजस्थान में बना चक्रवात करेगा कल से प्रदेश में बारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेश के आधा दर्जन जिलों में रविवार देर रात से मौसम तेजी से बदलेगा। इससे बादल, बारिश के साथ ही कुछ अन्य इलाकों में कोहरे का असर बढ़ेगा। यह क्रम 4 जनवरी तक चलेगा। इसके बाद 7 जनवरी तक सर्दी बढ़ेगी। इधर, 7 जनवरी को ही एक नया पश्चिमी विक्षोभ प्रदेश में एंट्री लेगा, जो बेहद मजबूत पश्चिमी विक्षोभ प्रदेश में तेज बारिश, ओले गिराएगा, जिससे फसलों को भी नुकसान हो सकता है।

7 से 15 जनवरी के बीच प्रदेश में ओले, बारिश, सर्दी और कोहरा कहर बरपाएंगे

### अरब सागर से मिल रही नमी

मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला ने बताया कि अभी अरब सागर में एक लो प्रेशर एरिया बना है, जिससे नमी मिल रही है। यह 31 दिसंबर को मौसम में बदलाव करेगी। अभी सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ अब पाकिस्तान में पहुंच कर साइक्लोनिक सकुर्लेशन में बदल गया है। इसके साथ ही एक ट्रफ लाइन भी बनी हुई है। शनिवार को खजुराहो, नौगांव में सीवियर कोल्ड डे रहा। खजुराहो में दिन का पारा प्रदेश में सबसे कम 13 डिग्री रहा, जो सामान्य से 11 डिग्री कम है। दतिया, गुना, ग्वालियर, शिवपुरी आदि शहरों में भी कोल्ड डे रहा है।

## कोहरे का असरः वंदेभारत 23,शताब्दी 5 घंटे देर से भोपाल पहुंची

भोपाल। दिल्ली सहित उत्तर भारत में इन दिनों काफी कोहरा पड़ रहा है। इससे पिछले 15 दिन से ट्रेनों का देरी से आने का सिलसिला जारी है। शनिवार को भोपाल आने वाली करीब दो दर्जन ट्रेनें 45 मिनट से 23 घंटे तक की देरी से आईं। जिसमें हाईस्पीड ट्रेनों में शुमार वंदेभारत एक्सप्रेस 23 घंटे की देरी से आई तो वहीं शताब्दी एक्सप्रेस 4:47 घंटे की देरी पहुंची। यह ट्रेन पिछले तीन दिनों से लगातार देरी से आ रही है। तो वहीं कई घंटों तक लेट होने के चलते यात्रियों को मजबूरी में टिकट निरस्त कराकर फ्लाइट में कई गुना किराया चुकाकर सफर करना पड़ रहा है। शुक्रवार व शनिवार को करीब 300 यात्रियों ने अपने टिकट निरस्त कराए हैं।

शताब्दी एक्सप्रेस को किया री-शेड्यूल,300 से अधिक ने कराए टिकट निरस्त


भोपाल। राजधानी में शनिवार को दिनभर धूप खिली रही।

### यह ट्रेनें आई देरी से

12191 श्रीधाम एक्सप्रेस 4:20 घंटे
11058 अमृतसर एक्स. 7.55 घंटे
18238 छतीसगढ़ एक्स. 8:15 घंटे
12920 मालवा एक्सप्रेस 7:25 घंटे
12002 शताब्दी एक्सप्रेस 4:47 घंटे
12626 केरला एक्सप्रेस 17.30 घंटे
12722 दक्षिण एक्सप्रेस 5.34 घंटे
12622 तमिलनाडु एक्स. 12:30 घंटे
12628 कर्नाटक एक्स. 13: 53 घंटे

बीआरटीएस हटाने का प्लान तैयार, सीएस को सौंपी रिपोर्ट, कल सीएम को रिपोर्ट सौंपेंगी सीएस

# नए साल के पहले दिन तय होगा पहले बैरागढ़ का बीआरटीएस टूटेगा या होशंगाबाद रोड का

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बस रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (बीआरटीएस) को हटाने के लिए प्लान तैयार कर सीएस को सौंप दिया गया है। सोमवार को सीएस इस प्लान की समीक्षा कर सीएम को सौपेंगी। नगर निगम व जिला प्रशासन के अनुसार बीआरटीएस तोड़ने का प्लान तैयार हो चुका है, इस पर सीएस के साथ अंतिम निर्णय सोमवार को होगा।

बीआरटीएस तोड़ने के प्लान के अनुसार पहला हिस्सा बैरागढ़(संत हिरदाराम नगर) और दूसरा होशंगाबाद रोड पर है। पहले बैरागढ़ या होशंगाबाद रोड की बीआरटीएस तोड़ा जाएगा, उसके बारे में जानकारी भी सोमवार को ही मिलेगी। इन दोनों बीआरटीएस के टूटने के बाद तीसरा हिस्सा कमला पार्क, रोशनपुरा, कोहेफिजा एरिया का है। यहां से भी बीआरटीएस कॉरिडोर गुजरा है। इस प्लान को शनिवार को मुख्य सचिव वीरा राणा को सौंप दिया गया। इसके लिए मीटिंग भी बुलाई गई थी। प्लान को लेकर पहले अधिकारी पूरी तरह से संतुष्ट होने के बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सामने पूरा प्लान रखेंगे।

### खास बातें

- कल मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सामने पूरा प्लान रखेंगे अधिकारी, फिर लिया जाएगा इस पर निर्णय



### होशंगाबाद रोड पर भी बनेगा एलीवेटेड कॉरिडोर

होशंगाबाद रोड पर भी एलीवेटेड कॉरिडोर बनाया जाना प्रस्तावित है, लेकिन इसमें समय लग सकता है। इसलिए यहां पर बीआरटीएस को हटाकर टेम्प्रेरी इंतजाम किए जा सकते हैं। जिला प्रशासन और नगर निगम के प्लान में यहां ऐसे डिवाइडर का उपयोग करना बताया गया है, जिन्हें एलीवेटेड के निर्माण के दौरान हटाकर दूसरे स्थान पर भी उपयोग किया जा सकता है। यहां पर बीच में लाइटिंग की जाएगी। जिसमें होने वाले खर्च को रखा जाएगा।

### तीसरे हिस्से के लिए कोई दिक्कत नहीं

बैरागढ़ और होशंगाबाद रोड को छोड़ दिया जाए तो बाकी हिस्सा कोहेफिजा, कमला पार्क, रोशनपुरा, पॉलीटेक्निक चौराहा आदि जगहों से गुजरा है। यहां भविष्य में कोई निर्माण कार्य प्रस्तावित नहीं है। इसलिए यहां के लिए विस्तृत प्लान है। इसे हटाने में भी आसानी रहेगी।

### 48 बस स्टॉप हटेंगे

संत हिरदाराम नगर से मिसरोद तक बीआरटीएस कॉरिडोर की कुल लंबाई करीब 24 किमी है। इसमें बने 48 से अधिक बस स्टॉप भी हटेंगे। सिटी बसें बंद नहीं होंगी, वे दोनों लेन पर दौड़ेंगी। बीआरटीएस कॉरिडोर 13 साल पहले कुल 360 करोड़ रुपए में बना था।

### कॉरिडोर की वजह से ये परेशानियां

कॉरिडोर से सिर्फ सिटी बसें ही गुजरती हैं। दूसरी गाड़ियां नहीं निकल पातीं। इस कारण दोनों ओर वाहनों के जाम की स्थिति बन रही है। यदि मिनी बसें या अन्य गाड़ियां कनेक्ट होती तो जाम की स्थिति नहीं बनती।

### बैठकों का दौर जारी, प्लान फाइनल किया

मंत्रालय में हुई बैठक के दौरान मुख्यमंत्री डॉण् यादव ने मंगलवार को बीआरटीएस कॉरिडोर हटाने का निर्णय लिया था। अगले तीन दिन में मुख्यमंत्री ने सीएस से विस्तृत प्लान मांगा था। इसमें यह बताना है कि कॉरिडोर हटाया कैसे जाएगा के साथ ही अन्य काम दर्शाना है। इसकी डेटलाइन शुक्रवार को खत्म हो गई। इस प्लान को शुक्रवार को होने वाली मीटिंग में रखा जाना थाए लेकिन मुख्यमंत्री के नहीं होने से यह मीटिंग कैंसिल हो गई। इसलिए अब शनिवार को मुख्य सचिव के साथ बैठक हुई।

### रिपोर्ट तैयार हो गई है

बीआरटीएस को लेकर रिपोर्ट तैयार हो गई है, इस पर सीएस सोमवार को प्रेजेंटेशन देखेंगी। उसके बाद ही कोई निर्णय होगा।

**फ्रेंक नोबल ए**, कमिश्नर नगर निगम

## तीसरे दिन जांचीं 48 बसें, एक बस बिना फिटनेस मिली,जब्त



भोपाल। गुना बस हादसे के बाद से भोपाल में निरंतर बसों का चेकिंग अभियान चल रहा है। तीसरे दिन शनिवार को बैरसिया रोड ईंटखेड़ी के आगे और ब्यावरा रोड पर आरटीओ संजय तिवारी ने बसों को जांचा। दोनों स्थानों पर 48 बसों की जांच की गई।

चेकिंग अभियान की शुरूआत बैरसिया रोड से हुई। एक बस बिना फिटनेस के चलती हुई मिली, जिसे तत्काल प्रभाव से जब्त कर नजदीकी थाना में खड़ी कराई। एक दर्जन से अधिक बसें परमिट शर्तों की उल्लघंन,साइड ग्लास नहीं लगे होने, टायर घिसे, फर्स्ट एंड बाक्स में प्राथमिक उपचार के लिए दवाएं व मरहम पट्टी नहीं मिली। अग्निशमन यंत्र लगे नहीं मिले। जिनमें लगे थे, वो खाली थे। बसों की सीटों अपनी मनमर्जी से बढ़ाई गई थीं। पीछे के प्रवेश द्वार बंद था, जिसमें सीट लगी हुई थी। ऐसी छोटी-छोटी तमाम खामियों को देख आरटीओ तिवारी ने श्मन शुल्क लिया। उक्त बसों से 44 रुपये का श्मन शुल्क वसूला गया। साथ ही खमियां जल्द दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए।

चलती कक्षा में छत का प्लास्टर गिरने का मामला

## निरीक्षण के लिए टीम पहुंची स्कूल, कल सौंपेगी रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के शाहजहांनाबाद की रामनगर कॉलोनी स्थित शासकीय माध्यमिक शाला में बीते शुक्रवार एक कक्षा में छत का प्लास्टर गिरने के मामले में हड़कंप मचा हुआ है।

मामले में जांच के लिए जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा बनाई गई टीम शनिवार को स्कूल पहुंची। इस दौरान टीम ने शिक्षकों और बच्चों से चर्चा करने के साथ ही पूरे स्कूल परिसर का निरीक्षण किया। इस टीम में डीपीसी आरके यादव, सहायक संचालक एनके अहिरवार, बीईओ फंदा आरएन श्रीवास्त्री सहित अन्य शामिल हैa। जिला परियोजना समन्वयक आरके यादव ने बताया कि टीम द्वारा स्कूल का निरीक्षण किया गया है। यह भवन 2006 में बनाया गया था। छत का प्लास्टर कैंसे गिरा और स्कूल में क्या मरम्मत की जरूरत है, इसके लिए इंजीनियर टीम द्वारा भी निरीक्षण किया जा रहा है। जिला स्तर पर बनाई गई टीम द्वारा निरीक्षण किया गया है। सोमवार को जिला शिक्षा अधिकारी को इसकी रिपोर्ट सौंपी जाएगी।

### यह है पूरा मामला

*राजधानी के शाहजहांनाबाद की रामनगर कॉलोनी स्थित शासकीय माध्यमिक शाला में बीते शुक्रवार एक कक्षा में छत का प्लास्टर गिर गया था। इस दौरान यहां कक्षा चैथी और पांचवी के करीब 17 बच्चे पढ़ाई कर रहे थे और एक शिक्षिका मौजूद थी। इस हादसे में शिक्षिका और दो बच्चे घायल हो गए, जिन्हे तत्काल इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल ले जा गया। वहीं कुछ अन्य बच्चों को भी मामूली चोट आई थी।*

### जगह-जगह सीलन, जर्जर रूम कराया बंद

छत का प्लास्टर गिरने वाले कमरे को फिलहाल बंद करा दिया गया। वहीं स्कूल में कुछ अन्य कक्षाओं की छत से पानी बैठ रहा है। वहीं दीवारों पर लंबे समय से सीलन है। स्कूल के टीचर्स के अनुसार स्कूल के प्रथम तल पर भी पहले कक्षाएं लगाई जाती थीं, मगर जर्जर हालत को देखते हुए साल भर पहले ही सभी कक्षाओं को नीचे शिफ्ट कर दिया गया। अब नीचे के कमरों में ही कक्षाएं लगाई जा रहीं हैं। प्राचार्य के कमरे की हालत की बात की जाए तो यहां छत से पानी रिसता है दीवारों में भी सीलन है, हालांकि इसका काम हाल ही में करवाया गया था। सातवीं कक्षा की दीवारें व छत पूरी तरह खराब हैं।

## रविवार को भी खुले रहेंगे सभी जोन, वार्ड कार्यालय व नागरिक सुविधा केंद्र

भोपाल। नगर निगम के सभी जोन व वार्ड कार्यालयों के साथ ही नागरिक सुविधा केंद्र रविवार 31 दिसम्बर को भी खुले रहेंगे। निगम अधिकारियों के अनुसार अधिक से अधिक करदाता सम्पत्तिकर का भुगतान कर सकें, इसलिए सभी कार्यालय सुबह से देर शाम तक खुले रहेंगे। नगर निगम अधिकारियों ने सभी बकायादारों से अपील की है कि 1 जनवरी 2024 से संपत्तिकर पर तीन प्रतिशत अधिभार लगेगा।

- 1 जनवरी से लगेगा संपत्तिकर में 3% अधिभार

निगम प्रशासन ने अपील की है कि करदाता अपने सम्पत्तिकर का भुगतान 31 दिसम्बर रविवार को अवश्य करें और 1 जनवरी से लगने वाले 3 प्रतिशत अधिभार से बचें। निगम आयुक्त फ्रैंक नोबल ए ने निर्देशित किया है कि शत प्रतिशत राजस्व वसूली सुनिश्चित की जाए और नागरिकों को करों की अदायगी में हर संभव सुविधा प्रदान की जाए। निगम द्वारा करदाताओं को करों की अदायगी की सुविधा के दृष्टिगत किसी भी वार्ड क्षेत्र का कर किसी अन्य वार्ड कार्यालय या नागरिक सुविधा केन्द्र में जमा कराने की सुविधा दी गई है। करदाता अपने करों का भुगतान ऑन लाईन भी कर सकते है।

ठेकेदार ने जमा नहीं की समय अवधि बढ़ाने की फीस, रेलवे ने ठेका किया निरस्त, नए की प्रक्रिया शुरू

यात्रियों को सड़कों या दो से तीन किमी का चक्कर लगाकर एक नंबर प्लेटफार्म की ओर जाना पड़ रहा

# भोपाल रेलवे स्टेशन के 6 नंबर की चार पहिया वाहनों की पार्किंग अचानक बंद, लोगों की छूट रहीं रोज ट्रेनें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल स्टेशन पर 28 दिसंबर को प्लेटफॉर्म नं. 6 की ओर चार पहिया वाहनों की पार्किंग अचानक बंद कर दी गई। इससे 50 से ज्यादा यात्रियों की ट्रेनें छूट गई थीं तो वहीं दो दिनों से पार्किंग की कोई वैकल्पिक व्यवस्था न होने से कुछ लोग स्टेशन के आसपास की गलियों व स्टेशन के सामने सड़कों पर ही गाड़ी पार्क करने को मजबूर हैं।

कई ऐसे लोगों की ट्रेनें वाहन पार्किंग करने की जगह तलाश की वजह से छूट रही हैं तो वहीं कई लोग स्टेशन से वापिस लौटने को मजबूर हैं। रेलवे सूत्रों के अनुसार ठेकेदार द्वारा पार्किंग ठेके की समय अवधि बढ़ाने को लेकर जो फीस जमा कराई जाती है। वह जमा नहीं कराई। इसके चलते रेलवे ने ठेका निरस्त कर दिया है। साथ ही नए तरीके से ठेका देने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।



### सड़कों पर पार्क की गई गाड़ी को यातायात पुलिस की क्रेन ले गई उठाकर

वहीं 28 दिसंबर को भोपाल स्टेशन ट्रेन में सफर करने वाले कुछ यात्रियों को जब यहां पहुंचने पर पार्किंग बंद होने की जानकारी लगने के बाद वह अपनी गाड़ी सड़क पर पार्क करके चले गए थे। जिनकी गाड़ी यातायात पुलिस क्रेन से उठा लेकर चली गई। कुछ यात्री दूसरे दिन यानी 29 दिसंबर को वापिस लौटे,तब उन्होंने गाड़ी तलाशते नजर आए तो पता चला की गई पुलिस ले गई तो वहीं यात्रियों को खुद का सामान उठाकर प्लेटफॉर्म तक लाना पड़ा रहा, जिससे भी उनको परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### सड़क किनारे गाड़ी की पार्क

शुक्रवार रात करीब 10:30 बजे मथुरा जाने के लिए परिजनों के साथ स्टेशन पहुंचा था। जब प्लेटफॉर्म नंबर 6 की ओर पार्किंग में अपनी कार पार्क करने पहुंचा तो पता चला कि पार्किंग बंद हैं। कुछ देर यहां वहां जगह तलाश की, लेकिन जगह नहीं मिली। जब तक एक नंबर की ओर पहुंचा। तब तक ट्रेन छूट गई थी।

**शैलेन्द्र शर्मा**, निवासी, करोंद क्षेत्र

### न कोई डिस्प्ले, न ही सूचना

मैं हर दिन व्यापार के सिलसिले में बीना जाता हूं। शनिवार सुबह कार से पहुंचा तो देखा कि कार पार्किंग बंद थी। रेलवे प्रशासन को अगर पार्किंग बंद करना थी तो वैकल्पिक इंतजाम करना चाहिए थे। डिस्प्ले बोर्ड लगाकर जानकारी देना थी। अनाउंसमेंट कराना था। परेशान होकर पास में सड़क पर गाड़ी पार्क करनी पड़ी।

**राहुल सक्सेना**, करोंद निवासी

### ठेका निरस्त हो गया है...

पार्किंग ठेका की अवधि पूरी होने के बाद पुराने ठेका निरस्त हो गया है। रेलवे ने नए तरीके से ठेके की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

**नवल अग्रवाल**
एसीएम, भोपाल रेल मंडल

हथकड़ी समेत भागा बंदी, कोहेफिजा पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

## हत्या के प्रयास में सजा काट रहा बंदी हमीदिया के एक्सरे रूम से फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हमीदिया अस्पताल में इलाज कराने पहुंचा हत्या के प्रयास का बंदी, जेल प्रहरी को चकमा देकर हथकड़ी समेत भाग निकला। उसे हत्या के प्रयास में कोर्ट ने सात साल की सजा सुनाई थी। तबीयत बिगड़ने पर जेल की गार्ड उसे हमीदिया अस्पताल लेकर पहुंची थी। शनिवार सुबह करीब साढ़े 11 बजे वह हथकड़ी समेत भाग गया। कोहेफिजा पुलिस ने आरोपी पर प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।



पुलिस के अनुसार नदीम खान (26) पुल बोगदा स्थित फायर स्टेशन के पास जहांगीराबाद का रहने वाला है। उसके खिलाफ करीब डेढ़ दर्जन अपराध दर्ज हैं। अक्टूबर 2023 में कोर्ट ने उसे जानलेवा हमला करने के मामले में 7 साल की सजा सुनाई थी। वह केंद्रीय जेल में सजा काट रहा था। नदीम के हाथ का ऑपरेशन हुआ है। हाथ में रॉड है। पिछले कुछ दिन से उसके हाथ में दर्द हो रहा था। जेल के डॉक्टर ने उसे हमीदिय अस्पताल में इलाज करवाने की सलाह दी थी। शनिवार को नदीम 6 अन्य पुरुष और एक महिला बंदी के साथ हमीदिया अस्पताल पहुंचा था। यहां जेल प्रहरी दीपेश इंगले उसके साथ था। सुबह साढ़े 11 बजे इंगले नदीम को एक्सरे रूम के पास लेकर पहुंचा। वहां से बंदी की अपनी रिपोर्ट लेनी थी।

### बातों में उलझा प्रहरी और बंदी भाग निकला

एक्सरे रूम के गेट के पास पहुंचते ही दीपक अंदर बैठे डॉक्टर से बातचीत करने लगा, तभी मौका मिलते ही नदीम हथकड़ी समेत मौके से भाग निकला। हमीदिया अस्पताल परिसर में उसकी तलाश की, लेकिन कुछ पता नहीं चला। बंदी के भागने के बाद जेल प्रहरी ने इसकी जानकारी प्रभारी प्रहरी दिनेश कुमरे को दी। इसके बाद कोहेफिजा थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई गई।

स्पीड रडार गन और ब्रीथ एनॉलाइजर से तैनात पुलिसकर्मी करेंगे जांच

पुलिस ने की शांतिपूर्वक नए साल का स्वागत करने की अपील

# आज नववर्ष की पूर्व संध्या पर 100 से ज्यादा स्थानों पर पुलिस चैकिंग, हुड़दंग मचाया तो हवालात में मनाना पड़ेगा नया साल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नववर्ष की पूर्व संध्या पर रविवार की शाम से ही पुलिस सड़कों पर तैनात रहेगी। इस दौरान 100 से ज्यादा स्थानों पर चैकिंग पाइंट्स लगाकर वाहनों की चैकिंग की जाएगी।

इसके साथ ही स्पीड राडार गन और ब्रीथ एनालाइजर से लोगों की जांच की जाएगी। इसके लिए 500 पुलिस कर्मचारियों का अतिरिक्त बल भी तैनात किया जाएगा। पुलिस अफसरों ने आमजनता से अपील की है कि वह अपने परिवार के साथ नए साल का स्वागत करें और शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखें। सड़क पर किसी प्रकार का हुड़दंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

दरअसल नए साल का जश्न मनाने के लिए लोगों ने हर प्रकार की तैयारी पूरी कर ली है। इसके साथ ही पुलिस ने शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए अपनी तैयारी भी कर रखी है। पुलिस ने आम जनता से अनुरोध किया है कि वह किसी प्रकार के ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन नहीं करे। वाहन चलाते समय किसी भी प्रकार के नशे के सेवन नहीं करें। वाहनों को निर्धारित गति सीमा में ही चलाएं और सड़क पर स्टंटबाजी नहीं करें। साथ ही हुड़दंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

### रात 10 बजे के बाद नहीं बजेंगे लाउडस्पीकर, समय पर बंद होंगे रेस्टॉरेंट

पुलिस ने बताया कि रविवार की शाम 6 बजे से शहर में 100 से ज्यादा स्थानों पर पाइंट्स लगाकर वाहनों की चैकिंग की जाएगी जो रात करीब 2 बजे तक लगातार जारी रहेगी। इसके बाद भी पुलिस की सड़क पर मौजूदगी रहेगी। इस दौरान स्पीडा राडार गन, ब्रीथ एनॉलाइजर से जांच की जाएगी।



इंटरसेप्टर वाहन भी रफ्तार पर अपनी नजर रखेगा। रात दस बजे के बाद लाउडस्पीकर नहीं बजाए जाएंगे। होटल-ढाबे और रेस्टारेंट भी अपने समय पर ही बंद होंगे। नए साल का जश्न अपने परिवार और मित्रों के बीच उल्लास के साथ मनाने की अपील अफसरों ने की है।

## एमपीपीएससी : मुख्य परीक्षा 8 जनवरी से

भोपाल। मध्य प्रदेश राज्य लोक सेवा आयोग (एमपीपीएससी) की राज्य सेवा मुख्य परीक्षा 8 से 13 जनवरी तक आयोजित की जा रही हैं। यह परीक्षा एक पाली में सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक होंगी। परीक्षा प्रदेश के 10 संभागीय और जिला मुख्यालय के परीक्षा केंद्रों पर आयोजित होगी। इनमें इंदौर, भोपाल, जबलपुर, ग्वालियर, छिंदवाड़ा, रतलाम, सतना, सागर, शहडोल और बड़वानी शामिल हैं। परीक्षाओं के संबंध में मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा इन स्थानों के संभाग आयुक्त और कलेक्टरों को निर्देश जारी किए गए हैं।

भोपाल
रविवार, 31 दिसंबर 2023
पौष मास कृष्ण पक्ष-04
वर्ष : 10, अंक : 284
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 26
न्यून. 14

# हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

## राम के द्वार 'सरकार'

### अयोध्या में पीएम मोदी के 15 किमी लंबे रोड शो में पुष्प वर्षा, शंखनाद व डमरू बजाकर स्वागत, जय श्री-राम के उद्घोष

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

पीएम नरेंद्र मोदी 22 जनवरी के श्री रामलला प्राण-प्रतिष्ठा समारोह से पूर्व शनिवार को अयोध्या पहुंचे। वहां अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन पर उन्होंने 6 वंदे भारत और 2 अमृत भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई। अमृत भारत ट्रेन शनिवार से शुरू हो गई। उन्होंने अयोध्या धाम जंक्शन रेलवे स्टेशन को भी लोकार्पित किया। पीएम मोदी ने अयोध्या में एयरपोर्ट का भी उद्घाटन किया। यह एयरपोर्ट अंतरराष्ट्रीय है।

इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और नागरिक विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया भी उनके साथ मौजूद रहे। पीएम ने यहां जनता के लिए सौगातों का पिटारा खोल दिया। मोदी ने 15,700 करोड़ रुपए से अधिक की केंद्र व राज्य सरकार की 46 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। उनके दौरे को लेकर जनता में काफी उत्साह दिखाई दिया। लोगों ने पीएम का भव्य तरीके से स्वागत किया। एयरपोर्ट से प्रधानमंत्री का काफिला जैसे ही निकला तो सड़क के दोनों तरफ लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। पीएम भी सभी ▶▶ शेष पेज 4 पर

### रोड-शो के बाद पीएम मोदी ने की 140 करोड़ देशवासियों से अपील

# 22 जनवरी को घरों में श्रीराम ज्योति जलाएं और मकर संक्रांति से देश के हर मंदिर में स्वच्छता अभियान चलाएं



अयोध्या के निवासियों से पीएम ने की अपील- अब अयोध्या में बरसों तक देश-दुनिया के लोग आएंगे। आपको अयोध्या को स्वच्छतम शहर बनाना है। इसके लिए अभी से सब जुट जाएं

पीएम ने कहा कि आजादी के आंदोलन से जुड़े ऐसे पावन दिवस पर आज हम आजादी के अमृतकाल के संकल्प को आगे बढ़ा रहे हैं। आज विकसित भारत के निर्माण को गति देने के अभियान को अयोध्या नगरी से नई ऊर्जा मिल रही है

अत्याधुनिक अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन व अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट की सौगात दी, 6 वंदे भारत व 2 अमृत भारत ट्रेनों को दिखाई हरी झंडी

15,700 करोड़ रुपए से अधिक की केंद्र व राज्य सरकार की 46 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया



और, क्या बोले पीएम

### ये 'त्रिशक्ति' भारतीय रेलवे का कायाकल्प करने जा रही

आज आधुनिक रेलवे निर्माण की तरफ एक और बड़ा कदम देश ने उठाया है। वंदे भारत और नमो भारत के बाद एक और आधुनिक ट्रेन देश को मिली है। इस नई ट्रेन का नाम अमृत भारत ट्रेन रखा गया है। वंदे भारत, नमो भारत और अमृत भारत ट्रेनों की ये त्रिशक्ति भारतीय रेलवे का कायाकल्प करने जा रही है।

### रामभक्तों से बोले मोदी

### *22 जनवरी को आप न आएं अयोध्या साढ़े पांच सौ साल इंतजार किया, कुछ दिन और सही*

*पीएम ने राम भक्तों से भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा पर 22 जनवरी को अयोध्या न आने की अपील की। हर किसी की इच्छा है कि 22 जनवरी को होने वाले आयोजन का साक्षी बनने के लिए वे स्वयं अयोध्या आएं। पर सुरक्षा कारणों व व्यवस्थाओं के लिहाज से कुछ ही लोगों को न्योता गया है। पीएम ने कहा कि आप भी जानते हैं कि हर किसी का आना संभव नहीं है। सभी राम भक्तों को, विशेषकर उत्तर प्रदेश के राम भक्तों को, मेरी हाथ जोड़कर प्रार्थना है कि 22 जनवरी को एक बार विधि पूर्वक कार्यक्रम हो जाने के बाद, 23 तारीख के बाद अपनी सुविधा के अनुसार वे अयोध्या आएं। प्रभु श्रीराम आ रहे हैं, तो हम उनके दर्शनों के लिए इंतजार करें। 550 साल इंतजार किया है, कुछ दिन और इंतजार कीजिए।*

### उज्ज्वला की 10 करोड़ वीं लाभार्थी के घर पहुंचे पीएम

## मीरा मांझी ने चाय पिलाई, बोले मोदी-थोड़ी मीठी कर दी

राम मंदिर जाने से पहले पीएम मोदी एक दलित परिवार के घर गए। यहां उन्होंने चाय भी पी। ये परिवार उज्ज्वला योजना का 10करोड़ वां लाभार्थी है। मीरा मांझी के घर पीएम मोदी अचानक ही पहुंच गए। यह देख पूरी बस्ती के लोग हैरान रह गए। पीएम मोदी अयोध्या के राजघाट इलाके के कंधरपुर की गली में पहुंचे । वे मीरा मांझी के घर आए, चाय पी और कहा कि मैं भी चाय वाला हूं। प्रधानमंत्री ने चाय पीकर कहा कि थोड़ी मीठी कर दी है। पीएम यहां करीब 20 मिनट रुके। उन्होंने मीरा के बच्चों से, पति और सास-ससुर से बात की। इससे पहले पीएम मोदी ने मीरा से पूछा कि आज क्या बनाया है? मीरा ने कहा- दाल-चावल और सब्जी पकाई है। चाय भी बनाई है। पीएम मोदी ने ठंड में चाय पिलाने के लिए कहा। साथ ही बच्चों को प्यार भी किया। इस मौके पर पीएम मोदी ने निषाद परिवार को अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह में 22 जनवरी को आने का न्योता भी दिया।





### मेरे घर में तो भगवान आ गए: मीरा

मीरा ने कहा कि मुझे बहुत खुशी है। मेरे घर तो भगवान आ गए। मुझे एक घंटे पहले ही पता चला था कि मेरे घर मोदी आ रहे हैं। इस मौके पर पीएम मोदी ने बच्चे को ऑटोग्राफ भी दिया। इसमें उन्होंने वंदे मातरम लिखा। पीएम ने पूछा-सब ठीक-ठाक है। कोई दिक्कत तो नहीं? मीरा के पति ने कहा कि हम लोग बहुत खुश हैं। मीरा ने बताया कि पीएम आवास योजना में घर मिला है। रसोई गैस सिलेंडर व चूल्हा मिला है, पहले भट्टी पर खाना बनाती थी। पीने का पानी फ्री में मिल रहा है। अब बचे वक्त में बच्चों को पढ़ा पाती हूं।

### *पक्का घर रामलला को ही नहीं, 4 करोड़ गरीबों को भी मिला*

*एक समय था, जब यहीं अयोध्या में रामलला टेंट में विराजमान थे। आज पक्का घर सिर्फ रामलला को ही नहीं बल्कि पक्का घर देश के 4 करोड़ गरीबों को भी मिला है। आज का भारत अपने तीर्थों को भी संवार रहा है, वहीं डिजिटल टेक्नोलॉजी की दुनिया में भी छाया हुआ है। तीर्थस्थलों की यात्राओं और कई जगह से चलने वाली परिक्रमाओं के पथ को सरकार संवार रही है। इन यात्राओं और परिक्रमाओं को आसान बना रही है।*

### *मोदी की गारंटी क्यों भरोसेमंद है, खुद पीएम ने बताया*

*पीएम ने कहा कि लोग मुझसे पूछते हैं कि मोदी की गारंटी क्यों भरोसेमंद है? मैं कहता हूं कि मोदी जो गारंटी देता है उसके लिए अपना जीवन खपा देता है। रात-दिन एक कर देता है। इसलिए, यह भरोसेमंद है। उज्ज्वला योजना को ही ले लीजिए। पिछले 5 दशक में सिर्फ 14 करोड़ सिलेंडर थे। हमने एक दशक में ही 18 करोड़ सिलेंडर दिए।*

### एयर इंडिया एक्सप्रेस ने की बड़ी घोषणा

## अब 3 बड़े शहरों से अयोध्या के लिए सीधी उड़ान




एयर इंडिया एक्सप्रेस के मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी डॉ. अंकुर गर्ग ने बताया कि एयर इंडिया एक्सप्रेस ने महर्षि वाल्मीकि अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से अयोध्या और दिल्ली के बीच अपनी उद्घाटन उड़ान संचालित की। 17 जनवरी से अयोध्या से बेंगलुरु और कोलकाता के लिए सीधी उड़ान शुरू होगी। बेंगलुरु-अयोध्या रूट पर पहली उड़ान 17 जनवरी को सुबह 08:05 बजे रवाना होगी और 10:35 बजे अयोध्या में उतरेगी। वापसी उड़ान 15:40 बजे अयोध्या से रवाना होगी और 18:10 बजे बेंगलुरु पहुंचेगी। अयोध्या-कोलकाता रूट पर फ्लाइट 11:05 बजे अयोध्या से उड़ान भरेगी और 12:50 बजे कोलकाता में उतरेगी। कोलकाता-अयोध्या उड़ान 13:25 बजे कोलकाता से प्रस्थान करेगी और 15:10 बजे अयोध्या में उतरेगी।

## खबर संक्षेप

### उमाकांत उमराव राजस्व मंडल में सदस्य नियुक्त



**भोपाल।** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति तथा सहकारिता के प्रमुख सचिव उमाकांत उमराव को हटाकर ग्वालियर में ओएसडी सह सदस्य राजस्व मंडल में पदस्थ किया । उनकी जगह पर खेल एवं युवा कल्याण की अपर मुख्य सचिव स्मिता भारद्वाज को खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग तथा सहकारिता का प्रभार सौंपा गया है।

### तवांग में फहराया गया 73 फुट ऊंचा तिरंगा



**ईटानगर।** भाजपा विधायक त्सेरिंग ताशी ने अरुणाचल प्रदेश के तवांग जिले में समुद्र तल से 15,200 फुट की ऊंचाई पर 73 फुट ऊंचा राष्ट्रीय ध्वज फहराया। विधायक ताशी ने सीमा की सुरक्षा कर रहे सैनिकों से राष्ट्र के प्रति अपनी निस्वार्थ सेवा जारी रखने को कहा।

### पहले ही दिन राजधानी के दर्जन भर पंप पर खत्म हुआ पेट्रोल

## पेट्रोल-डीजल के 400 टैंकरों के पहिए थमे, आज ड्राई हो जाएंगे आधे फ्यूल पंप

### केंद्र सरकार के कानून के विरोध में सड़कों पर उतरे ट्रांसपोर्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

केंद्र सरकार के नए कानून में सड़क हादसा होने पर ट्रक और टैंकर चालकों को दस साल की सजा का प्रावधान करने के बाद मप्र समेत देशभर के ट्रांसपोर्टर सड़कों पर उतर आए हैं।

राजधानी में मप्र पेट्रोल पंप एसोसिएशन ने शनिवार को डिपो के अंदर टैंकरों को जाने नहीं दिया, जिससे चार सौ टैंकरों की सप्लाई रुक गई। ऐसे में अकेले राजधानी में ही एक दर्जन पंपों पर पेट्रोल-डीजल खत्म हो गया। इधर, रविवार को भी टैकर नहीं भरने से प्रदेश भर के 450 पेट्रोल पंपों में से आधे से अधिक पंप ड्राई हो सकते हैं। एक जनवरी को डिपो की छुट्टी है। ऐसे में हड़ताल खत्म होने पर दो जनवरी को ही डिपो से पेट्रोल-डीजल की सप्लाई हो सकेगी। सोमवार तक प्रदेश भर में पेट्रोल-डीजल की भारी किल्लत हो सकती है।





### 30 से अधिक जिलों में सप्लाई रुकी

मप्र पेट्रोल पंप एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय सिंह ने 'हरिभूमि' को बताया कि शनिवार को प्रदेश के पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल-डीजल की सप्लाई नहीं की गई है, जिससे रविवार को अधिकतर पंप ड्राई हो सकते हैं। राजधानी के भारत, इंडियन ऑयल, एचपीसीएल और रिलायंस डिपो से प्रदेश के 30 से अधिक जिलों में पेट्रोल-डीजल की सप्लाई की जाती है। भोपाल में टैंकर एसोसिएशन के साथ इंदौर, जबलपुर, सागर और ग्वालियर डिपो के टैंकर चालक भी हड़ताल पर चले गए हैं। मप्र टैंकर एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष शौकत अली ने बताया कि केंद्र सरकार के नए कानून से टैंकर चालकों के लिए खतरा बढ़ गया है। ऐसे में शनिवार से भोपाल डिपो में चार सौ टैंकरों से सप्लाई नहीं की गई। रविवार को भी टैंकरों से पेट्रोल-डीजल की सप्लाई नहीं की जाएगी।

### मंत्री सारंग अस्पताल में भर्ती, सिलावट और झा हालचाल जानने पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मंत्री विश्वास सारंग की अचानक तबीयत खराब गई। इसके बाद उन्हें राजधानी के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वे गुरुवार रात को एडमिट हुए हैं। उन्हें यूरिनरी ट्रैक इंफेक्शन हुआ है। सारंग का स्वास्थ्य खराब होने सूचना मिलने पर मंत्री तुलसी सिलावट और पूर्व सांसद प्रभात झा उन्हें देखने पहुंचे, और कुशलक्षेम पूछी। साथ ही चिकित्सकों से उपचार को लेकर चर्चा की। सारंग को शनिवार को ही विभाग मिला था।

◆ सारंग को यूरिनरी ट्रैक इंफेक्शन



### *विनेश ने अपना अवॉर्ड लौटाने का 26 दिसंबर को ही कर दिया था ऐलान*

## नहीं थम रहा बवाल: विनेश ने सड़क पर रखा अपना खेल रत्न और अर्जुन अवॉर्ड

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ चार दिन पहले अपने अर्जुन अवॉर्ड और खेल रत्न पुरस्कार को लौटाने का ऐलान कर चुकीं भारतीय रेसलर विनेश फोगाट ने शनिवार को अपना सम्मान लौटा दिया।

विनेश ने अपने पति सोमवीर राठी के साथ अपना अवॉर्ड कर्तव्य पथ पर रख दिया। इस दौरान विनेश फोगाट ने पीएम आवास की ओर जाने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने उन्हें रोका जिसके बाद उन्होंने अपना सम्मान वहीं सड़क पर ही रख दिया। ▶▶ शेष पेज 4 पर

*शनिवार को उन्होंने अपना पुरस्कार कर्तव्य पथ पर ही रख दिया। इस दौरान उनके पति सोमवीर राठी भी साथ थे।*



### संजय सिंह की जीत से खफा थे पहलवान

*बजरंग के सम्मान लौटाने से पहले साक्षी मलिक ने कुश्ती से संन्यास की घोषणा की थी। ये सारा घटनाक्रम कुश्ती संघ के चुनाव में संजय सिंह की जीत के बाद हुआ था। कुश्ती संघ के चुनाव में संजय सिंह ने अनीता श्योराण को मात दी थी। पहलवानों ने इस नतीजे का विरोध किया और बाद में खेल मंत्रालय ने संजय सिंह को कुश्ती संघ के अध्यक्ष पद से हटा दिया।*

### चुनाव आयोग ने रद्द किया नामांकन

## पाक का आम चुनाव नहीं लड़ पाएंगे इमरान खान

आयोग ने कहा कि इमरान खान अदालत द्वारा दोषी ठहराए गए हैं और चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य घोषित किए गए हैं

एजेंसी ▶▶ लाहौर

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान जेल में बंद हैं। इस बीच उन्हें बड़ा झटका लगा है। पाकिस्तान के चुनाव आयोग ने इमरान खान के दो निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ने वाले नामांकन पत्र को खारिज कर दिया। अप्रैल 2022 में प्रधानमंत्री पद से हटाए जाने के बाद से इमरान राजनीतिक और कानूनी लड़ाइयों में उलझे हुए हैं।

इमरान खान की मीडिया टीम ने कहा कि इमरान खान को भ्रष्टाचार के आरोप के कारण 8 फरवरी को होने वाले राष्ट्रीय चुनाव लड़ने से अयोग्य घोषित कर दिया गया है, लेकिन फिर भी उन्होंने शुक्रवार को चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल किया। लाहौर से खारिज किए गए उम्मीदवारों की सूची में पाकिस्तान के चुनाव आयोग ने कहा कि इमरान खान का नामांकन खारिज कर दिया गया क्योंकि वह निर्वाचन क्षेत्र के रजिस्टर्ड मतदाता नहीं थे।






### राजस्थान में 22 विधायकों ने ली मंत्री पद की शपथ

## अनोखा प्रयोग, चुनाव लड़ने वाले को बनाया मंत्री

एजेंसी ▶▶ जयपुर

राजस्थान में सरकार के गठन के 27 दिन बाद शनिवार को भजन लाल शर्मा मंत्रिमंडल का विस्तार हुआ है। प्रदेश में शनिवार को कुल 21 विधायकों और एक प्रत्याशी ने मंत्री पद की शपथ ली। साथ ही 12 विधायकों ने कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली। इस दौरान जो सबसे ज्यादा चर्चा में रहे हैं वो हैं श्रीकरणपुर विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी सुरेंद्र पाल सिंह। दरअसल, करणपुर विधानसभा सीट पर पांच जनवरी को चुनाव होना है, लेकिन चुनाव से पहले ही भाजपा के प्रत्याशी सुरेंद्र पाल सिंह टीटी को भी मंत्री के रूप में शपथ दिलाई गई है। भाजपा के इस कदम के बाद कांग्रेस ने सवाल उठाए हैं। साथ ही कांग्रेस ने दावा किया है कि देश में यह पहला मामला है। उल्लेखनीय है कि विधानसभा की 200 में से 199 सीटों के लिए 25 नवंबर को मतदान हुआ। परिणाम तीन दिसंबर को घोषित किया गया था। भजनलाल शर्मा ने 15 दिसंबर को सीएम पद की शपथ ली। उनके साथ नवनिर्वाचित विधायक दिया कुमारी व प्रेमचंद बैरवा को उपमुख्यमंत्री बनाया गया था।

### 5 जनवरी को होगा चुनाव

श्रीगंगानगर जिले की श्रीकरणपुर विधानसभा सीट पर 5 जनवरी को मतदान होना है। लेकिन, श्रीकरणपुर सीट पर होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा ने बड़ा दांव खेला है। माना जा रहा है कि पांच जनवरी को श्रीकरणपुर में होने वाले चुनाव में इसका काफी फायदा मिलेगा। गौरतलब है कि सुरेंद्र पाल सिंह टीटी भाजपा के दिग्गज नेताओं में शुमार हैं। भजन लाल शर्मा सरकार में राज्यमंत्री बनने से पहले साल वह वसुंधरा राजे सिंधिया सरकार में कृषि मंत्री रह चुके हैं।




### *कांग्रेस ने उठाए सवाल*

*राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने भाजपा के इस कदम पर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने एक्स पर लिखा, भाजपा का अहंकार सातवें आसमान पर है। भाजपा ने चुनाव आयोग को ठेंगा दिखाकर आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करते हुए श्रीकरणपुर से भाजपा प्रत्याशी सुरेंद्रपाल टीटी को मंत्री पद की शपथ दिलाई है। देश में यह पहला मामला है, जब चुनाव से पूर्व भाजपा ने अपने प्रत्याशी को मंत्री बनाया है, कांग्रेस इस मामले को चुनाव आयोग के संज्ञान में लाकर कार्रवाई की मांग करेगी।*

# न्यू ईयर सेलिब्रेशन में डांस म्यूजिक के साथ कैंप फायर का ट्रेंड होगा सबसे ज्यादा खास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

क्रिसमस सेलिब्रेशन के बाद से ही जश्न शुरू होता है नए साल का, जिसमें लोग न्यू ईयर सेलिब्रेशन के लिए नई-नई योजनाएं बनाते हैं और पूरे जोरो शोरों से नया साल सेलिब्रेट करने कहीं न कहीं जाते हैं। न्यू ईयर सेलिब्रेशन के लिए जहां 31 दिसंबर की नाइट से ही जश्न शुरू हो जाता है, लोग बड़े-बड़े होटल, पब और डिस्कों में जाकर नया वर्ष सेलिब्रेट करते हैं तो वहीं नाइट कैंप और जंगल सफारी का आनंद भी न्यू ईयर एंटरटेनमेंट के रूप में लिया जाता है, लेकिन इस साल कड़कड़ाती ठंड के बीच कैंप फायर का ट्रेंड भी न्यू ईयर सेलिब्रेशन के रूप में देखा जाएगा। राजधानी के कपल्स और कई परिवारों ने कहा कि हम कैंप फायर के पास डांस मस्ती के रूप में न्यू ईयर सेलिब्रेट करेंगे।

कड़कड़ाती ठंड में कैंप फायर के बीच मनेगा नए साल का जश्न

31 दिसंबर की नाइट राजधानी के कपल्स व कई परिवार करेंगे सेलिब्रेट

## मांडू, उज्जैन, इंदौर, ओंकारेश्वर का ट्रिप है खास



यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया पी एंड टी यूनिट के सचिव विनोद निगम ने बताया कि इस बार न्यू ईयर सेलिब्रेशन के लिए हमनें मांडू, उज्जैन, इंदौर, ओंकारेश्वर का ट्रिप बनाया है, जिसमें करीब 35 परिवार मिलकर एक साथ नए साल का जश्न मनाने का प्लान बनाया, इस ट्रिप में हमनें प्रदेश के इन मनोरम स्थानों पर कैंप लगाकर दिन को इंजॉय किया, खासकर 31 दिसंबर की रात को कैंप फायर के चारों ओर नाच गाकर और डांस व म्यूजिक के साथ नए साल का जश्न मनाएंगे।

## मनाली जाकर कैंप फायर के बीच मनाएंगे नए साल का जश्न



टीवी एक्ट्रेस ऐश्वर्या खरे के पिता रवि खरे ने बताया कि इस बार ऐश्वर्या को शूटिंग से चार दिन की छुट्टी मिलने के कारण हम सपरिवार मनाली में जाकर न्यू ईयर सेलिब्रेट करेंगे। उन्होंने कहा कि वैसे तो हम हर वर्ष साथ मिलकर ही नया साल मनाते हैं, लेकिन इस बार मनाली में हमनें सेलिब्रेशन का डिसाइड किया है, जहां हमारा प्लान गाला डिनर के साथ कैंप फायर के बीच नए साल का जश्न मनाना है।



इवेंट ऑफ द डे

शहीद भवन में भारतीय सांस्कृतिक संगीत संध्या स्वर-लहरी का आयोजन

## सुमधुर गीतों से सजी स्वर-लहरी की शाम

भोपाल। शहीद भवन में भारतीय सांस्कृतिक संगीत संध्या स्वर– लहरी का आयोजन किया गया, जिसमें हिंदी फिल्म जगत के मधुर गीतों के गायन की प्रस्तुतियां संगीत के क्षेत्र में प्रसिद्ध तरंग और सिम्फनी के गायक कलाकारों द्वारा दी गई। संगीत कार्यक्रम में पलक गुप्ता और इंजी. सुनील डे द्वारा दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे फिल्म का अभिजीत और लता मंगेशकर के द्वारा स्वरबद्ध किया हुआ लोकप्रिय युगल गीत जर्रा सा झूम लूं मैं..... की शानदार प्रस्तुति दी, उनके साथी कलाकारों में संजय चौरसिया और डॉ. मीना गर्ग ने हिंदी की प्रसिद्ध फिल्म रेफ्यूजी का गीत मेरे हमसफर मेरे पास आ..., तृषा कोल्हे और राजकुमार सोमकुंवर ने जिंदगी की न टूटे लड़ी..., सोनाली खनगन और इंजी. दीनदयाल गजभिये ने आके तेरी बाहों में हर शाम लगे सिन्दूरी... जैसे गीत गाए।



## भोपाल हाटः रैंप वॉक के साथ श्री अन्न आधारित व्यंजन कार्यशाला

# देश के कई राज्यों की पोशाकों को रैंप वॉक के माध्यम से कारीगरों ने खुद किया प्रदर्शित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नाबार्ड उमंग 5.0 में सांस्कृतिक संध्या की कड़ी में शनिवार की शाम मध्य प्रदेश के बुनकरों द्वारा बनाई गई साड़ियों का शांभवी वुमन क्लब के सदस्यों द्वारा रैंप वॉक के माध्यम से प्रदर्शन किया गया। साथ ही साथ यहां पर आए विभिन्न प्रदेशों के कारीगरों ने अपने-अपने प्रदेश की वेशभूषा का प्रदर्शन किया।





नाबार्ड उमंग 5.0 में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन

### वारासिवनी की साड़ियों का प्रदर्शन



जैसे लखनवी, हरियाणवी, गुजराती, पंजाबी, मराठी, राजपूताना, छत्तीसगढ़ी आदि वेशभूषा का कारीगरों द्वारा स्वयं रैंप वॉक करके प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में विशेष रूप से वारासिवनी की साड़ियों को प्रदर्शित किया गया। सभी प्रतिभागियों को नाबार्ड की ओर से पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र वितरित किए गए।

### मिलेट से बनने वाले आहार के बारे में दी जानकारी

इसके साथ ही मेले में नाबार्ड उमंग 5.0 में मिलेट श्री अन्न आधारित व्यंजन कार्यशाला आयोजित की गई। मिलेट विशेषज्ञ डॉ. नीरू कुंदवानी एवं डॉ. रंजीत नारंग द्वारा बड़ी संख्या में उपस्थित दर्शकों को मिलेट से बनने वाले आहार के बारे में जानकारी दी। उन्होंने इन मिलेट से तैयार व्यंजनों (रागी, बाजरा की बनी इडली, नारियल चटनी, रागी हाट एंड सोर सूप, ज्वार धानी लड्डू) के द्वारा एसिडिटी, मोटापा, डायबिटीज, ब्लड प्रेशर में इनका प्रयोग करते हुए इन बीमारियों की रोकथाम एवं नियंत्रण के बारे में जानकारी दी।

## सरकारी महकमों के रंगमंच कलाकारों ने यादें की ताजा

# मध्यप्रदेश के हिंदी नाटकों का जलवा पहुंचा था पूर्वोत्तर और दक्षिण तक



### 25 आर्टिस्टों में चार आईएएस अफसर भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय भाषाओं के नाटकों के बीच हिंदी नाटकों ने विशेष जगह बनाई है और हिंदी बहुल राज्यों के कलाकारों को यह श्रेय जाता है कि देश के विभिन्न प्रदेशों तक हिंदी नाटकों की उत्कृष्टता के प्रमाण दिए गए हैं। मध्य प्रदेश सिविल सेवा खेल मंडल के अनेक पूर्व सदस्यों ने बीते 25 वर्ष के अनुभव साझा करने के लिए नव वर्ष की पूर्व संध्या पर एक आत्मीय मुलाकात में संस्मरण साझा किए। इस दौरान यह बात सामने आई कि आल इंडिया सिविल सेवा शॉर्ट प्ले स्पर्धा में वर्ष 1998 में अगरतला (त्रिपुरा) वर्ष 2001 में भोपाल और वर्ष 2003 में पटना (बिहार) में मध्य प्रदेश के कलाकारों ने 6 पुरस्कार प्राप्त कर मध्य प्रदेश का नाम रोशन किया। जो 25 आर्टिस्ट एकत्र हुए उनमें चार आईएएस अफसर भी शामिल थे।

### अधिकारी-कर्मचारियों को प्रदान किया मंच

गौरतलब है कि सरकारी विभागों के ऐसे अधिकारी कर्मचारी जो खेलों के साथ ही नाटक और संगीत में रुचि रखते हैं, उनको प्रतिभा प्रदर्शन का मंच देने के लिए मध्य प्रदेश सिविल सेवा खेल मंडल कई वर्ष से कार्य कर रहा है। सामान्य प्रशासन विभाग अखिल भारतीय टूर्नामेंट की तैयारी के लिए प्रतिभागियों को कुछ दिन विशेष अवकाश भी प्रदान करता है। मध्य प्रदेश ने कई अवसरों पर नाटकों में अभिनय मंच सज्जा, प्रकाश संयोजन और संगीत के अवॉर्ड जीते हैं।

### अशोक मनवानी ने किया जननेता का रोल प्ले

रिटायर्ड भोपाल कमिश्नर कवींद्र कियावत ने बताया कि वे एक्सीडेंटल ड्रामा आर्टिस्ट बने और एन वक्त पर अगरतला जाने वाली टीम में उन्हें भूमिका मिली। जयश्री कियावत एक मुस्लिम महिला के किरदार में बुर्का पहनकर नाटक में आई थीं। संगीत साधक उल्हास तैलंग ने भिखारी का रोल किया था। अशोक मनवानी ने जननेता का रोल किया था।

### रेनू ने निभाया था विक्षिप्त स्त्री का किरदार

रेनू तिवारी ने कहा उन्होंने विक्षिप्त स्त्री का किरदार निभाया था जो बहुत चुनौती पूर्ण था। वर्ष 2001 में डॉ. रमेश के लिखे पंचायत नाटक के बाद प्रश्न खड़ा हुआ कि कहीं सरकार की पंचायत राज व्यवस्था पर हमला तो नहीं है, लेकिन नाटक का संदेश बहुत साफ था। ग्राम पंचायतें निष्पक्षता से विकास कार्य करें। लक्ष्मीकांत वैष्णव के लिखे नाटक, नाटक नहीं की प्रस्तुति त्रिपुरा में हुई तो तब के त्रिपुरा के मुख्यमंत्री मानिक सरकार ने तारीफ की थी।

# दुष्यंत ने आम आदमी की पीड़ा को अपनी गजलों में किया अभिव्यक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दुष्यंत आम आदमी की पीड़ा के गायक थे, उनमें जोखिम उठाने का अद्भुत माद्दा था। वे अपने लेखन में ही नहीं व्यक्तिगत जीवन में भी जोखिम उठाने से कभी नहीं झिझकते थे, नई कविता हो, उपन्यास अथवा गजल उन्होंने हर जगह लेखन के बंधे हुए सांचों को तोड़ा। यह उद्गार हैं वरिष्ठ गजलकार और दुष्यंत कुमार के पुत्र आलोक त्यागी के, वे दुष्यंत कुमार स्मारक पांडुलिपि संग्रहालय में दुष्यंत पुण्य तिथि के अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में बोल थे।



### दुष्यंत से जुड़े भावुक करने वाले सुनाए संस्मरण

स्मरण संध्या में सर्वप्रथम संग्रहालय के अध्यक्ष रामाराव वामनकर एवं सचिव करुणा राजुरकर सहित अन्य साहित्यकारों ने दुष्यंत कुमार के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। तत्पश्चात इस अवसर पर उपस्थित वक्ताओं ने दुष्यंत से जुड़े भावुक करने वाले संस्मरण सुनाए। दुष्यंत ने अपनी सशक्त कलम के माध्यम से भोपाल को एक नई पहचान थी। इस आयोजन में दुष्यंत के अभिन्न मित्र और संबंधी सुपरिचित साहित्यकार कमलेश्वर की कलम और उनके द्वारा प्रयुक्त अन्य सामग्री व उनका महत्वपूर्ण चित्र उनकी पुत्री मानु ने संग्रहालय को भेंट किया।

## राजधानी

### आरजीपीवी के स्टूडेंट्स ने बांटे गरीबों को कंबल



**भोपाल।** राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने एम्स में जरूरतमंदों को रात 8 बजे कंबल वितरित किए। विवि के हॉस्टल में रहने वाले छात्रों ने स्वयं के पैसे इकट्ठे कर कंबल खरीदे थे। 25 कंबल गरीबों को बांटे गए हैं। गुरुवार को भी भोपाल स्टेशन पर 30 कंबल बांटे गए थे। छात्र चेतन धाकड़, मधुसूदन जाटव, पर्व राय अन्य एनएसएस सदस्य मौजूद रहे।

भगवान शिव की पूजा करना फलदायी

# गजकेसरी व आयुष्मान योग में नववर्ष का आगमन यह कुछ राशियों के लिए रहेगा बेहद शुभफलदायी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

साल 2024 की शुरुआत सोमवार से हो रही है। सोमवार का दिन भगवान शिव को समर्पित है। इस दिन महादेव के साथ माता पार्वती की भी पूजा की जाती है। 2 जनवरी सुबह 4.36 बजे तक रहेगा। इस योग में भगवान शिव की पूजा करने से शुभ फल की प्राप्ति होगी। मां चामुंडा दरबार भोपाल पुजारी पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि पहले दिन पौष माह के कृष्ण पक्ष की पंचमी तिथि दोपहर 2.28 बजे तक है। इसके बाद षष्ठी तिथि शुरू होगी। नए साल के पहले दिन सुबह 8.36 बजे तक मघा नक्षत्र रहेगा। इसके बाद पूर्वाफाल्गुनी नक्षत्र हैं। मंदिरों में भी नए वर्ष की तैयारी शुरू हो गई है।

### दो शुभ योग में होगी शुरुआत

नए वर्ष की शुरुआत के ग्रह नक्षत्र बेहद ही शुभ स्थिति में हैं। नववर्ष की शुरुआत अति शुभ माने जाने वाले आयुष्मान योग में होगी। साथ ही गजकेसरी राजयोग व के शुभ संयोग में न्यू ईयर प्रारंभ हो रहा है। ज्योतिषाचार्यों का मानना है कि ग्रह, नक्षत्रों के ये संयोग आगामी वर्ष देश में अच्छी वर्षा के संकेत हैं। ग्रहों की दशाओं और बन रहे योगों की वजह से नया वर्ष सभी राशियों के लिए सामान्य रहेगा। कुछ राशियों के लिए बेहद शुभफलदायी हो सकता है।

**भोलेनाथ का पूजन होगा लाभप्रद**

नव वर्ष के पहले दिन सुबह 8.36 बजे तक मघा नक्षत्र है। इसके बाद पूर्वाफाल्गुनी नक्षत्र है। ज्योतिषियों की मानें तो नव वर्ष के पहले दिन शुभ आयुष्मान योग का निर्माण हो रहा है। मान्यता है कि आयुष्मान योग में भोलेनाथ की पूजा करने से अमोघ फल की प्राप्ति होती है।

### कुछ राशियों के लिए शुभ

नए साल के पहले दिन गुरु की चंद्र पर दृष्टि से गजकेसरी योग बन रहा है। यह योग राजनीतिक उथलपुथल व अच्छी वर्षा का संकेतक माना जाता है। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार गजकेसरी योग व गजलक्ष्मी राजयोग के चलते कुछ राशियों के लिए बेहद शुभ परिणाम मिल सकते हैं। गजकेसरी योग सभी राशियों के लिए शुभफलदायी है। आयुष्मान योग, गजलक्ष्मी राजयोग व गजकेसरी योग की युति मेष, कर्क, सिंह और धनु राशि वालों के लिए अत्यंत शुभफलदायक होगी।

# सनातन में गो-वंश की सेवा करना सबसे बड़ा धर्मः निश्चलानंद सरस्वती शंकराचार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सनातन धर्म पर बहस देश विदेश में हमेशा चलती रहती है, लेकिन उनके मानने वाले लोग सनातन को कितना महत्व देते हैं। भारत सनातनी देश है। सनातन की पंरपरा के अनुसार ही कार्य किए जा रहे हैं। सभी लोगों को सनातन के अनुसार ही गो-सेवा करना चाहिए। यह कहना है स्वामी निश्चलानंद सरस्वती शंकराचार्य महाराज का। वह शनिवार को राजधानी में एक धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने भोपाल पहुंचे थे।

### सभी के आस्था का केंद्र भगवान राम

### किसी भी तपोस्थली को पर्यटन केंद्र नहीं बनाएं



महाराज ने कहा कि राजनीति में धर्म का उपयोग सदियों से होता आया है। महाभारत में भी राजनीति का उपयोग हुआ है। राजनीति राजधर्म है। इसके पांच पर्यायवाची हैं। वहीं शंकराचार्य महाराज ने अयोध्या में राममंदिर निर्माण को लेकर कहा कि सभी के आस्था का केंद्र राम है। लेकिन किसी भी तपोस्थली को पर्यटन का केंद्र नहीं बनाया जाना चाहिए। लेकिन आज देश में यह हो रहा है कि तपोस्थली का भोगास्थली बनाया जा रहा है। दिल्ली पहले का इंद्रप्रस्थ है जो कि तीर्थ स्थान कहा जाता है, लेकिन आज दिल्ली की क्या स्थिति है यह सभी को पता है।

## रातताल खजूरी में जारी अवैध उत्खनन

# तालाब गहरीकरण में जेसीबी लगाकर डंपर से बेच रहे मिट्टी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ग्राम पंचायत रातताल खजूरी में पंचायत तालाब गहरीकरण के नाम पर जेसीबी से मिट्टी निकालकर बेची जा रही है। बार-बार शिकायत के बाद भी खनिज विभाग ने अब तक शिकायत पर कार्रवाई नहीं की है। पूर्व जनपद सदस्य रामबाबू अहिरवार ने बताया कि तालाब से निकाली जा रही मिट्टी को तालाब की पाल पर डाला जाना चाहिए।

जनपद पंचायत फंदा के ग्राम पंचायत रातताल खजुरी में अवैध खनन किया जा रहा है। पंचायत ने तालाब गहरीकरण में निकलने वाली मिट्टी को दूसरे जगह बेचने के संबंध



में अनुमति भी नहीं ली गई है। दस एकड़ एरिया में फैले तालाब से निकाली जा रही मिट्टी को डंपरों की मदद से बाहर भेजा जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार पटवारी, एसडीएम और कलेक्टर कार्यालय में शिकायत की गई है, लेकिन कार्रवाई नहीं हो रही है। ग्रामीणों का कहना है खनिज विभाग, राजस्व विभाग की मिली भगत से अवैध खनन कर परिवहन जारी है।



### आसरे ने 50 हजार लोगों के जीवन को सशक्त बनाया

**भोपाल।** अध्यक्ष डॉ. पंकज शुक्ला के नेतृत्व में एसोसिएशन फॉर सस्टेनेबल रूरल एम्पावरमेंट (आसरे) ने मध्य प्रदेश में ग्रामीण विकास को नया आकार देने के लिए परिवर्तनकारी पहल की। आसरे ने 50 हजार लोगों के जीवन को सशक्त बनाया। मप्र में ग्रामीण महिलाओं, युवाओं पर परिवर्तनकारी प्रभाव व अपने दृष्टिकोण को अनुकूलित करते हुए आसरे का समग्र ग्रामीण सशक्तिकरण जोर पकड़ रहा है। नवीन कृषि पद्धतियों पर आसरे के फोकस में औषधीय पौधों और बाजरा की खेती शामिल हैं। आसरे का उद्देश्य ग्राम कौशल परामर्शदाता बनाना और रोजगार की क्षमता को बढ़ाना है।

# साल के अंतिम सप्ताह में पुअर रहा शहर का एक्यूआई, नए साल में आएगी कमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सोमवार से मंगलवार को हवाओं की रफ्तार बढ़ने और बादल, बारिश के बाद एयर पॉल्यूशन में 30 से 50 फीसदी तक हो सकती है कमी, अभी एक्यूआई पुअर है

शहर में वाहनों के आवागमन के बीच हवा में प्रदूषण का स्तर इस सप्ताह लगभग थमा रहा। राजधानी के प्रमुख तीन स्थानों पर एयर पॉल्यूशन का स्तर पुअर लेबल पर रहा है। इनमें टीटी नगर में सबसे खराब एक्यूआई रहा। यहां एक्यूआई 241 पर रहा, जबकि पर्यावरण परिसर इलाके में 223 और कलेक्टोरेट क्षेत्र में एक्यूआई 215 पर दर्ज हुआ है। यह पुअर कैटेगरी में आता है। प्रदूषण नियंत्रण मंडल के अनुसार प्रदूषण में इस सप्ताह कमी आने की उम्मीद है। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार हवाओं की गति धीमी रहने के साथ ही वाहनों के आवागमन से हवा में धूल की मात्रा बढ़ी है, जिससे एयर पॉल्यूशन पुअर कैटेगरी पर रहा है।



### बारिश के बाद सामान्य स्तर पर रहेगा प्रदूषण

मौसम केंद्र के अनुसार शहर में एक दो दिन में बारिश और हवाओं की रफ्तार कुछ बढ़ने से हवा में धूल और धुएं के कण पानी के साथ घुल जाएंगे, जिससे हवा में प्रदूषण का स्तर कम हो जाएगा। उम्मीद है कि यह सामान्य स्तर पर आ सकता है।

### पॉल्यूटेंट की कहां कितनी मात्रा?

शनिवार को मप्र प्रदूषण नियंत्रण मंडल के ऑनलाइन मॉनिटरिंग सिस्टम के अनुसार शुक्रवार तक हवा में दर्ज प्रमुख पॉल्यूटेंट के आंकड़ों के अनुसार टीटी नगर में पीएम-10 की मात्रा 182.18, पीएम 2.5 की मात्रा 102.26 रही है। पर्यावरण परिसर में पीएम 10- 177.51, पीएम2.5- 96.85 रही, जबकि कलेक्टोरट इलाके में पीएम 10- 169.82, पीएम 2.5 - 94.32 रही है। बारिश के बाद यह मात्रा तेजी से कम होगी।

### बरखेड़ी सीएम राइज स्कूल में हुई वार्षिक खेल प्रतियोगिता

**भोपाल।** राजधानी के बरखेड़ी स्थित सीएम राइज स्कूल स्कूल में फिट इंडिया थीम के अंतर्गत दो दिवसीय वार्षिक खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं का समापन शनिवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ हुआ। द्वितीय दिन की शुरुआत अन्न इट राइट संस्था द्वारा योग सेशन द्वारा किया गया। जिसमें सदन बार छात्र-छात्राओं को एकत्रित कर सामूहिक योग करवाया गया। संस्था के प्राचार्य के डी श्रीवास्तव ने आगामी बोर्ड परीक्षा एवं स्थानीय परीक्षा में कड़ी मेहनत करके सफलता प्राप्त करने की बात कही। सभी प्रतियोगिताएं स्कूल के खेल प्रभारी शिक्षक प्रदीप श्रीवास्तव एवं खेल शिक्षक प्रशिक्षक प्रियंका जोनवाल की मार्गदर्शन में संपन्न हुई।

## खबर संक्षेप



### एलएनसीटी ग्रूप के चेयरमैन ने सीएम डॉ. यादव से की मुलाकात

**भोपाल।** एलएनसीटी ग्रुप के चेयरमैन जय नारायण चौकसे ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मध्यप्रदेश प्रदेश भवन नई दिल्ली में सौजन्य भेंट की। मुलाकात के दौरान चौकसे ने मुख्यमंत्री से चिकित्सा शिक्षा एवं सहकारिता क्षेत्र, शिक्षा के क्षेत्र में विकास और उन्नति के लिए चर्चा की।

### पार्षद सहित 355 वार्ड मैंबरों के पांच को होंगे चुनाव

**भोपाल।** जिले में उप निर्वाचन को लेकर जिला निर्वाचन कार्यालय ने तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। शहर के वार्ड 41 में पार्षद पद के लिए और ग्रामीण क्षेत्र में 355 पंच पद के लिए पांच जनवरी को मतदान होगा। वार्ड 41 के 27 मतदान केंद्रों पर 27 हजार 507 मतदाता मतदान करेंगें। पार्षद पद के लिए नौ प्रत्याशी मैदान में हैं। पांच जनवरी को जिले के उपनिर्वाचन क्षेत्रों में सामान्य अवकाश घोषित है।

### डीईओ ने भेजा था प्राचार्य को सस्पेंड करने का प्रस्ताव, अटका

**भोपाल।** राजधानी के हर्राखेड़ा स्थित शासकीय अरविंद भार्गव हायर सेकेंडरी स्कूल के अतिथि शिक्षक सुसाइड मामले में प्राचार्य को गिरफ्तार करके पुलिस ने जेल भेज दिया है। वहीं, जिला शिक्षा अधिकारी ने लोक शिक्षण संचालनालय आयुक्त को प्राचार्य को सस्पेंड करने का प्रस्ताव भेजा है। लेकिन लोक शिक्षण के अफसर अनजान बने हुए हैं। विभागीय जानकारों के अनुसार, शासकीय कर्मचारी आपराधिक मामला दर्ज होने के बाद 24 घंटे से ज्यादा जेल की सलाखों के पीछे रहता है, तो उसे सस्पेंड का नियम है, लेकिन प्राचार्य विजयवर्गीय के मामले में फिलहाल ऐसा कुछ नहीं हुआ है।

# भाजपा प्रदेश कार्यालय के स्लैब डालने का काम शुरू

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त ने पूजा-अर्चना कर किया निर्माण कार्य का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने शनिवार को निर्माणाधीन भाजपा प्रदेश कार्यालय के पहले स्लैब डालने की विधिवत पूजा-अर्चना कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री व विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह, प्रदेश कार्यालय मंत्री डॉ. राघवेन्द्र शर्मा, शैलेन्द्र शर्मा, विजय अटवाल, सुधांशु गुप्ता उपस्थित रहे।





# विधानसभा सदस्यों के प्रबोधन कार्यक्रम में लोकसभा स्पीकर ओम बिरला होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र की 16वीं विधानसभा के सदस्यों के लिए दो दिवसीय प्रबोधन कार्यक्रम 9 एवं 10 जनवरी को मप्र विधानसभा भवन के मानसरोवर सभागार में आयोजित किया जाएगा। विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने पिछले दिनों अपने दिल्ली प्रवास के दौरान लोकसभा स्पीकर ओम बिरला से भेंट कर उन्हें प्रबोधन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया था। स्पीकर बिरला ने यह आमंत्रण स्वीकार कर लिया है।



लोकसभा अध्यक्ष बिरला 9 जनवरी को प्रबोधन कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में विधानसभा सदस्यों को अपना मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। यह सत्र सुबह 11 बजे से विधानसभा के मानसरोवर सभागार में आयोजित किया जाएगा।

### नौ और 10 जनवरी को होगा प्रबोधन कार्यक्रम

इस सत्र में लोकसभा स्पीकर बिरला के अलावा विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, संसदीय कार्य मंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार भी अपने विचार रखेंगे। दो दिवसीय प्रबोधन कार्यक्रम के तकनीकी सत्रों में विधानसभा सदस्यों को संसदीय नियमों, परंपराओं, सदन के सत्र संचालन की गतिविधियों एवं अन्य जानकारी के बारे में बताया जाएगा।

## उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने निर्माणाधीन सीधी-सिंगरौली हाइवे का लिया जायजा

# सीधी-सिंगरौली हाइवे पर उन्नत गोपद पुल से 15 फरवरी तक शुरू होगी आवागमन सुविधा

*रीवा में उड़ान योजना से एयरपोर्ट का निर्माण हो रहा है, मार्च से हवाई सेवा शुरू हो जाएगी: डिप्टी सीएम शुक्ल*

**सीधी से सिंगरौली सड़क निर्माण कार्य की हर माह होगी समीक्षा**

**शेष हाइवे का निर्माण बारिश के पहले कराने के दिए दिशा-निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने शनिवार को निर्माणाधीन सीधी-सिंगरौली हाइवे का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि सीधी-सिंगरौली हाइवे इस क्षेत्र की जीवन रेखा है। हाइवे पर निर्मित गोपद पुल का निरीक्षण करते हुए उप मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि सीधी की ओर लगभग 280 मीटर तथा सिंगरौली की ओर 100 मीटर पुल की एप्रोच रोड का कार्य एक माह में पूर्ण कर उन्नत गोपद पुल में 15 फरवरी से आवागमन शुरू कराएं।

शेष हाइवे का निर्माण भी वर्षा के पहले शुरू कराने के प्रयास करें। उन्होंने कहा कि सीधी से सिंगरौली सड़क निर्माण कार्य की हर माह समीक्षा की जाएगी। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि किसी भी क्षेत्र के विकास के लिए सड़क मार्ग, रेल मार्ग और हवाई मार्ग महत्वपूर्ण घटक हैं। इस दिशा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में तेजी से कार्य किए जा रहे हैं। इसका लाभ विन्ध्य क्षेत्र को भी मिला है। रीवा में उड़ान योजना से एयरपोर्ट का निर्माण हो रहा है, मार्च से हवाई सेवा भी शुरू हो जाएगी। रीवा और सीधी हाइवे में विश्वस्तरीय टनल का निर्माण किया गया है। इस कड़ी में ललितपुर-सिंगरौली रेलवे लाइन और सीधी-सिंगरौली हाइवे भी शामिल है, जिनमें तेजी से कार्य किया जा रहा है। इन महत्वपूर्ण कार्यों पूरे क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश देश के विकसित राज्यों में शामिल होगा।



### 30 जून तक जोगदहा पुल की मरम्मत पूरी हो जाएं

उप मुख्यमंत्री शुक्ल को जनता ने सोन नदी के जोगदहा पुल के क्षतिग्रस्त होने की जानकारी दी। उन्होंने अधिकारियों को जोगदहा पुल की मरम्मत का कार्य 30 जून तक पूरा कराने के निर्देश दिए। शुक्ल ने सिहावल से नवनिर्वाचित विधायक विश्वामित्र पाठक के निज निवास देवसर में जाकर सौजन्य भेंट की। उप मुख्यमंत्री को पाठक ने विकसित भारत संकल्प यात्रा की गतिविधियों से अवगत कराया।

### उप मुख्यमंत्री का सिंगरौली में भव्य स्वागत

*उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने सिंगरौली पहुंचने पर ज्वालामुखी माता मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की। उप मुख्यमंत्री का सिंगरौली जिले आगमन में भव्य स्वागत किया गया। उप मुख्यमंत्री के बरगवां पहुंचने पर राज्यमंत्री राधा सिंह, विधायक देवसर राजेन्द्र मेश्राम, विधायक सिंगरौली रामनिवास शाह, नगर निगम अध्यक्ष देवेश पाण्डेय, अन्य जनप्रतिनिधियों, आमजनों ने स्वागत किया। देवसर में विधायक सिहावल विश्वामित्र पाठक तथा अन्य जनप्रतिनिधियों ने पुष्पहार एवं ढोल-ढमाकों से उप मुख्यमंत्री का स्वागत किया।*

### शुक्ल ने ज्वालामुखी माता मंदिर में की पूजा-अर्चना



*मुख्यमंत्री डॉ. यादव के निर्देश पर हुआ अमल*

# गुना बस दुर्घटना में मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख की मदद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार गुना जिले में पिछले दिनों हुई बस दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को 50-50 हजार रूपए एवं मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख रुपए की सहायता राशि प्रदान की गई है। मुख्यमंत्री ने घटना के तुरंत बाद मृतकों के परिजनों एवं घायलों को सहायता राशि देने के निर्देश दिए थे।

गुना जिले के प्रभारी कलेक्टर प्रथम कौशिक ने शनिवार को अस्पताल पहुंचकर 16 घायल व्यक्तियों से चर्चा की और उनके स्वास्थ्य की जानकारी प्राप्त की। इस मौके पर घायलों को 50-50 हजार रुपए की सहायता राशि प्रदान की गई। प्रभारी कलेक्टर ने दो मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख रुपए की सहायता राशि के चेक प्रदान किए।

### घायलों को 50 -50 हजार रुपए की सहायता राशि दी

*बस दुर्घटना में घायल जिन व्यक्तियों को 50 -50 हजार रूपए की सहायता राशि दी गई है, उनमें रितु भील पत्नी विजय भील, निशा ओझा पत्नी अजय, अंकित कुशवाह पुत्र उमराव, सविता ओझा पत्नी सीता राम, सोनू अहिरवार पुत्र मांगीलाल, कांता जाटव पत्नी कालूराम, दीपक सोनी पुत्र ओमप्रकाश, चंद्रपाल यादव पुत्र हरनाम सिंह, विनीता ओझा पत्नी शिवचरण, मोहन सिंह पुत्र भीकम सिंह, करण सिंह पुत्र रामसिंह, राम ओझा पुत्र मदन लाल, सुनील सेहरिया पिता राधेश्याम, गोरा बाई पत्नी रामकिशन अहिरवार, हीरालाल पुत्र मोती बंजारा तथा सोनाली पुत्री सोनू अहिरवार शामिल हैं। इसके साथ ही चिन्हित दो मृत व्यक्ति स्व. मनोहर पुत्र भूरेलाल शर्मा एवं स्व. बीरेन्द्र सिंह यादव पुत्र सीताराम यादव के परिजनों को 4-4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता की राशि उनके परिजनों के खाते में भेजने की कार्रवाई की गई है। बता दें कि गुना में बस हादसे में बस जलकर खाक हो गई थी। इसमें काफी जनहानि हुई थी।*

### रेडक्रॉस के जरिए मिले 5- 5 हजार रुपए

दुर्घटना के अगले ही दिन रेडक्रॉस के माध्यम से 5- 5 हजार रुपए की आर्थिक सहायता उपचाररत घायल व्यक्तियों को प्रदान की गई थी।

## उप कुलसचिव और असिस्टेंट प्रोफेसर्स के हुए तबादले

# सुनील मंडेरिया को भोज मुक्त विवि में उप कुलसचिव बनाया

तत्काल प्रभाव से लागू होंगे आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शनिवार को मध्यप्रदेश शासन ने वर्तमान में पदस्थ सहायक प्राध्यापक ग्रेट के प्रोफेसर्स और कुलसचिवों की तबादला सूची जारी की है। जारी सूची के अनुसार वर्तमान में उच्च शिक्षा विभाग में विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी सपन पटेल को प्रतिनियुक्ति पर जीवाजी विवि ग्वालियर भेजा गया है। सुनील मंडेरिया, जीवाजी विवि ग्वालियर से प्रतिनियुक्ति पर भोज मुक्त विवि भोपाल में उप कुलसचिव बनाया गया है। वहीं भोज विवि के उप कुलसचिव अनिल शर्मा को प्रभारी कुलसचिव विक्रम विवि उज्जैन भेजा गया है। उप कुलसचिव विक्रम विवि, प्रभाकर खरे को देवी अहिल्या विवि इंदौर भेजा गया है। अवर सचिव, उच्च शिक्षा विभाग वीरन सिंह भलावी द्वारा जारी आदेश के अनुसार उक्त आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

### आधा दर्जन असिस्टेंट प्रोफेसर्स, विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी भी बदले

जारी आदेश के अनुसार, डॉ. आलोक कुमार निगम, विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी, उच्च शिक्षा विभाग, असिस्टेंट प्रोफेसर्स ग्रेट को स्वाती विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय रायसेन में पदस्थ किया गया है। डॉ. अनिल कुमार पाठक, उच्च शिक्षा उत्कृष्ट संस्थान, भोपाल को विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी, उच्च शिक्षा विभाग, भोपाल में पदस्थ किया गया।

### इन्हें भी किया इधर से उधर

डॉ. सुनील कुमार वाजपेयी को तिलक महाविद्यालय कटनी, वर्तमान में अतिरिक्त संचालक जबलपुर संभाग को विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी उच्च शिक्षा विभाग भोपाल में पदस्थ किया गया। डॉ. आलोक कुमार वर्मा, विशेष कर्तव्यथ अधिकारी, उच्च शिक्षा को शासकीय महाविद्यालय बकतरा, सीहोर भेजा गया है। वहीं मनोज कुमार अग्निहोत्री को शासकीय हमीदिया कॉलेज से विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी, उच्च शिक्षा विभाग, भोपाल में पदस्थ किया गया है।

## विद्या भारती पूर्व छात्र परिषद की व्याखानमाला

# छत्रपति शिवाजी महाराज की वीरता की छात्र-छात्राओं को सुनाई गाथा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

छत्रपति शिवाजी महाराज द्वारा हिन्दवी स्वराज्य के 350वें स्थापना वर्ष के उपलक्ष्य में विद्या भारती पूर्व छात्र परिषद ने प्रांत के 1500 स्थानों पर छत्रपति शिवाजी महाराज व्याख्यान माला का आयोजन किया है। प्रांत में पूर्व छात्र वक्ताओं के रूप में छात्रों के बीच जाकर छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन के प्रेरक प्रसंग, वीरता, सामाजिक समरसता, उनकी न्यायप्रियता, पर्यावरण से प्रेम और उनके राज्य व्यवस्था के बारे में जानकारी दीं।

विद्या भारती मध्यभारत प्रांत के प्रांत संगठन मंत्री निखलेश महेश्वरी ने बताया कि छत्रपति शिवाजी महाराज का जीवन अद्वितीय पराक्रम, रणनीतिक कुशलता, युद्धशास्त्र की मर्मज्ञता, संवेदनशील, न्यायपूर्ण व पक्षपातरहित प्रशासन, नारी का सम्मान, प्रखर हिंदुत्व जैसी कई विशेषताओं से परिपूर्ण रहा।

### 1500 स्थानों पर हिन्दवी स्वराज्य का 350वां स्थापना वर्ष मनाया

*महेश्वरी ने बताया कि व्याख्यानमाला युवाओं को शिवाजी के महान जीवन के विभिन्न पहलुओं से सफलतापूर्वक जोड़ेगी। पूर्व छात्र परिषद मध्य भारत प्रांत के प्रांत प्रमुख आशुतोष गुप्ता ने बताया कि विद्यालयों में व्याख्यानमाला का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व छात्र छत्रपति शिवाजी महाराज के साहस, शौर्य के साथ ही हिन्दवी स्वराज्य की स्थापना, उनकी शासन प्रणाली और स्वराज्य के महत्व को भी आमजन तक ले जाने का कार्य कर रहे हैं। पूर्व छात्र परिषद समाज सेवा के क्षेत्र में लम्बे समय से कार्य करती आ रही है।*

# एमसीयू: जिला-तहसील स्तर पर शुरू होंगे नए कोर्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विवि द्वारा शीघ्र ही जिले एवं तहसील स्तर पर अपने अध्ययन केंद्रों में नवीन पाठ्यक्रम शुरु किया जाएगा। इसके साथ ही आईटी की संस्थाओं को मीडिया के पाठ्यक्रम व मीडिया की संस्थाओं को आईटी के पाठ्यक्रम का प्रावधान आगामी सत्र से कर दिया जाएगा।

यह कहना है विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो (डॉ) केजी सुरेश का। सागर संभाग के अध्ययन केंद्रों के लिए छतरपुर में आयोजित एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला में उन्होंने कहा कि विवि के प्रदेश में 1500 से अधिक अध्ययन केंद्र हैं, जहां पर मीडिया एवं आईटी के पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहे हैं।



### भोपाल में है 50 एकड़ का विवि परिसर

कुलपति ने कहा कि भोपाल में विवि का खुद का 50 एकड़ का सर्वसुविधायुक्त भव्य नवीन परिसर है। इसके अतिरिक्त तीन अन्य कैंपस भी हैं। कार्यशाला में उन्होंने कहा कि राष्ट्रकवि पंडित माखनलाल चतुर्वेदी का चित्र संबद्ध अध्ययन संस्थाओं के लिए अनिवार्य कर दिया गया है। कार्यशाला में विवि के कुलसचिव डॉ. अविनाश वाजपेयी, निदेशक, संबद्ध अध्ययन संस्थाएं डॉ. बबीता अग्रवाल, परीक्षा नियंत्रक डॉ. राजेश पाठक और सहायक कुलसचिव विवेक शाक्य ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

## 40 वृहद, 63 मध्यम और 375 लघु परियोजनाएं निर्माणाधीन

# मध्यप्रदेश में 41.10 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई क्षमता, वर्ष 2027 तक इसे बढ़ाकर 53 लाख हेक्टेयर करने का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र में वर्तमान में जल-संसाधन विभाग के तहत 41 लाख 10 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई क्षमता निर्मित की जा चुकी है। दिसम्बर-2024 तक 43 लाख हेक्टेयर, दिसम्बर-2025 तक 46 लाख हेक्टेयर और दिसम्बर-2027 तक 53 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई क्षमता बढ़ाए जाने का कार्यक्रम तैयार किया गया है। जल संसाधन विभाग के तहत वर्तमान में 40 वृहद, 63 मध्यम और 375 लघु परियोजनाएं निर्माणाधीन हैं, जिनकी कुल सिंचाई क्षमता 30 लाख हेक्टेयर है।

वर्तमान स्थिति में 11 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में आंशिक सिंचाई सुविधा विकसित की जा चुकी है। इन योजनाओं के पूर्ण होने पर 19 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई क्षमता का विकास होगा।

**वर्तमान स्थिति में 11 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में आंशिक सिंचाई सुविधा विकसित की जा चुकी**

### प्रदेश में फसलों के लिए इतनी सिंचाई सुविधा उपलब्ध

जल-संसाधन विभाग के कुशल प्रबंधन से प्रदेश में निर्मित सिंचाई क्षमता का भरपूर उपयोग किया जा रहा है। जल-संसाधन विभाग की ओर से वर्ष 2023-24 में खरीफ फसल के लिए 3 लाख हेक्टेयर, ग्रीष्मकालीन फसल के लिए 83 हजार हेक्टेयर एवं रबी फसल के लिए निर्धारित लक्ष्य का 34.17 लाख हेक्टेयर में सिंचाई क्षमता उपलब्ध कराई जा रही है। प्रदेश में हर खेत को पानी उपलब्ध कराने के संकल्प को विभाग की ओर से पूरा किए जाने के प्रयास किए जा रहे हैं।



### सूक्ष्म दाब सिंचाई पद्धति को बढ़ावा

*प्रदेश में पानी के अधिकतम उपयोग के लिए सूक्ष्म दाब सिंचाई पद्धति को बढ़ावा देने के लिए 40 वृहद और 53 मध्यम परियोजनाओं में दबावयुक्त पाइप सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली का उपयोग करते हुए निर्माण किया जा रहा है।*



### नए साल में सेंसेक्स 74 हजार व निफ्टी 23 हजार का आंकड़ा छू सकता है

# फुल स्पीड में बुल, शेयर मार्केट ने लगाया आल टाइम हाई, नए साल में बन सकते हैं नए रिकार्ड

अरविंद गायकवाड ⏭ रायपुर

हरिभूमि खास

भारतीय शेयर मार्केट फुल स्पीड में दौड़ रहा है। खुदरा और विदेशी निवेशकों के लगातार निवेश और कंपनियों की आय में मजबूत वृद्धि की बदौलत शेयर बाजार के लिए बढ़िया साबित हुआ। घरेलू डिमांड बढ़ने, कैपेक्स साइकिल में रिवाइवल और ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद से निवेशकों का सेंटीमेंट पॉजिटिव नजर आया है। आठ साल की रिकॉर्ड तेजी के बाद लगातार नए ऑलटाइम हाई की ओर बढ़ा। 2023 में सेंसेक्स के 30 में से 30 शेयर सकारात्मक रिटर्न देने में सफल रहे हैं। 2024 में भी बाजार के ऑल टाइम हाइ पर बने रहने की संभावना है।

शेयर मार्केट के एक्सपर्ट कह रहे हैं कि 2024 में सेंसेक्स 74 हजार और निफ्टी 23 हजार का आंकड़ा छू सकता है। इस उम्मीद की वजह भी है। भारतीय बाजार ने 10 वैश्विक बाजारों को पीछे छोड़ दिया है। मजबूत मैक्रोइकोनॉमिक फंडामेंटल्स, विदेशी और घरेलू संस्थागत निवेशकों की ओर से निवेश जैसे फैक्टर्स के कारण ऐसा हुआ है। दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भारत, 4.16 लाख करोड़ डॉलर के कैपिटलाइजेशन के साथ 5वें सबसे मूल्यवान बाजार के रूप में मजबूत बनी हुई है।

**2023 में भारत ने विश्व के दस शीर्ष शेयर बाजार को पीछे छोड़ा**

**भारतीय शेयर बाजार की कैपिटलाइजेशन 4.16 लाख करोड़ डॉलर**

### लगातार आठवें साल बाजार का पॉजिटिव रिटर्न

ऐसा पहली बार है, दुनिया का कोई भी शेयर बाजार लगातार 8वें साल पॉजिटिव रिटर्न के साथ साल खत्म कर रहा। भारतीय शेयर बाजार ने साल 2016 से 2023 तक एक बार भी निगेटिव रिटर्न नहीं दिया है। कोविड-19 के दौरान साल 2020 की बिकवाली में भी भारतीय शेयर बाजार पॉजिटिव रिटर्न देने में कामयाब रहा था।

### चुनौतियों के बाद भी चमका बाजार

2023 में भारतीय शेयर बाजार की शुरुआत बहुत उम्मीदों के साथ हुई, लेकिन साल के पहले ही महीने में अदाणी ग्रुप के खिलाफ अमेरिकी शॉर्ट-सेलर हिंडेनबर्ग की रिपोर्ट के बाद बड़ी बिकवाली दिखी। अगले महीने ग्रोथ पर फोकस आम बजट से निवेशकों को कुछ राहत मिली। मार्च महीने में अमेरिका में बैंकिंग संकट और इसके बाद क्रेडिट सुईस संकट की वजह से दुनियाभर के बाजारों में दबाव दिखा। जून महीने में निफ्टी ने 2023 में पहली बार रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने में कामयाब रहा। सितंबर में निफ्टी पहली बार 20,000 का आंकड़ा और फिर दिसंबर में सेंसेक्स ने पहली बार 70,000 का आंकड़ा पार किया। गुरुवार (28 दिसंबर) को निफ्टी 21,801.45 के नए शिखर पर पहुंच

### सेंसेक्स 74 हजार व निफ्टी 23 हजार अंकों तक जा सकता है

दिसंबर 2024 तक सेंसेक्स 74 हजार अंकों तक जा सकता है। दमदार कैपिटल इनफ्लो और अच्छे मैक्रोइकनॉमिक फैक्टर्स के चलते साल 2024 में इंडियन स्टॉक मार्केट की रफ्तार बनी रहेगी। निफ्टी 50 दिसंबर 2024 तक 23 हजार अंकों का स्तर छू सकता है।



### विदेशी निवेशकों ने किया 18 अरब डॉलर निवेश

साल 2023 में अब तक विदेशी निवेशकों ने भारतीय बाजार में करीब 18 अरब डॉलर निवेश किए हैं। इस तरह 2022 में की गई बिकवाली की लगभग भरपाई हो गई है। वहीं, देसी संस्थागत निवेशकों ने 2023 में 20 अरब डॉलर से अधिक का निवेश किया है। 2024 में भी दमदार ट्रेंड बने रहने का अनुमान है। 2024 में विदेशी और देसी संस्थागत निवेशक 2023 से भी ज्यादा निवेश कर सकते हैं।

### महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा निवेशक

अभी भी कुल निवेशकों की संख्या महाराष्ट्र में ही सबसे ज्यादा है। 2023 के दौरान महाराष्ट्र में कुल 22 लाख नए निवेशक बाजार से जुड़े। महाराष्ट्र में अब कुल निवेशकों की संख्या 1.49 करोड़ पर पहुंच चुकी है। उत्तर प्रदेश कुल 89 लाख निवेशकों के साथ दूसरे नंबर पर और गुजरात 77 लाख निवेशकों के साथ तीसरे नंबर पर है।

### चीन व अमेरिका के बाजार में रही गिरावट

चीन के शंघाई कम्पोजिट इंडेक्स की तुलना में देखें तो जनवरी 2008 में निफ्टी50 के साथ यह भी 6,000 के स्तर पर था। अमेरिका में लेहमन ब्रदर्स संकट के बाद दोनों इंडेक्स लुढ़ककर 3000 के स्तर पर आ गए थे। लेकिन, इसके बाद दोनों इंडेक्स के परफॉर्मेंस की तुलना करना थोड़ा मुश्किल है। 2023 में अब तक एक ओर शंघाई कम्पोजिट एक बार फिर 3,000 के स्तर पर लुढ़क चुका है। वहीं, निफ्टी इस मुकाबले सवा सौ गुना ऊपर 21,800 पर है।

# समाज के तौर पर हम सामूहिक रूप से अपने सैनिकों के ऋणी हैं: राजनाथ

एजेंसी ⏭ सूरत

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को कहा कि देश के लोग सीमाओं की रक्षा करने वाले सैनिकों के ऋणी हैं। सिंह ने 131 शहीद सैनिकों के परिवारों को सम्मानित करने और उन्हें आर्थिक सहायता देने के लिए यहां मारुति वीर जवान ट्रस्ट द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में कहा, 'सुरक्षा प्रथम' का सिद्धांत 'भारत प्रथम' से आता है। सिंह ने अपने संबोधन में कहा, 'इस देश की सीमाओं के भीतर काम करने वाले सभी लोग, चाहे वे वैज्ञानिक हों, व्यवसायी हों, किसी पेशे से जुड़े व्यक्ति हों या सरकार चलाने वाले लोग, सुरक्षित हैं क्योंकि हमारे बहादुर सैनिक राष्ट्रीय गौरव की मजबूत भावना के साथ हमारी सीमाओं की रक्षा कर रहे हैं।'



### आप और मैं 'भारत प्रथम' के मार्ग पर चलने वाले व्यक्ति

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आप और मैं 'भारत प्रथम' के मार्ग पर चलने वाले व्यक्ति हैं। 'भारत प्रथम' का मार्ग अपनाए जाने पर सुरक्षा (की भावना) भी पहले आती है। इसलिए 'सुरक्षा प्रथम' की अवधारणा 'भारत प्रथम' की अवधारणा से निकलती है।' उन्होंने कहा कि एक सैनिक का कर्तव्य और जिम्मेदारी अद्वितीय है, क्योंकि वह हर दिन मौत का सामना करता है और जानता है कि दुश्मन की गोली कहीं से भी, कभी भी आ सकती है। सिंह ने कहा, 'यह जानते हुए भी वे पूरे जी-जान से सीमाओं की रक्षा करते हैं। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि हमारे सैनिकों के मन में इस देश और यहां के लोगों की सुरक्षा के प्रति प्रेम की भावना होती है। उनके भीतर राष्ट्रीय स्वाभिमान की प्रबल भावना होती है। समाज के रूप में, हम सामूहिक रूप से अपने सैनिकों के ऋणी हैं।'

### सैनिकों में देश के लिए कुछ करने का जूनून

उन्होंने कहा कि भारत के कई सैनिक बेहद सामान्य, गरीब परिवारों से आते हैं और वे सेना में इसलिए शामिल होते हैं क्योंकि उनमें देश के लिए कुछ करने का जुनून होता है। राजनाथ सिंह ने कहा, 'कुछ हीरे जमीन से (कीमती) पत्थरों के रूप में निकलते हैं, जबकि कुछ हीरे इंसानों के रूप में होते हैं, जो उनके व्यवहार और उनके मूल्यों से बनते हैं। एक हीरा ऐसा भी है जो देश की सीमाओं की रक्षा करता है।' एक विज्ञप्ति में कहा गया कि मारुति वीर जवान ट्रस्ट ने 131 शहीद सैनिकों के परिवारों को श्रद्धांजलि के रूप में प्रत्येक को 2.5 लाख रुपए की वित्तीय सहायता प्रदान की।

**कार्यालय प्राचार्य शा. उत्कृष्ट उ.मा.वि. राजगढ़ (ब्यावरा) म.प्र.**
**(स्कूल शिक्षा विभाग)**
क्र/निविदा/2023/615 राजगढ़, दिनांक: 27.12.2023
:: - निविदा आमंत्रण सूचना - ::
मा.शि.म. म.प्र. भोपाल की हाईस्कूल तथा हायर सेकण्डरी परीक्षा की मूल्यांकित उत्तरपुस्तिकाओं की लगभग 5 टन रद्दी कटिंग करने के उपरांत विक्रय कि जाना है इस हेतु निविदाऐं पंजीकृत फर्मो से निर्धारित प्रपत्र में आमत्रिंत की जाती हैं। निविदा की शर्ते अवेदन पत्र के साथ रहेगी। आवेदन पत्र नगद रू. 200/- का भुगतान कर संस्था से दिनांक 05.01.2024 तक प्राप्त किया जा सकता हैं। भरे हुए निविदा प्रपत्र दिनांक 05.01.2024 को अपरान्ह 01:00 बजे तक प्राप्त किये जावेगें। निविदा दिनांक 05.01.2024 को अपरान्ह 3:00 बजे प्राचार्य कक्ष में खोली जावेगी।
जी-22377/23 दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।
प्राचार्य
शा.उत्कृष्ट उ.मा.वि. राजगढ़

# खरगे बोले- भाजपा ने फर्जी देशभक्त होने का सबूत दिया

मेजर शैतान सिंह का मेमोरियल ध्वस्त!

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

एजेंसी, नई दिल्ली। वास्तविक नियंत्रण रेखा पर बने बफर जोन की वजह से 1962 युद्ध के नायक मेजर शैतान सिंह का स्मारक ध्वस्त कर दिया गया है।

इसको लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा ने शैतान सिंह के मेमोरियल को धराशायी कर देश को एक बार फिर से अपने फर्जी देशभक्त होने का सबूत दिया है। उन्होंने कहा कि भारत माता के वीर सपूत, परम वीर चक्र से सम्मानित और 1962 रेजांग-ला युद्ध के महानायक मेजर शैतान सिंह के चुशूल, लद्दाख स्थित मेमोरियल को ध्वस्त किए जाने की खबर बेहद पीड़ादायक है।

### चीन के आगे घुटने टेके

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा ने मेजर शैतान सिंह मेमोरियल को धराशायी कर देश को एक बार फिर अपने नकली देशभक्त होने का सबूत दिया है। दुखद है कि सरकार चीनी मंसूबों के आगे घुटने टेक चुकी है। सिंह के नेतृत्व में 13 कुमाऊं की सी कंपनी का रेजांग ला की रक्षा के लिए 113 वीर जवानों का सर्वोच्च बलिदान देश का गौरव है। खरगे ने पूछा कि क्यों पीएम मोदी और शी जिनपिंग के 2014 से आजतक 20 मेल-मिलापों के बाद भी भारत को देपसांग प्लेन, पैंगोंग त्सो, डेमचौक और गोगरा-हॉटस्प्रिंग क्षेत्र पर मई 2020 के पहले की वस्तुस्थिति बरकरार रखवाने में मोदी सरकार विफल रही है? उन्होंने सवाल किया कि क्या ये सच नहीं है कि गलवान में 20 सेना के जवानों के प्राणों की आहुति के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने चीन को क्लीन चिट थमा दी थी?



**Medical Help Line**
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644



स्वयं की वर्षो की रिसर्च 100% कारागर इलाज
सफेद दाग
CURE CENTRE
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M : 9425006131
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

**कार्यालय, कार्यपालन यंत्री नया भोपाल संभाग लोक निर्माण विभाग भोपाल (म.प्र.)**
निविदा सूचना क्रमांक 17/व.ले.लि./23-24 // निविदा सूचना // भोपाल, दिनांक: 20.12.2023
निम्नलिखित कार्यो हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईड mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
|---|---|---|---|---|---|
| क्रं. | पोर्टल टेंडर क्र. | कार्य का नाम | आमंत्रण क्र. | ठेके की अनु. राशि (रू.लाख में) | अमानत राशि |
| 1 | 2023_PWDRB _321276_1 | नेहरू नगर चौराह भोपाल के बायें मोड़ का उन्नयन कार्य | प्रथम आमंत्रण | 48.40 | 50000.00 |
| | | योग:- | | 48.40 | |

उपरोक्त वेबसाईट आनॅलाईन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाईट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय एवं सबमिशन करने की अंतिम तिथि 08.01.2024 सायं 5:30 बजे निर्धारित है। निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन होने पर उसे उपरोक्त वेबसाईट पर देखा जा सकता है। विस्तृत एन.आई.टी.एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट में देखी जा सकता हैं।
जी-22406/23 दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।
कार्यपालन यंत्री
नया भोपाल संभाग
लो.नि.वि. भोपाल (म.प्र.)

इंडियन बैंक Indian Bank इलाहाबाद ALLAHABAD
हमीदिया रोड 2 शाखा, हमीदिया रोड, भोपाल। फोन : 0755-25735610
नियम-8(1) **कब्जा सूचना** (अचल संपत्ति के लिए)

जबकि, इंडियन बैंक के प्रधिकृत अधिकारी द्वारा वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूतिहित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13 (12) सह पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8 एवं 9 के तहत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए दिनांक को मांग सूचना पत्र जारी किया गया एवं दर्शाई राशि एवं उक्त मांग सूचना पत्र की दिनांक से 60 दिनों के भीतर अदा करने के लिये कहा गया। लेकिन ऋणी/बंधनकर्ता द्वारा मांग सूचना पत्र में दर्शायी गई ऋण राशि को निर्धारित समयावधि में अदा नहीं किए जाने के कारण, ऋणी/बंधनकर्ता एवं जनसामान्य को यह सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) सहपठित उक्त नियमों के नियम संख्या 8 एवं 9 के तहत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए, यहां नीचे वर्णित सम्पत्तियों का कब्जा दर्शाई दिनांक को ले लिया है। ऋणी/बंधनकर्ता को विशेष तौर पर और सर्वसाधारण को सामान्यत: एतद् द्वारा निम्नलिखित सम्पत्तियों के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतवनी दी जाती है और इन सम्पत्तियों के बाबत् किए गये कोई भी व्यवहार इंडियन बैंक को देय राशि एवं उस पर देय ब्याज एवं खर्च इत्यादि के लिए प्रभार के अधीन होगा। ऋणीयों /जमानतदारों का ध्यान प्रतिभूत परिसम्पत्तियों के मोचन (Redeem) कराने के संबंध में उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा 8 के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।

| ऋणी/बंधनकर्ता का नाम | अचल सम्पत्तियों का विवरण | सूचना दिनांक / कब्जा दिनांक | बकाया राशि रू. |
|---|---|---|---|
| श्री सुनील कुमार सोनी पुत्र श्री एन. पी. सोनी | सम्पत्ति का समस्त भू भाग प्लॉट नं. जीएम-24, रचना हाउसिंग सोसाईटी, खुशीपुरा, ग्राम छोला, भोपाल। रजिस्ट्रेशन सब-जिला भोपाल और जिला भोपाल। सीमाएं- उत्तर: प्लॉट नं. जीएम 24, दक्षिण: रोड, पूर्व: प्लॉट नं. जीएम 23, पश्चिम: अन्य की भूमि। | 10.10.2023 / 28.12.2023 | Rs.4,95,762/- + ब्याज और अन्य खर्च |
| मेसर्स अब्दुल ऑयरन वर्क्स प्रो. श्री अब्दुल मुजीब | सम्पत्ति का समस्त भू भाग फ्लैट नं./ म. नं. 8/4-ए (उत्तरी आधा भाग) टाउन कृष्णा कॉलोनी, पीजीबीटी रोड, भोपाल। रजिस्ट्रेशन सब-जिला भोपाल और जिला भोपाल। सीमाएं- उत्तर: पांच फीट गली, दक्षिण: प्लाट नं. 8/4-ए का शेष भाग, पूर्व: महमूद खन की सम्पत्ति, पश्चिम: अब्दुल रहमान की सम्पत्ति। | 10.10.2023 / 28.12.2023 | Rs.24,07,992/- + ब्याज और अन्य खर्च |

दिनाँक : 31.12.2023
स्थान: भोपाल
प्राधिकृत अधिकारी (इंडियन बैंक)

### जैकेट का शेष

#### आक्रोशित लोगों ...

भी हुई। पुलिस ने लोगों को समझा कर मामले को शांत कराया। मृतकों की पहचान नहीं हो पाई है। बताया जा रहा है की मृतक परिवार के लोग अपने मासूम बच्चे के इलाज के लिए आए थे लेकिन रास्ते में हादसा हो गया जिसमें मासूम सहित उनकी मौत हो गई। हादसे के पीछे की वजह तेज रफ्तार हाईवे को बताया जा रहा है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### पेज एक का शेष

#### 22 जनवरी को घरों...

का अभिवादन स्वीकार करते हुए आगे बढ़ते रहे। इस दौरान लोगों ने 'जय श्री राम' के नारे लगाए। 15 किलोमीटर लंबे रोड शो में पीएम के काफिले पर फूल बरसाए गए। उनका डमरू व शंख बजाकर स्वागत किया गया। इस मौके पर पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि 140 करोड़ देशवासी 22 जनवरी को अपने घरों में श्रीराम ज्योति जलाएं। दीपावली मनाएं। ये ऐतिहासिक क्षण बहुत भाग्य से हम सभी के जीवन में आया है। हमें देश के लिए नव संकल्प लेना है, खुद को नई ऊर्जा से भरना है। आजादी के आंदोलन से जुड़े ऐसे पावन दिवस पर आज हम आजादी के अमृतकाल के संकल्प को आगे बढ़ा रहे हैं। आज विकसित भारत के निर्माण को गति देने के अभियान को अयोध्या नगरी से नई ऊर्जा मिल रही है। उन्होंने देशवासियों को एक और संकल्प दिलाया कि वे मकर संक्रांति से 14 तारीख से 22 जनवरी तक देश भर के मंदिरों में स्वच्छता अभियान चलाएं। उन्होंने कहा कि भगवान राम अयोध्या आ रहे हैं तो उनके स्वागत में सभी धर्मस्थलों को स्वच्छ होना चाहिए।

#### नहीं थम रहा बवाल: विनेश ...

विनेश फोगाट ने 26 दिसंबर को अपने सोशल मीडिया अकाउंट के जरिए ही अपना मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार और अर्जुन पुरस्कार लौटाने का ऐलान कर दिया था। उन्होंने अपनी सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए कहा था कि मैं अपना मेजर ध्यानचंद खेल रत्न और अर्जुन अवार्ड वापस कर रही हूं। इस हालत में पहुंचाने के लिए ताकतवर का बहुत-बहुत धन्यवाद। विनेश से पहले बजरंग पूनिया ने भी पीएम आवास के बाहर अपना पद्मश्री अवार्ड ऐसे ही रखा था।

हरिभूमि क्लासीफाइड
आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
संपर्क सूत्र : 9407279644

**आवश्यक सूचना**
पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे। - व्यावस्थापक

**वैवाहिकी**
**वर चाहिए**
वर चाहिए- कान्यकुब्ज ब्राह्मण जन्म 1993 ग्वा. सुंदर आदि नाड़ी 29/6'1'' एच.एम. (LPU) पी.जी.डी.एम. फ्रंट ऑफिस मैनेजर एम.एन.सी दिल्ली 8 लाख (पिता क्लास वन शास. म.प्र.) कार्यरत हेतु सुंदर सुशील समकक्ष कार्यरत वधू चाहिए (सभी ब्राह्मण मान्य) मोबाइल:- 94247 67409 (2361)

**वधु चाहिए**
वधु चाहिए
जैन दिगंबर वधु चाहिए जैन उम्र 28 वर्ष कद 5 फीट 2 इंच 12वीं पास युवक हेतु सजातीय वधु चाहिए
संपर्क करें
8839484995
9926110737

**नाम परिवर्तन**
मैं अब्दुल शफीक खान पुत्र मुंशी खान निवासी 24,3 काज़ी केम्प बैरासिया रोड भोपाल, मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम अब्दुल शफीक दर्ज है। जबकि मेरा पूरा व सही नाम अब्दुल शफीक खान है मेरे आधार कार्ड, पेनकार्ड में भी दर्ज है। मै पासपोर्ट में अब्दुल शफीक खान पुत्र मुंशी खान दर्ज कराना चाहता हूं।

हरिभूमि
आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार, जाहिर सूचना
@Rs. 1200/-
साइज (फिक्स) 10X4 cm
अन्य साईज में
@Rs. 40 sq.cm
1 अप्रैल 2022 से लागू
बुकिंग के लिए संपर्क करें।

## राशिफल

**मेष** धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाइयों का साथ मिलेगा।

**वृष** वाणी में मधुरता तो रहेगी, परन्तु मन परेशान रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**मिथुन** शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, परन्तु लाभ में कुछ कमी आ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**कर्क** आत्मविश्वास में कमी आएगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कुटुम्ब के बुजुर्ग के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**सिंह** सम्पत्ति में वृद्धि के योग बन रहे हैं। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कन्या** किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। संबंधों में निकटता आएगी।

**तुला** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक** शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।


**धनु** आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**मकर** व्यर्थ के क्रोध से बचें। लाभ में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा।

**कुंभ** मन अशान्त हो सकता है। संयत रहें। आलस्य भी बढ़ सकता है। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। कारोबार में कुछ सुधार होगा।

**मीन** परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। नौकरी में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

## शब्द पहेली - 5380



**बाएँ से दाए-**
1. पक्षियों का शोर-4
3. मुठभेड़, भिड़ंत-4
5. क्रोधित होवा-5
8. लाश, पार्थिव देह-2
10. नवीन-2
11. सरिता-2
12. संजय दत्त, मंदाकिनी अभिनीत फिल्म-2
13. दोजख, नर्क-3
15. नमकीन लवण-3
17. बेकार-3
18. आंचल-3
20. फायदा, लाभ-2
21. चिट्ठी, पत्र-2
22. जी, चित-2
24. संपूर्ण-2
26. कुचलना, दबाना-3
28. दाड़म, एक फल-3
30. सांभर जैसा खाद्य पदार्थ-3
32. खिचड़ी, पुलाव-3
34. मां, आई-2
35. भाग्य (अंग्रेजी-2)
36. सौतन-2
38. लीन-2
39. चमकीला-5
40. नसीब, किस्मत-4
41. चुनौती-4

**ऊपर से नीचे**
1. दलाली-4
2. स्वदेश, जन्मभूमि-3
3. दौंडी पीटना-3
4. बेमिसाल-4
6. इसमें तलवार रखते हैं-3
7. मापदंड, आदर्श-3
9. इच्छित वस्तु-4
12. जीरक, कणिका-2
14. थोड़ा, जरा-2
16. आनंद-2
17. क्रोधित, रुष्ट-2
19. अदा-3
20. पति की बहन-3
23. मन को हरने वाला-4
24. निष्कर्ष-2
25. उम्मीद-2
27. वोट, अभिमत-2
28. धरोहर, थाती-4
29. रिश्ता-2
30. नकद राशि, रोकड़-3
31. संधिपत्र, मसविदा-3
33. रीति अनुसार-4
35. अदृढ, तर्कहीन-3
37. द्रव पदार्थ-3

**शब्द पहेली -5379 का हल**



## सूडोकु नवताल - 5390

✱✱✱✱ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | | 1 | 5 | |
| 2 | | | | | 1 | 8 | | |
| 3 | | | 4 | | 6 | 7 | | 9 |
| 5 | | | | | 9 | | | |
| | 9 | | 2 | 3 | 4 | | 7 | |
| | | | 1 | | | | | 8 |
| 4 | | 7 | 6 | | 5 | | | 1 |
| | | 6 | 7 | | | | | 4 |
| | 5 | 3 | | | | 2 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5389 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 7 | 5 | 2 | 1 | 4 | 8 | 6 |
| 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 | 1 | 3 |
| 8 | 6 | 1 | 3 | 7 | 4 | 9 | 5 | 2 |
| 2 | 8 | 9 | 1 | 5 | 3 | 6 | 4 | 7 |
| 4 | 7 | 3 | 2 | 8 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 6 | 1 | 5 | 4 | 9 | 7 | 2 | 3 | 8 |
| 9 | 3 | 4 | 7 | 1 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 8 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 1 | 2 | 8 | 6 | 4 | 5 | 3 | 7 | 9 |

# गिरते को करो सलाम, खूब लगाओ दांव, बरसेगा धन

- बाजार में तेज गिरावट के समय दिग्गज देते हैं खरीदारी की सलाह
- यह पैसा बढ़ाने का सबसे बेहतर फार्मूला, कभी नहीं होंगे कंगाल
- अक्सर गिरावट के समय लोग पैनिक होते और पैसे निकालते हैं
- यह परंपरा गलत, रिकवरी का नहीं मिलता लाभ, होता है नुकसान
- निवेश का पहला मूल मंत्र संयम बनाए रखें
- इंतजार करें और अपने निवेश को बढ़ाते जाएं
- बाजार के उतार-चढ़ाव से घराएं नहीं
- शेयर बाजार में निवेश के लिए जरूरी है धैर्य
- जल्दबाजी में शेयर बेचने से हो सकता है नुकसान
- शेयर में पैसा लगाने से पहले देखें कंपनी की वित्तीय स्थिति



## निवेश मंत्रा

बिजनेस डेस्क

शेयर बाजार में निवेश कर रहे हैं या करने जा रहे हैं तो एक बात पल्ले गांठ बांध लें कि मोटे पैसे कमाने का कोई शॉर्टकट नहीं होता। इसलिए सबसे पहले तो लंबी अवधि के निवेश पर ध्यान दें। निवेश करने से पहले जिस कंपनी के शेयर खरीद रहे हैं, उसकी प्रोफाइल भी जांच लें। हां एक बात और ध्यान रखें की निवेश से पहले अपने गोल तय करें और शेयर बाजार के उतार-चढ़ाव से घबराएं नहीं। धैर्य और संयम बनाए रखें। अक्स्त्र देखने में आता है कि पैसा लगाने वाले नए लोग एक बड़ी गलती ये करते हैं कि वह बढ़ते शेयरों पर दांव खेलते हैं। इसमें कुछ खराबी नहीं है, लेकिन इनसे कमाई की संभावना कम होती है या रिटर्न बेहद कम ही मिल पाता है। कई बार तो नुकसान भी उठाना पड़ता है। अगर कोई शेयर अपने 52 हफ्तों के हाई के आसपास ट्रेड कर रहा है तो नए निवशकों को उससे दूरी ही बनाए रखनी चाहिए, क्योंकि उस शेयर के गिरने के चांस काफी हाई होते हैं। इसलिए अक्सर कहा जाता है कि बाजार में ऐसे शेयरों में पैसा लगाएं जो काफी टूट गए हों। यानी शेयर बाजार में गिरते को सलाम करें और खूब निवेश करेंगे तो धन बरसेगा यानी आपको बेहतर रिटर्न मिलेगा।

बाजार के जानकारों का कहना है कि यह कोई नहीं बात नहीं है। यह काफी पुराना और आजमाया हुआ फॉर्मूला है। बाजार के मंझे हुए खिलाड़ी इसे अच्छे से समझते हैं, लेकिन इसमें एक परेशानी यह है कि आपको कैसे पता चलेगा कि कोई शेयर अब अपने निचले स्तर तक पहुंच चुका है और अब वह उससे नीचे नहीं जाएगा। इसके पीछे कई फैक्टर्स काम करते हैं, लेकिन एक महत्वपूर्ण इंडिकेशन है कि उस शेयर का पिछला रिकॉर्ड लो है। अगर वह शेयर अपने रिकॉर्ड लो के करीब या उससे नीचे पहुंच गया है तो इसका मतलब है कि अब उस शेयर में खरीदारी का समय है। इस समय निवेशकों को चाहिए कि वे निवेश करें और अच्छा रिटर्न प्राप्त करें।



### अगर जारी रहा डाउनवर्ड ट्रेंड

एक सवाल ऐसे में यह भी उठता है कि अगर कोई शेयर नीचे गिरना जारी रहा तो क्या होगा। कई इन्वेस्टमेंट एडवाइजरी फर्म इस पर कहती है कि अगर कोई शेयर नीचे गिरना जारी रहता भी है तो भी घबराने की जरूरत नहीं है। कई बार मार्केट डाउन होने पर मजूबत शेयर भी क्रॉस फायरिंग में फंसते हैं और गिरते रहते हैं। यही वह समय है जब आपको घबराने की जरूरतर नहीं है और संयम बरतना है। अगर ऐसे में गिरावट से आपको घाटा लग भी रहा हो तो भी अपने शेयर को बेचें नहीं और धैर्य बनाए रखें, क्योंकि ये मजबूत शेयर जरूर वापसी करेंगे और आपके द्वारा डिस्काउंट पर की गई खरीदारी आपको जबरदस्त कमाई कराएगी यानी आपको मालामाल होने से कोई नहीं रोक पाएगा।

### किस बात का रखना है विशेष ध्यान

यह जरूर याद रखें कि किसी भी शेयर को बिना जांचे परखे न खरीदें। शेयर खरीदने से पहले कंपनी के वित्त और उस सेक्टर के भविष्य को लेकर अध्ययन जरूर कर लें। गिरावट की स्थिति में अगर खराब शेयर हाथ में लग तो 'कंगाली में आटा गीला' वाला हाल हो जाएगा।

### दिग्गजों की सलाह

जाने-माने निवेशक वॉरेन बफे ने 2016 में कहा था कि जब मार्केट नीचे जा रहा हो तो शेयर खरीदने से पहले बहुत ज्यादा छानबीन नहीं करेंगे तो भी चल जाएगा। दिग्गज निवेशक जैक बोगल ने भी एक इंटरव्यू में 2018 में कहा था कि बाजार में हो रहे बदलावों (गिरावट) से घबराकर अपने मन को ना बदलें और शेयर खरीदकर उसे होल्ड करें। अगर आप रिकवरी (बाजार की) का फायदा उठाने से चूके तो संभव है कि आप अपने वित्तीय लक्ष्यों से भी चूक जाएं।

### अनुशासन बनाए रखें

पोर्टफोलियो में नाटकीय रूप से बदलाव करते रहने से जोखिम बढ़ता है। ऐसी आदत लंबी अवधि के लक्ष्यों पर नकारात्मक असर डाल सकती है। बेहतर होगा कि बाजार में फौरी उतार-चढ़ाव को नजरअंदाज करें और अनुशासन बनाए रखें। यदि पोर्टफोलियो में बदलाव जरूरी लगे तो छोटे-छोटे बदलाव करें। इन बदलावों से आपको अच्छा मुनाफा मिल सकता है। जरूरी यह है कि निवेश में हमेशा अनुशासन बनाए रखें और निवेश करते जाएं।

### घबराहट में निर्णय न लें

हमेशा याद रखें कि अर्थव्यवस्था और बाजार का मिजाज चक्रीय होता है। जिस तरह तेजी का दौर आता है, वैसा ही गिरावट का दौर भी बन सकता है। जाहिर है, गिरावट वाले दौर में घबराकर बिकवाली करना अच्छी रणनीति नहीं होगी। अच्छे शेयर अक्सर लंबी अवधि में बेहतर रिटर्न देते हैं।

### नुकसान में न बेचें शेयर

उतार-चढ़ाव शेयर बाजार का स्वभाव है। निवेशकों को शेयर बाजार में आई गिरावट से घबराना नहीं चाहिए। अगर आपने शेयर बाजार में पैसा लगा रखा है और इसमें आपको अभी नुकसान हुआ है तो भी आपको नुकसान में अपने शेयर बेचने से बचना चाहिए। क्योंकि लॉन्ग टर्म में मार्केट में रिकवरी की उम्मीद है। ऐसे में अगर आप अपने शेयर्स को लम्बे समय के लिए होल्ड करते हैं तो आपको नुकसान होने की उम्मीद कम हो जाएगी।



# सिर्फ 100 रुपए हर रोज बचाएं और बन जाएं मालामाल



सुझाव | बिजनेस डेस्क

- सिर्फ चाय-सिगरेट के पैसों से भी बन सकते हैं करोड़पति
- नौकरी के साथ साथ ही तैयार हो जाएगा मोटा फंड
- चैन से कटेगा बुढ़ापा, बच्चों की शिक्षा के खर्च की नहीं होगी टेंशन
- म्यूचुअल फंड की एसआईपी में 12 फीसदी तक मिल रहा रिटर्न

कहते हैं कि अमीर बनने का सबसे आसान तरीका है, बचत करना। आजकल तो निवेश के ऐसे विकल्प भी मौजूद हैं, जो मामूली सी रकम को पैसों के ढेर में बदल सकते हैं। बावजूद इसके लोगों में बचत और निवेश को लेकर जागरुकता काफी कम है। अगर कोई निवेशक सिर्फ चाय और सिगरेट की आदत छोड़कर इन पैसों को निवेश करें तो नौकरी खत्म होने तक उनके पास 1 करोड़ रुपए से ज्यादा का फंड जमा हो जाएगा। बाजार के जानकारों का कहना है कि निवेश को लेकर लोगों के सुस्त रुझान से बहुत दिक्कतें आती हैं और कई लोग तो आर्थिक रूप से तंगहाली में ही दम तोड़ देते हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत में करीब 20 करोड़ ऐसे यूजर हैं, जिनके पास किसी न किसी ओटीटी का सब्सक्रिप्शन है. इस पर हर महीने 150 से 200 रुपए खर्च करते हैं, लेकिन म्यूचुअल फंड में 100 रुपए से भी निवेश करने वालों की संख्या इसकी महज 10 फीसदी यानी 2 करोड़ है। राधिका की बात कई मायनों में सही भी है, क्योंकि अगर नौकरी शुरू करने वाला युवा सिर्फ रोज के चाय-सिगरेट जितने खर्च का पैसा भी निवेश करे तो रिटायरमेंट तक मोटा फंड तैयार हो जाएगा।

### हर महीने कितना पैसा होगा जमा

मान लीजिए कोई दिनभर में सिर्फ 3 सिगरेट पीता है, जिस पर उसका औसतन खर्चा 60 रुपए होता है। इसके अलावा ऑफिस टाइम में 3 से 4 कप चाय पीता है तो भी औसतन 40 रुपए का खर्चा आएगा। दोनों को जोड़ दिया जाए तो रोजाना सिर्फ चाय-सिगरेट पर ही 100 रुपए का खर्चा हो जाएगा। यानी महीने में निवेश करने वाली रकम करीब 3,000 रुपए होगी।

### कैसे बनेगा करोड़ों का फंड

निवेश के जानकारों का कहना है कि अगर सिर्फ रोजना के चाय और सिगरेट के पैसों को निवेश किया जाए तो नौकरी करने के दौरान यानी करीब 30 साल में 1 करोड़ रुपए से ज्यादा का फंड तैयार हो जाएगा। अगर 30 साल की उम्र में नौकरी शुरू करने के साथ ही कोई 3000 रुपए हर महीने की एसआईपी शुरू करता है तो 30 साल में उसकी ओर से कुल 10.80 लाख रुपए का निवेश किया जाएगा। इक्विटी म्यूचुअल फंड का लंबी अवधि में औसतन रिटर्न 12 फीसदी रहता है। इसी रिटर्न से देखा जाए तो रिटायरमेंट तक यह निवेश बढ़कर 1,05,89,741 रुपए पहुंच जाएगी। इस दौरान 95,09,741 रुपए सिर्फ ब्याज के रूप में मिलेंगे।

### किस फंड पर दांव लगाना सही

ऐसा नहीं है कि म्यूचुअल फंड सिप पर 12 फीसदी रिटर्न सिर्फ कहने की बात है। बाजार में कई ऐसी फंड योजनाएं हैं, जो 20 साल की लंबी अवधि में 12 फीसदी से कहीं ज्यादा रिटर्न देने की क्षमता रखती हैं। पॉलिसीबाजार डॉट कॉम के अनुसार, कई ऐसे ही फंड हैं, जिनका 20 साल का औसतन रिटर्न 12 फीसदी से कहीं ज्यादा है।

### इन फंडों का ऐसा रिटर्न

- आदित्य बिड़ला वेल्थ एस्पायर फंड ने 10 साल से ज्यादा निवेश पर 19.20% फीसदी का रिटर्न दिया है।
- बजाज आलियांज स्मार्ट वेल्थ लक्ष्य ने भी 10 साल से ज्यादा के निवेश पर 17.90% सालाना का रिटर्न दिया।
- एचडीएफसी लाइफ संपूर्ण निवेश में पैसे लगाने वालों को लंबी अवधि में हर साल 17.70% का रिटर्न मिला।
- मैक्स लाइफ ऑनलाइन बचत ने भी 10 साल से ज्यादा के निवेश पर 16.90% का रिटर्न मिला।
- भारती एक्सा लाइफ वेल्थ प्रो फंड ने भी 10 साल से ज्यादा अवधि में 16.60% का औसतन रिटर्न दिया है।

प्लानिंग से बनेगा फटाफट पैसा, आराम से कटेगा बुढ़ापा

# सिर पर आ गया रिटायरमेंट तो ऐसे करें निवेश का प्लान

जानकारी | बिजनेस डेस्क

*इक्विटी फंड लंबी अवधि में 10 फीसदी से ज्यादा रिटर्न दे रहे*

यह बात सही है कि निवेश और बचत जितनी जल्दी शुरू की जाए, उतना ही बेहतर होता है और फायदा भी ज्यादा मिलता है, लेकिन, जिंदगी की जिम्मेदारियों को पूरा करने और लोन वगैरह चुकाने में फंसकर रह गए और सेविंग नहीं कर सके। ऊपर से रिटायरमेंट भी सिर पर आ गया है तो अब कहां पैसा लगाएं, जिससे फटाफट आपके खाते में एक मोटा फंड जमा हो जाए। रिटायरमेंट की प्लानिंग भी कई बार खर्चों और जिम्मेदारी की वजह से नहीं हो पाती और आप देखते ही देखते 50 की उम्र पार कर जाते हैं। अगर आपके साथ भी ऐसा ही हुआ है और अभी तक रिटायरमेंट के लिए पैसे नहीं जोड़ सके हैं तो निवेश की अलग रणनीति बनाकर मोटा फंड जुटा सकते हैं। इसके लिए जरूरी है कि आपकी देनदारियां कम हों और आप बाजार में थोड़ा जोखिम उठाने के लिए भी तैयार हों। आप भी इक्विटी में कम से कम 10 साल के लिए निवेश कर अच्छा रिटर्न प्राप्त कर सकते हैं। इक्विटी फंडों ने 10 साल से ज्यादा समय के निवेश में 10 फीसदी से अधिक रिटर्न दिया है। इस तरह आसानी से अच्छा फंड जुटाकर बुढ़ापे का जुगाड़ किया जा सकता है।

> *"रिटायरमेंट करीब आ गया है और आपके पास बुढ़ापे के लिए सेविंग नहीं है। ऐसे लोगों के लिए भी निवेश के कई विकल्प हैं, जहां कम समय में ही मोटा पैसा बनाया जा सकता है। अगर आप भी ऐसा कुछ सोच रहे हैं तो आप भी इक्विटी में कम से कम 10 साल के लिए निवेश कर अच्छा रिटर्न प्राप्त कर सकते हैं। इक्विटी फंडों ने 10 साल से ज्यादा समय के निवेश में 10 फीसदी से अधिक रिटर्न दिया है। इस तरह आसानी से अच्छा फंड जुटाकर बुढ़ापे का जुगाड़ किया जा सकता है।"*



### ज्यादा रिटर्न वाले विकल्प चुनें

किसी भी नौकरीपेशा के लिए 50 साल की उम्र वह पड़ाव होता है, जब उसकी आय अपने उच्चतम स्तर पर और लोन आदि की देनदारियां लगभग खत्म होने की कगार पर रहती हैं। ऐसे में निवेशक जोखिम लेने में भी सक्षम रहता है तो उसकी पूरी रणनीति ज्यादा रिटर्न पाने की होनी चाहिए। इसके लिए इक्विटी आधारित निवेश पर जोर देना बेहतर होगा। कुछ हिस्सा इंटरनेशनल इक्विटी फंड, डेट फंड और सोने में भी लगाना चाहिए। निवेशक ध्यान रखें कि इक्विटी में लगाने वाले पैसे को कम से कम 10 साल तक बनाए रखेंगे तो 10-12% का जबरदस्त रिटर्न मिल सकता है।

### ... जोखिम नहीं लेना चाहते तो

50 साल से ज्यादा उम्र के ऐसे निवेशक, जिनमें जोखिम लेने की क्षमता नहीं होती और शॉर्ट टर्म का लक्ष्य लेकर चलते हैं, उन्हें लार्जकैप सेग्मेंट में सबसे ज्यादा निवेश करना चाहिए। ऐसे निवेशकों को लॉर्जकैप फंड में कुल फोलियो का 50%, मल्टीकैप फंड में 40%, मिड और स्मॉलकैप फंड में 10% का निवेश करना चाहिए। इसके अलावा अन्य फंड से फोलियो घटाना हो तो कम अवधि वाली एफडी और पोस्ट ऑफिस की योजनाओं में निवेश कर सकते हैं।

### यह नियम अपना सकते हैं

- 60 के करीब हैं तो 3 भाग में बाटें पैसाः जब आपकी उम्र 60 के करीब हो या आप रिटायरमेंट ले चुके हैं तो निवेश को तीन भागों में बांटकर रिटर्न का लक्ष्य बनाएं।
- पहला लिक्विड फंड का खाता बनाएं जो आपको जरूरत पड़ने पर तत्काल पैसे उपलब्ध करा सके। इसमें 40 महीने के खर्च के बराबर राशि जमा करें, जो एफडी या शार्ट टर्म बांड में लगाई जा सकती है। इसमें 15-20% का निवेश हो।
- दूसरा स्थायी आय का विकल्प तैयार करें, जिससे निवेश पर कोई जोखिम न हो और निश्चित रिटर्न भी मिलता रहे। इसके लिए वय वंदन योजना या आरबीआई बांड में पैसे लगा सकते हैं। इसमें 45-50% का निवेश करना चाहिए।
- तीसरे विकल्प में ज्यादा रिटर्न देने वाले निवेश शामिल करें, जो फंड को तेजी से बढ़ा सकें। इसके लिए बाजार से जुड़े इक्विटी उत्पाद चुन सकते हैं। इसमें 30-40% हिस्सा लगाना चाहिए।

# आपके माता-पिता के लिए बेस्ट हैं ये सुरक्षित निवेश की स्कीम

बिजनेस डेस्क

रिटायरमेंट के बाद ज्यादातर निवेशक अपने रुपये पैसे को लेकर ज्यादा सजग रहते हैं और जब निवेश की बात होती है तो वह इसके लिए पूरी तरह से सुरक्षित विकल्प खोजते हैं। सीनियर सिटीजंस के लिए अपनी जमा पूंजी के बड़े हिस्से को सुरक्षित निवेश करने और उसके जरिए स्टेबल रिटर्न पाने के लिए फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) सबसे अच्छे विकल्पों में शामिल है। असल में रिटायरमेंट के बाद निवेशक बाजार का ज्यादा जोखिम लेने की स्थिति में नहीं होते हैं। ऐसे में निश्चित रूप से फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) जैसे सुरक्षित निवेश विकल्प उनके लिए बेहतर है। इस पर न सिर्फ रिटर्न की गारंटी होती है, बल्कि आपका पैसा भी सुरक्षित रहता है। सीनियर सिटीजेंस फिक्स्ड डिपॉजिट पर बैंक सामान्य एफडी की तुलना में ज्यादा ब्याज देते हैं। इन योजनाओं में जोखिम बहुत ही कम होता है।

### बैंक देते हैं ज्यादा ब्याज

सीनियर सिटीजन आम तौर पर बाजार का रिस्क नहीं लेना चाहते हैं। उनकी जोखिम लेने की क्षमता कम होती है और वे अपना पैसा सुरक्षित निवेश विकल्पों में निवेश करते हैं। बैंक या अन्य वित्तीय संस्थान सीनियर सिटीजंस को लो रिस्क कैटेगरी का मानते हैं और उन्हें निवेश के लिए आकर्षित करने के लिए एफडी पर ज्यादा ब्याज दरों की पेशकश करते हैं। एक और वजह यह है कि बैंक उन्हें अपना भरोसेमंद ग्राहक मानते हैं, क्योंकि रिटायरमेंट के बाद ज्यादातर सीनियर सिटीजंस की पसंद एफडी होती है।

### सीनियर सिटीजेंस एफडी के फायदे

ज्यादातर बैंक सीनियर सिटीजंस फिक्स्ड डिपॉजिट में सामान्य फिक्स्ड डिपॉजिट स्कीम की तुलना में 50 बेसिस प्वॉइंट यानी 0.50 फीसदी अतिरिक्त ब्याज देते हैं। आपने तय ब्याज दर पर एफडी लॉक कर दी तो मैच्योरिटी तक दरों में कोई बदलाव नहीं होगा। यानी गारंटी के साथ रिटर्न मिलेगा। भारत में आरबीआई द्वारा बैंकों को रेगुलेट किया जा रहा है। सरकार समर्थित स्कीम होने के चलते एफडी पूरी तरह से सुरक्षित है।

### यह भी विकल्प

फिक्स्ड डिपॉजिट यानी एफडी पर एनुअल बेसिस पर, तिमाही बेसिस पर या मंथली बेसिस पर इंटरेस्ट पेआउट का विकल्प चुन सकते हैं। एफडी का इस्तेमाल लोन लेने के लिए कोलैटरल के रूप में किया जा सकता है। सबसे जरूरी कि इसमें अकाउंट खोलने की प्रक्रिया बेहद आसान है।

### कितना लगता है टैक्स

बैंकों में 5 साल की टैक्स सेविंग एफडी में निवेश करने पर इनकम टैक्स एक्ट के सेक्शन 80सी के तहत 1.50 रुपए तक की जमा पर टैक्स बेनिफिट ले सकते हैं। वहीं, इनकम टैक्स एक्ट के सेक्शन 80टीटीबी के अनुसार, सीनियर सिटीजंस एफडी पर एक वित्त वर्ष में अर्जित होने वाले 50 हजार रुपए तक के ब्याज पर टैक्स नहीं देना होता है। अगर किसी वित्त वर्ष में ब्याज की राशि 50 हजार रुपए से अधिक हो तो बैंक इस आय पर टीडीएस वसूलेंगे। आईटी की धारा 194ए के तहत टीडीएस वर्तमान में 10 फीसदी कम है। वरिष्ठ नागरिक एफडी पर अर्जित ब्याज के तहत टैक्स छूट का दावा करने के लिए फॉर्म 15एच का उपयोग कर सकते हैं।

### फॉर्म 15जी/फॉर्म 15एच की प्रयोज्यता

यदि आपकी मूल आय 2.50 लाख रुपए प्रति वर्ष की छूट सीमा से कम है। केवल एक व्यक्ति (60 वर्ष तक) या एचयूएफ या ट्रस्ट, फॉर्म 15जी जमा कर सकता है। यह कंपनियों और व्यवसायों के लिए नहीं है। 60 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति को फॉर्म 15जी के स्थान पर फॉर्म 15एच भरना और जमा करना होता है।

म्यूचुअल फंड में निवेश के कई बेहतर विकल्प, पति की रिटायरमेंट तक बना लेंगी अच्छा खासा फंड

# हाउसवाइफ भी जोड़ सकती हैं करोड़ों की रकम

अक्सर देखा जाता है कि घरेलू महिलाओं के सामने आर्थिक आजादी की समस्या आ जाती है। जिंदगी में हर काम के लिए वह पति की कमाई और पूंजी पर निर्भर रह जाती हैं। लेकिन वे भी थोड़ी सी सावधानी के साथ बचत और निवेश करें तो आर्थिक रूप से आजादी के साथ ही पति की रिटायरमेंट तक घर की जिम्मेदारियों के साथ-साथ एक करोड़ से ज्यादा का फंड बना सकती है।

तैयारी | बिजनेस डेस्क

*हाउसवाइफ के पास अपनी कमाई का निश्चित जरिया नहीं*

हाउसवाइफ की जिंदगी किसी भी नौकरी पेशा से अधिक बिजी होती है। सुबह जल्दी जागकर घर का सारा काम करना। पति के लिए नाश्ता और लंच बनाना। बच्चों का टिफिन तैयार करना और बुजुर्गों की दिनभर देखभाल करना। एक हाउसवाइफ के लिए यह सारे काम रोज सांस लेने की तरह हैं। एकदम ऑफिस में काम करने जैसा, लेकिन इतना सारी जिम्मेदारियों के बाद भी वह आर्थिक रूप से आजाद नहीं रहती। सोचो क्या उनके पास वित्तीय आत्मनिर्भरता रहती है। 100 में 90 का जवाब होगा, नहीं। पर, अगर आप थोड़ा सा वक्त और पैसा अपने लिए निकालें तो पति की रिटायरमेंट होने तक एक करोड़ से ज्यादा का फंड जुटा लेंगी। इसलिए आपको सिर्फ थोड़ी सी प्लानिंग के तहत काम करना होगा और एक महीने में अपने रोजमर्रा के खर्चे से कम से कम 2600 रुपए तक बचाने होंगे। एक स्टॉक ब्रोकर कंपनी का कहना है कि ज्यादातर हाउसवाइफ की नजर सिर्फ परिवार की देखभाल और उनसे जुड़ी जिम्मेदारियों तक सिमटकर रह जाती है। इस भागदौड़ के बीच अगर सिर्फ मट्ठी भर पैसा हर महीने अपने नाम से जमा करना शुरू कर दें, तो पति की रिटायरमेंट तक आपके पास भी मोटा फंड बन जाएगा। आज महिलाओं के लिए भी ऐसे निवेश विकल्प हैं, जहां थोड़े पैसे लगाकर भी लंबी अवधि में बड़ी पूंजी जमा हो जाती है।

### कितने पैसे की होगी जरूरत

यह बात तो सभी जानते हैं कि हाउसवाइफ के पास अपनी कमाई का कोई निश्चित जरिया नहीं होता। इस लिहाज से घर खर्च में पैसे बचाकर वे अपने पास हर महीने कुछ रुपये जमा कर सकती हैं। अगर आप भविष्य के लिए फंड बनाने की सोच रहीं तो बस आपको बच्चे की रोजाना टिफिन जितना खर्चा ही बचाना होगा। मान लीजिए, बच्चे की रोज की टिफिन और जेब खर्च के पीछे आपके 100 रुपए खर्च होते हैं, तो हर महीने आप 4 रविवार हटाकर भी 2,600 रुपए का फंड जुटा लेंगे।



### इन पैसों को करें निवेश

आपने देखा कि हर महीने आपके पास 2,600 रुपए जमा हो रहे हैं तो अब आप एक म्यूचुअल फंड की एसआईपी खुलवा दीजिए। म्यूचुअल फंड में आप हर महीने 2,600 रुपए भी जमा करती हैं तो लंबी अवधि यानी 10 साल से ज्यादा के समय में आपको इस पर हर साल 12 फीसदी का औसत रिटर्न मिल जाएगा।

### पति की रिटायरमेंट तक कितना पैसा

मान लीजिए आपकी शादी 28 साल की उम्र में होती है और पति की रिटायरमेंट उम्र 60 साल है। इस तरह आपके पास निवेश करने के लिए 32 साल मिलेंगे। इन 32 सालों में 2,600 रुपए हर महीने के हिसाब से आप कुल 9,98,400 रुपए यानी करीब 10 लाख रुपए का निवेश कर सकेंगी। इस पर हर साल 12 फीसदी का रिटर्न मिलता है तो 32 साल में आपका कुल फंड बढ़कर 1,17,24,172 रुपए हो जाएगा, जिसमें ब्याज की रकम 1,07,25,772 रुपए होगी।

### इकोनॉमी में 16% से ज्यादा का योगदान

ध्यान रखने वाली बात यह है कि आपने 32 साल तक लगातार एक ही निवेश बनाए रखा है। अगर आप हर साल निवेश की जाने वाली राशि में बढ़ोतरी करते हैं तो यह फंड और भी ज्यादा हो जाएगा। इस तरह, पति की रिटायरमेंट आने तक आप घर में रहकर एक करोड़ से ज्यादा फंड तैयार कर लेंगी। इस तरह हाउसवाइफ को भी आर्थिक आजादी मिलेगी और वह भी आसानी से एक बढ़िया फंड तैयार कर लेगी। इसलिए जरूरी है कि महिलाओं को भी अपने रोजमर्रा के खर्च से कुछ न कुछ बचाकर निवेश करना चाहिए। इससे उनको आत्मनिर्भर बनने से कोई नहीं रोक सकता।

वर्ष 2023 गुजर रहा है और नूतन वर्ष 2024 का आगमन हो रहा है। चालू वर्ष में देश की राजनीति, अर्थव्यवस्था ने कैसा प्रदर्शन किया और नए साल में यह कैसी रहेंगी, इस पर विवेचना आवश्यक है। विदेश नीति के मोर्चे पर भी चालू वर्ष में भारत के शानदार प्रदर्शन और नए साल की चुनौतियों से भी रूबरू होना जरूरी है। वर्ष 2023 राजनीति के लिहाज से काफी उथलपुथल वाला रहा, तो आर्थिक मोर्चे पर देश ने शानदार प्रदर्शन किया। भारत वैश्विक स्तर पर एक ग्लोबल ताकत बनकर उभरा। नए वर्ष में लोकसभा के साथ कुछ राज्यों में विधानसभा चुनाव भी होने हैं, इसलिए यह वर्ष भी राजनीतिक उथलपुथल वाला रहेगा। वैश्विक दिक्कतों के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था नए वर्ष में भी सबसे तेज गति से आगे बढ़ेगा। नए साल में भारत की संतुलित व मजबूत विदेश नीति देखने को मिलेगी। राजनीति, अर्थव्यवस्था व विदेश नीति में गुजरते साल की उपलब्धियों और नए साल की चुनौतियों का आंकलन करता आजकल का यह अंक...



# भविष्य की तैयारी का समय



**राजनीति**

प्रणय यादव
वरिष्ठ पत्रकार

ये वक्त भूत की समीक्षा करके भविष्य की तैयारी करने का है। साल का अंत है। नए वर्ष की दस्तक है। हर क्षेत्र में साल भर में क्या हुआ और अगले वर्ष क्या होने वाले है इसकी विवेचना हो रही है इसलिए राजनीतिक दृष्टि से भी ये होना चाहिए। पिछला साल राजनीतिक गतिविधियों के लिहाज है, सरकार के फैसलों के लिहाज से बहुत ही महत्वपूर्ण साल था। और आने वाला साल देश के राजनीतिक और आर्थिक भविष्य की दिशा तय करेगा।

नए साल की शुरूआत जय श्रीराम के उद्घोष से हो रही है। अयोध्या में रामलला का भव्य मंदिर बनकर तैयार हो गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी साल खत्म होने से एक दिन पहले टेंट में बैठे रामलला के दर्शन कर आए। अब 22 जनवरी को भव्यमंदिर में रामलला की स्थापना करेंगे। इसमें तो कोई दो राय नहीं कि 22 जनवरी को होने वाला कार्यक्रम ऐतिहासिक है। पांच सौ सालों के रामभक्तों के संघर्ष की परणिति है, लेकिन भाजपा, संघ और विश्व हिन्दू परिषद ने रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को एक सामाजिक आंदोलन का रूप दे दिया है। घर घर पीले चावल पहुंचाए जा रहे हैं। पांच लाख मंदिरों में कार्यक्रम के सीधे प्रसारण का इंतजाम किया जा रहा है। यानि पूरा देश राममय हो रहा है। ये भक्ति भाव के लिहाज से तो अच्छी बात है, लेकिन राजनीतिक लिहाज से विरोधी दलों के टेंशन को बढ़ाने वाली है। अयोध्या को भाजपा ने भक्ति की शक्ति का प्रतीक बना दिया है। प्रोग्राम का न्योता विरोधी दलों के जिन नेताओं को दिया गया है। वो ये तय नहीं कर पा रहे हैं कि जाएं या न जाएं। जिनको निमंत्रण नहीं मिला है वो इसलिए परेशान हैं कि जाएं तो कैसे जाएं। क्योंकि सब जानते हैं कि अब भक्तिभाव चरम पर होगा और भाजपा लोकसभा चुनाव की वैतरणी राम का नाम लेकर ही पार करेगी। अयोध्या का मुद्दा भाजपा के लिए ऐसा है, जिसमें चिट भी मेरी पट भी मेरी और अंटा मेरे बाप का। विरोधी दलों के जिन नेताओं को बुलाया गया है, अगर वो समारोह में शामिल हुए। रामलला के दर्शन करने पहुंचे तो भाजपा के नेता कहेंगे जो लोग राम के अस्तित्व को नरकारते थे, जो राम मंदिर के विरोधी थे, आज वो भी राम भजन कर रहे हैं इसका क्रेडिट भाजपा को मिलना चाहिए। और अगर विरोधी दलों के नेता नहीं गए। तो उन्हें रामविरोधी घोषित कर दिया जाएगा। कुल मिलाकर अगले साल राम राजनीति के केन्द्र होंगे। और अयोध्या के मुद्दे पर विपक्षी पार्टियों के लिए इधर कुंआ ऊधर खाई वाली स्थिति होगी।

> **नए साल की शुरूआत जय श्रीराम के उद्घोष से हो रही है। अयोध्या में रामलला का भव्य मंदिर बनकर तैयार है। प्रधानमंत्री मोदी साल खत्म होने से एक दिन पहले ही टेंट में बैठे रामलला के दर्शन कर आए। अब 22 जनवरी को भव्यमंदिर में रामलला की स्थापना होगी। इसमें कोई दो राय नहीं कि 22 जनवरी को होने वाला कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा। पांच सौ सालों के रामभक्तों के संघर्ष की परणिति है, लेकिन बीजेपी, संघ और विश्व हिन्दू परिषद ने रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को एक सामाजिक आंदोलन का रूप दे दिया है। घर-घर पीले चावल पहुंचाए जा रहे हैं। पांच लाख मंदिरों में कार्यक्रम के सीधे प्रसारण का इंतजाम किया जा रहा है। यानि पूरा देश राममय हो रहा है।**

भाजपा के एजेंडे में तीन बड़े मुद्दे थे। राम मंदिर का निर्माण, आर्टिकल 370 को हटाना और कॉमन सिविल कोड। दो तिहाई एजेंडा पूरा हो गया। नरेंद्र मोदी ने दूसरी बार पूर्ण बहुमत की सरकार बनाई। उसके बाद पहला फैसला आर्टिकल 370 को खत्म करने का था। और पिछले महीने सुप्रीम कोर्ट ने इस फैसले पर मुहर लगा दी। उन सभी पिटीशन को खारिज कर दिया जिनमें आर्टिकल 370 को खत्म करने के फैसले की



संवैधानिकता को चुनौती दी गई थी। देश की सबसे बड़ी अदालत ने, संवैधानिक पीठ ने यह सरकार के फैसले को संविधान के अनुरूप बताया। इसलिए अब आर्टिकल 370 हमेशा हमेशा के लिए खत्म हो गया, लेकिन इस पर सियासत जारी रहेगी। भाजपा चुनावों में इसका जिक्र करेगी। और कांग्रेस समेत जो पार्टियां इस फैसले के लिए सरकार की आलोचना कर रही हैं उनसे पूछेंगी कि अगर वो आर्टिकल 370 खत्म होने से परेशान हैं तो अपने मैनीफेस्टो में ये वादा क्यों नहीं करते कि अगर वो सत्ता में आए तो आर्टिकल 370 को वापस लाएंगे। इसी तरह अयोध्या में मंदिर बनकर तैयार है। 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा हो जाएगी। इसके बाद भाजपा पांच-पांच हजार श्रद्धालुओं को रोज अयोध्या में रामलला के दर्शन के लिए ले जाएगी। इसका मतलब किसी न किसी तरह चुनाव तक अयोध्या के मुद्दे को चर्चा में रखा जाएगा। अब भाजपा के एजेंडे में तीसरा मुद्दा रह गया कॉमन सिविल कोड। मतलब अब देश में कॉमन सिविल कोड की बात शुरू होगी। हालांकि भाजपा ने इसकी भूमिका बनाने का काम पहले ही शुरू कर दिया था। तीन तलाक खत्म करना इसका पहला चरण था। अब असम सरकार बिना तलाक दिए दूसरी शादी करने को गैरकानूनी घोषित करने का कानून बनाने जा रही है। यानि मुसलमानों को चार-चार शादियां करने का जो हक हासिल है वो खत्म होगा। इधर, केन्द्र सरकार ने आईपीसी और सीआरपीसी को तो पूरी तरह बदल दिया है। अब भारतीय दंड संहिता और भारतीय न्याय संहिता लागू हो गई है। अब अगला कदम कॉमन सिविल कोड की तरफ होगा, लेकिन इस तरफ नरेंद्र मोदी की सरकार चुनाव से पहले बढ़ेगी या चुनाव के बाद ये फिलहाल कहना मुश्किल है।

ऐसा नहीं है कि भाजपा सिर्फ धर्म की या भावनाओं के भरोसे राजनीति कर रही है। नरेंद्र मोदी ने विकास, विरासत और विश्वास को ऐसा कॉकटेल तैयार किया है, जिसका असर आने वाले साल में खूब दिखेगा। अयोध्या, उज्जैन, काशी इसके उदाहरण हैं। अब तक ये तीनों शहर अपनी प्राचीनता, धार्मिक महत्व के लिए पहचानते जाते थे। ये आस्था के बड़े केद्र थे, लेकिन अब आस्था के साथ-साथ आधुनिकता के प्रतीक बन गए हैं। काशी में पिछले साल पांच करोड़ से ज्यादा टूरिस्ट पहुंचे। गंगा में क्रूज चल रहा है। काशी में फाइव स्टार होटल बन रहे हैं। होम स्टे चल रहे हैं। इंटरनेशनल स्टैंडर्ड की फैसेलिटीज उपलब्ध हैं। इसका असर काशी की इकोनॉमी पर दिख रहा है। उज्जैन में भी यही हुआ। अब अयोध्या में भी इंटरनेशनल एयरपोर्ट का उद्घाटन हो गया है। एयरपोर्ट जैसा ही अयोध्या का रेलवे स्टेशन बना है। अयोध्या का कायाकल्प हो गया है। इसका फायदा भक्तों को भी होगा और अयोध्या के निवासियों को भी। मोदी प्रधानमंत्री बनने के बाद जब पहली बार जापान गए थे। उस वक्त उन्होंने कहा था कि काशी को भी क्योटो की तरह विकसित करने का प्रयास करेंगे। यानि विरासत को बचाए रखकर आधुनिकता का समावेश। इसके बाद ये सरकार की थीम बन गई और आने वाले साल में इसी तर्ज पर मथुरा का विकास होगा। बुद्धा सर्किट डेवलप होगा। अमृतसर का कायाकल्प होगा। तमाम प्राचीन और पवित्र शहरों को उनकी पुरानी पहचान के मुताबिक नए तरीके से डेवलप किया जाएगा।

आने वाले साल में देश के विकास में, देश की राजनीति में महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी। सरकार ने पिछले साल जो सबसे बड़ा फैसला किया वो राजनीति में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने का था। सरकार ने संसद और विधानसभाओं में, महिलाओं को तीस परशेंट रिजर्वेशन देने का कानून पास करवा लिया है। ये बीते हुए साल की बहुत बड़ी उपलब्धि है। हालांकि महिला आरक्षण विधेयक लागू तो अगली जनगणना के बाद होगा यानि 2026 से पहले इसके लागू होने की गुंजाइश नहीं है, लेकिन चूंकि कानून बन गया है। भाजपा इसका क्रेडिट लेगी तो राजनीतिक दलों पर भी यह दिखाने का दबाव होगा कि वह अपनी अपनी पार्टी में टिकटों के बंटवारे में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाएं। इसीलिए अगले लोकसभा चुनाव में महिला उम्मीदवारों की संख्या भी बढ़ेगी। चूंकि नरेंद्र मोदी की राजनीति का फोकस आधी आबादी है। अब सेना में महिलाओं की तैनाती मोर्चे पर हो रही है। महिलाएं फाइटर जैट उड़ा रही हैं। कमांडो की ट्रेनिंग ले रही है। गांव में स्वंय सहायता ग्रुप के जरिए महिला सशक्तिकरण का अभियान चल रहा है। इसलिए यह कहा जा सकता है कि अगला साल नारीशक्ति के उत्थान का वर्ष होगा।

अगले साल गांव गरीब किसान और नौजवान के मुद्दों के अलावा जातियों का मुद्दा भी अगले साल राजनीति का बड़ा इश्यू होगा। बिहार में जातिगत जनगणना के आंकडों को जारी करके नीतीश कुमार ने ये संकेत दे दिए हैं। जिस तरह विरोधी दल जातिगत जनगणना की मांग को आगे बढ़ा रहे हैं। अभी हाल में ही जिस तरह मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान के चुनाव में कांग्रेस ने अपने मैनीफेस्टो में जातिगत जनगणना का वादा किया। उससे ये साफ है कि अब लोकसभा चुनाव से पहले इस मुद्दे को बड़ा बनाने की कोशिश की जाएगी। असल में विपक्षी दलों को लगता है कि भाजपा हिन्दुत्व की राजनीति करती है। हिन्दुत्व की पिच पर भाजपा का मुकाबला मुश्किल है। इसलिए अगर जातियों की बात की जाए तो फायदा मिल सकता है। चूंकि ये बात अब जग जाहिर है कि जातियों के गणित में पिछड़े वर्ग की आबादी सबसे ज्यादा है। फिर दलित और आदिवासियों का नंबर है। सवर्णों की संख्या सबसे कम है, लेकिन विकास की दौड़ में सवर्ण आगे हैं। राजनीतिक दल इसी का फायदा उठाना चाहते हैं। भाजपा को दलित पिछड़ा विरोधी घोषित करके इन वर्गों का सपोर्ट हासिल करना चाहते हैं। हालांकि भाजपा के नेता इस चाल को समझ रहे हैं। इसलिए प्रदानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ये कहना शुरू कर दिया है कि उनके लिए सिर्फ चार जातियां हैं-गरीब, किसान, नौजवान और महिलाएं, लेकिन सिर्फ इस डॉयलॉग से बात बनेगी नहीं। जाति की सियासत होगी और अगले पूरे साल ये देश में राजनीतिक विमर्श का मुद्दा होगी।

# चुनौतियों के बाद भी सुनहरी आर्थिक तस्वीर



**अर्थव्यवस्था**

शंभू भद्र
वरिष्ठ आर्थिक पत्रकार

आज जब चालू वर्ष में हम भारतीय अर्थव्यवस्था की उपलब्धियों व कमियों की विवेचना कर रहे हैं, तो एक मिश्रित तस्वीर उभर रही है। मजबूत जीडीपी, महंगाई-बेरोजगारी पर नकेल, शेयर बाजार का रिकार्ड, जीएसटी कलेक्शन में इजाफा, विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि व आर्थिक कॉरिडोर ने वर्ष 2023 में भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूती दी, तो खाने पीने की महंगाई, महंगे पेट्रोल व डीजल, सेवा क्षेत्र की कमजोरी, राजकोषीय व वित्तीय घाटा में बढ़ोत्तरी, व्यापार घाटा, सरकारी खर्च में कमी ने अर्थव्यवस्था की कमियों को उजागर किया। इस वर्ष भारत ने जी-20 का सफल आयोजन कर जहां दुनिया को नई राह दिखाई, वहीं भारतीय अर्थव्यवस्था के सशक्त बनने का मार्ग भी प्रशस्त हुआ। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) महंगाई को काबू में लाने, असुरक्षित माने वाले कर्ज से जुड़े जोखिम पर अंकुश लगाने, नया ऋण लेकर पुराने कर्ज चुकाने (एवरग्रिनिंग) पर लगाम लगाने तथा बैंकों में ग्राहक सेवा और बेहतर बनाने को लेकर उपाय जैसे कदमों को लेकर पूरे वर्ष सुर्खियों में रहा। नए साल में आरबीआई केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा (सीबीडीसी) को बढ़ावा दे सकता है।

## वर्ष 2023 की उपलब्धियां

वैश्विक आर्थिक चुनौतियों के बावजूद जीडीपी और महंगाई के मोर्चे पर साल 2023 में भारत का प्रदर्शन सराहनीय रहा है। भारत में आयोजित जी 20 समिट के दौरान भारत से यूरोप तक नया स्पाइस कॉरिडोर या आर्थिक कनेक्टिविटी कॉरिडोर बनाने पर भी सहमति बनी जो एक तरह से चीन के बीआरआई प्रोजेक्ट का तोड़ है। यह कॉरिडोर जल्द ही भारत, पश्चिम एशिया और यूरोप के बीच बनेगा, जिसमें भारत, यूएई, सऊदी अरब, यूरोपीय संघ, फ्रांस, इटली, जर्मनी और अमेरिका शामिल हो रहे हैं। इटली ने बीआरई प्रोजेक्ट से अलग होने की घोषणा कर एक तरह से भारत की परियोजना के साथ अपनी प्रतिबद्धता जाहिर कर दी है। ब्रिटेन, यूरोपीय यूनियन और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते या एफटीए की दिशा में भी वर्ष 2023 में अहम बातचीत हुई। ग्लोबल रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ने वित्त वर्ष 2023-24 में भारत की वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाकर 6.4 प्रतिशत कर दिया है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने मौजूदा और अगले वित्त वर्ष के लिए जीडीपी वृद्धि दर 6.5 फीसदी रहने का अनुमान लगाया है। आरबीआई महंगाई दर को वर्ष 2023 में अधिकतर समय पर चार से छह प्रतिशत के बीच बनाए रखने में सफल रहा। साल 2023 में देश में बेरोजगारी दर कम करने में भी सफलता मिली है। एनएसएसओ की ताजा आवधिक श्रम बल रिपोर्ट देश में 15 साल से अधिक उम्र के नागरिकों में बेरोजगारी दर 3.2 प्रतिशत दर्ज की गई यह छह साल में सबसे कम है। पिछले साल बेरोजगारी दर 4.1 प्रतिशत थी। 2023 में दिसंबर महीने की शुरुआत में देश का विदेशी मुद्रा भंडार एक बार फिर 600 अरब डॉलर के पार पहुंच गया है। बता दें कि अक्तूबर 2021 में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 642 अरब डॉलर पर पहुंच गया था।



आरबीआई की ओर से लॉन्च की गई डिजिटल करेंसी यानी सीबीडीसी के लिहाज से भी साल 2023 अहम साबित हुआ है। सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी (सीबीडीसी) या ई-रुपये के सीमापार लेन-देन के उपयोग से लागत में दो से तीन फीसदी की बचत होती है। साल 2023 भारत के लिए चिप निर्माण का आगाज करने वाला साल भी रहा। माइक्रॉन टेक्नोलॉजी, फॉक्सकॉन और वेदांता जैसी कंपनियां भारत में चिप निर्माण के क्षेत्र में आगे बढ़ा रही हैं। इस वर्ष शेयर बाजार ऑल टाइम हाई पर रहा। विदेशी संस्थागत निवेशकों ने भारतीय बाजार पर भरोसा करते हुए अपना निवेश जारी रखा। देश में एक्सप्रेसवे और हाईवे निर्माण के लिहाज से भी 2023 अहम साबित हुआ। बंगलुरु-मैसूर एक्सप्रेस-वे, दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे के एक हिस्से की शुरुआत आदि अहम हैं। एविएशन सेक्टर में मजबूती आई। वर्ष 2023 में हवाई यात्रियों की संख्या में भी बड़ी वृद्धि हुई।

## ग्लोबल चुनौतियां

व्यापार में तनाव, बढ़ती ब्याज दरें, रूस व यूक्रेन युद्ध व इजराइल-हमास जंग, आपूर्ति तंत्र पर असर, खाद्यान्न व ऊर्जा संकट, भू-राजनीतिक खींचतान, सुस्त आर्थिक विकास दर नव वर्ष में चुनौतियां बनी रहेंगी। यूक्रेन युद्ध के जारी रहने से भारत के सबसे बड़े निर्यात बाज़ार यूरोपीय संघ में ऊर्जा से जुड़ी मंदी का खतरा है। फेड की दर वृद्धि में विराम वर्ष की दूसरी छमाही तक संभव नहीं है, क्योंकि अमेरिका घटती मुद्रास्फीति के दबाव से जूझ रहा है। बढ़ते संरक्षणवाद, एक वि-वैश्वीकरण-विरोधी आंदोलन और आर्थिक विखंडन नव वर्ष में चुनौतियां बने रहेंगे।

## भारतीय अर्थव्यवस्था की उम्मीदें

भारत नव वर्ष में भी सबसे तेज विकास दर वाली अर्थव्यवस्था बना रहेगा। आरबीआई ने इस वित्तीय वर्ष (2023-24) में 7% के जीडीपी ग्रोथ का अनुमान लगाया है। वित्त वर्ष (2024-25) में इसके 6.4% पर होने की उम्मीद है। संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक, भारत वर्ष 2023 में 5.8 प्रतिशत और वर्ष 2024 में 6.7 प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि दर्ज करेगा। फिच रेटिंग्स के मुताबिक, 2024-25 में भारत की अर्थव्यवस्था में 6.9% की वृद्धि दर रहेगी। 2024 में घरेलू मांग भी सेवाओं से वस्तुओं की ओर ट्रांसफर होने की संभावना है। अब तक जियो-पॉलिटिकल घटनाओं ने भारतीय अर्थव्यवस्था को कमजोर नहीं किया है, लेकिन पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने से नए वर्ष में इसका टेस्ट होगा क्योंकि व्यापार लागत बढ़ने लगी है और कच्चे तेल पर दबाव पड़ सकता है। 2024 में अमेरिका और भारत सहित रिकॉर्ड 40 देशों में आम चुनाव होने वाले हैं। इन चुनावों से अर्थव्यवस्था पर असर पड़ेगा। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम फर्मों के बीच समस्या बनी हुई है, जो नए साल में भी रहेगी। आयातित ऊर्जा पर भारत की निर्भरता एक चुनौती है, आगे भी बनी रहेगी। एक बड़े और बढ़ते बाजार, एक युवा कार्यबल और शिक्षा सुधार, अपस्किलिंग, विनिर्माण, तकनीक-सक्षम शासन, बुनियादी ढांचे के विकास और बढ़ी हुई क्षेत्रीय कनेक्टिविटी पर एक दृढ़ नीतिगत जोर के साथ, देश ग्रीनफील्ड निवेशकों और व्यवसायों दोनों के लिए महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है। बाज़ार विस्तार, विलय और अधिग्रहण, और आपूर्ति श्रृंखला विविधीकरण से आर्थिक गतिविधियां बढेंगी। भारत अपने मजबूत व्यापक आर्थिक बुनियादी सिद्धांतों के कारण वैश्विक निवेशकों के लिए एक आकर्षक स्थान बना रहेगा। 2024 में भारत में विदेशी निवेशकों को आकर्षित करने वाले प्रमुख उद्योगों में स्वास्थ्य सेवा और बीमा, फिनटेक, नवीकरणीय ऊर्जा और जलवायु तकनीक, इलेक्ट्रिक वाहन व ऑटोमोबाइल, आईटी सेवाएं, रियल एस्टेट, बुनियादी ढांचा, एफएमसीजी, आरएंडडी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), तकनीकी नवाचार शामिल हैं। 2024 में निवेश-आधारित विकास के लिए उभरते उद्योग हैं बैटरी ऊर्जा भंडारण समाधान, हरित हाइड्रोजन, बायोटेक, एवीजीसी (एनीमेशन, दृश्य प्रभाव, गेमिंग, कॉमिक्स), सेमीकंडक्टर चिप निर्माण। इसलिए अर्थव्यवस्था के बेहतर रहने की उम्मीद है।

# दुनिया के पटल पर मजबूत हुआ भारत



**भू-राजनीति**

प्रभात कुमार रॉय
विदेश मामलों के जानकार

दुनिया के मुख्तलिफ हिस्सों में भयानक युद्धों के जारी रहने के बावजूद भारत ने वर्ष 2023 में कई उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कीं। भारत दुनिया की 5वीं बड़ी अर्थव्यवस्था बनी। वर्ष 2030 तक भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकती है। भारत ने अध्यक्ष के तौर पर जी-20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी अंजाम दी। जी-20 के अध्यक्ष देश के तौर पर भारत की कयादत में विश्व के विभिन्न स्थानों पर 250 से अधिक शानदार बैठकें आयोजित की गई। अफ्रीकी संघ को जी-20 की पूर्ण सदस्यता हासिल हुई। जी-20 सम्मेलन के पहले ही दिन दुनिया भर के नेताओं ने दिल्ली घोषणा पत्र पर अपनी सहमति व्यक्त कर दी। विश्व पटल पर यह भारत की बड़ी नैतिक और कूटनीतिक उपलब्धि रही। अरब मुल्कों के साथ भारत के कूटनीतिक संबंध जिस ऊंचाई तक पहुंचे हैं, उसी का शानदार नतीजा हुआ है कि कतर में भारत के जिन पूर्व नेवल अधिकारियों को सजा ए मौत प्रदान की गई थी, उनकी सजा कैद में बदल दी गई है। भारत ने अंतरराष्ट्रीय अनुसंधान के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की, जब चंद्रयान-3 चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतर गया।

## पड़ोस में सतर्क रहे भारत

मालदीव की नई हुकूमत की कयादत मोहम्मद मुइज्जू कर रहे हैं, जोकि चीन के प्रबल समर्थक है। उन्होंने आधिकारिक रूप से भारतीय सैन्य कर्मियों को वापस चले जाने और भारत से अपना हेलीकॉप्टर वापस ले जाने के लिए कहा है। इस छोटे से मगर रणनीतिक रूप से अत्यंत महत्वपूर्ण पड़ोसी देश के साथ बहुत सावधानी के साथ निपटना होगा। बांग्लादेश, नेपाल, भूटान में भी चीन की सक्रिय दखलंदाजी पर सख्त कूटनीतिक नजर रखने की दरकार है। प्रधानमंत्री मोदी और शेख हसीना ने अखौरा-अगरतला रेलवे लाइन का उद्घाटन किया गया। जोकि भारत के पूर्वोत्तर को बांग्लादेश से जोड़ देगा। इससे अगरतला और कोलकाता की यात्रा में काफी कम समय लगेगा।

## चीन से तल्ख रिश्ते

चीन के साथ हमारे कामकाजी रिश्ते तो बाकायदा बरकरार बने हुए हैं। निरंतर जारी कूटनीतिक और सैन्य वार्ताओं को बावजूद वास्तविक नियंत्रण रेखा पर चीनी सैनिकों को हटाने की प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाई है। चीनी समकक्ष के साथ बात करते हुए हमारे विदेश मंत्री ने एकदम स्पष्ट कहा कि सीमा विवाद का पूरी तरह जब तक समाधान नहीं हो जाता तब तक चीन और भारत के रिश्ते सामान्य हो ही नहीं सकते हैं। हिंद प्रशांत क्षेत्र में चीन के विस्तारवाद से निपटने की खातिर क्वाड को और अधिक शक्तिशाली बनाना होगा।

## पाक को साधना होगा

पाकिस्तान के साथ भारत के ताल्लुकात एकदम तनावपूर्ण, नाजुक और अनिश्चित स्थिति में बने हुए हैं। कश्मीर में जब तक पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित आतंकवाद का पूर्णतः सफाया नहीं हो जाता, तब तक आने वाले दौर में भी पाकिस्तान



के साथ संबंध सामान्य बन जाने की कोई स्थिति नहीं होगी। अफगानिस्तान को भारत की मानवीय सहायता निरंतर जारी है। मगर इस देश को नई सुबह की दरकार है। भारत मदद करे।

## कनाडा से कठोर संबंध

कनाडा यकीनन खालिस्तानियों की पनाहगाह बनता जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय मंचों पर वैश्विक आतंकवाद का एकजुट होकर मुकाबला करने की पैरवी करने वाले अमेरिका और कनाडा को खालिस्तानियों पर कड़ी लगाम आयद करनी चाहिए। आज वह विकट दौर आ गया है, जबकि दुनिया तीसरे विश्व युद्ध के कगार पर खड़ी है।

## दोनों जंग का हो अंत

यूक्रेन बनाम रूस युद्ध अभी खत्म नहीं हुआ था कि एक नए विनाशकारी युद्ध द्वारा दुनिया की सरजमीं पर दस्तक दे दी गयी। यह युद्ध मध्य पूर्व में इजरायल और फिलिस्तीन की धरती पर शुरू हो गया है। सात अक्टूबर 2023 को फिलिस्तीन की गाजा पट्टी से हमास तंजीम द्वारा कुछ रॉकेट इजरायल की धरती पर दागे गए और इसके बाद इजरायल हुकूमत द्वारा एक ऐसा विनाशकारी युद्ध शुरू किया गया, जिसका मकसद हमास तंजीम को पूरी तरह से तबाह और बर्बाद कर देना था। इसराइल के पक्ष में अमेरिका कमर कसकर खड़ा हो गया, अतः कोई भी प्रस्ताव संयुक्त राष्ट्र सिक्योरिटी काउंसिल में युद्ध को समाप्त करने के लिए अथवा युद्ध विराम के लिए भी पारित नहीं किया जा सका, क्योंकि अमेरिका इसराइल का फिलिस्तीन के विरुद्ध अंध समर्थन करता रहा है। इसराइल सेना के आक्रमण में अभी तक तकरीबन बीस हजार से अधिक फिलिस्तीन नागरिक मारे जा चुके हैं। हलाक़ हुए इन नागरिकों में बड़ी संख्या में बच्चे और महिलाएं शामिल हैं, जिनका युद्ध से कोई लेना-देना नहीं है। यूक्रेन युद्ध में रूस की आक्रामक बर्बरता के विरुद्ध बोलने वाले, पश्चिमी राष्ट्र आज इजरायल की विध्वंसकारी बर्बरता पर एकदम खामोश हैं। फिलिस्तीन की सरजमीन पर गाजा पट्टी और वेस्ट बैंक पर रहने वाले बेबस इंसानों को रोज-रोज भयानक बारुदी विध्वंस का मुकाबला करना पड़ रहा है। यह भीषण विध्वंस विश्व की मानवीय चेतना को जरा सा भी झकझोर नहीं रहा है। वर्ष 2024 का आगमन हो रहा है और यूक्रेन और ग़ज़ा में छिड़ी जंग का निरंतर विस्तार हो रहा है। चीन और अमेरिका के मध्य ताइवान को लेकर सैन्य तनातनी बढ़ रही है।

## जलवायु परिवर्तन चुनौती

जलवायु परिवर्तन की चुनौती आने वाले दौर की सबसे प्रबल चुनौती सिद्ध होगी। जहां एक तरफ युद्ध के कारण तबाही मची है वहीं दूसरी तरफ वहीं दूसरी तरफ जलवायु परिवर्तन के कारण बड़े-बड़े तूफान आ रहे हैं। विनाशकारी प्राकृतिक आपदाएं कहर ढा रही हैं। पर्यावरण विनाश की कीमत पर कोई भी आर्थिक विकास मानव जाति के लिए कोई सार्थक अर्थ नहीं रखता। महात्मा गांधी की सीख हमें याद आती है कि दुनिया के संसाधन इंसान की जरूरतों के लिए तो पर्याप्त है, लेकिन उसकी अंतहीन लिप्सा और लालच के सामने ये कुछ भी नहीं है।

## शांति की आकांक्षा

आज विश्व को शांति की कहीं अधिक दरकार है। जंग और संघर्ष तबाही, गरीबी और भुखमरी को फैला रहे हैं। लाखों लोग बेघर हो रहे हैं। आर्थिक विषमता इतनी गहरी हो गई है कि शांतिपूर्ण देश भी आर्थिक विषमता व राजनीतिक ध्रुवीकरण की लपेट में आ चुके हैं। वैश्विक संकट की इस विकट दौर में भारत को अपनी अर्वाचीन ऋषि परंपरा के अनुरूप विश्व शांति की स्थापना के लिए विश्व पटल पर आगे आना चाहिए और इसके लिए प्रबल पहल करनी चाहिए, ताकि रूस-यूक्रेन युद्ध का समुचित समाधान निकाला जा सके और इजरायल और फिलीस्तीन के मध्य जारी जंग समाप्त की जा सके। दुनिया में एक उज्जवल भविष्य की बुनियाद रखी जा सके, जिसमें आर्थिक विकास के साथ ही साथ राजनीतिक सद्भाव और सामाजिक सद्भाव भी निहित हो।

अशोका गार्डन थाना क्षेत्र स्थित सौभाग्य नगर में हुई वारदात, पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी

# राजधानी में नहीं रुक रही चोरी की घटनाएं, व्यवसायी के सूने मकान से ढाई लाख की नकदी समेत लाखों रुपए की चोरी, डीबीआर भी ले गए बदमाश

» पुलिस खंगाल रही सीसीटीवी कैमरों के फुटेज

» पिता का चालीसवां के कार्यक्रम में शामिल होने पति के साथ अपने मायके गईं थी कौर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अशोका गार्डन थाना क्षेत्र स्थित सौभाग्य नगर में व्यवसायी के सूने मकान का ताला तोड़कर बदमाश ढाई लाख रुपए की नगदी समेत जेवरात चुराकर ले गए। बदमाश अपने साथ घर में लगा सीसीटीवी कैमरे का डीबीआर भी ले गए हैं। पुलिस ने नकबजनी का मामला दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाल रही है।



पुलिस के अनुसार 30 साल की सिमरनजीत कौर सौभाग्य नगर अशोका गार्डन में रहती हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि उनके पति अमरजीत सिंह कार डेकोरेशन का काम करते हैं। उनकी प्रभात और एमपी नगर में दुकान है। बुधवार को वह पति के साथ हमीदिया रोड स्थित अपने मायके चली गईं थीं। मायके में उनके पिता का चालीसवां का कार्यक्रम था।

परिवार बुधवार-गुरुवार को वहीं रुका और शुक्रवार दोपहर अपने घर सौभाग्य नगर लौटा था। घर लौटने पर पता चला कि दरवाजे का ताला टूटा हुआ है। अंदर जाकर देखने पर पता चला कि बदमाशों ने अलमारी के लॉकर तोड़ लिए है। बदमाश उनके घर से ढाई लाख रुपए की नगदी और इस्तेमाली जेवरात लेकर गए हैं।

**कुछ मकानों में लगे हैं कैमरे**

गिरोह नकदी जेवरात के अलावा घर में लगे सीसीटीवी कैमरे का डीबीआर भी ले गए हैं। अब पुलिस घटनास्थल के आसपास मकानों में लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाल रही है। पुलिस का कहना है कि कुछ मकानों में सीसीटीवी कैमरे लगे हुए मिले हैं। अब उन कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

## भेल की इंजीनियर के सूने मकान से नकदी, जेवरात समेत ढाई लाख का माल ले गए चोर, पुलिस ने दर्ज किया केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अवधपुरी थाना क्षेत्र स्थित श्रीराम फेस थ्री में रहने वाली भेल की इंजीनियर के सूने मकान से बदमाश नगदी, जेवरात समेत ढाई लाख रुपए का सामान चुराकर ले गए। बदमाश मकान की छत पर लगा दरवाजा खोलकर अंदर घुसे थे। पुलिस ने नकबजनी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार श्रीराम फेस थ्री, मकान नंबर 91 निवासी 41 साल की विध्या कौशिक, भेल में इंजीनियर हैं। उनके पति शिरिष कौशिक का कोराना संक्रमण से निधन हो चुका है। वे अपने दो बच्चों के साथ यहां रहती हैं। गत 13 दिसंबर को मुंबई में रहने वाले उनके पिता का निधन हो गया था। वह बच्चों के साथ मुंबई चली गईं थीं। 21 दिसंबर को उनके पड़ोस में रहने वाले परिवार ने छत पर लगा गेट खुला होने की जानकारी दी थी। वे 27 दिसंबर को भोपाल लौटीं और घर की तलाशी ली। इस दौरान पता चला कि बदमाश उनके घर से करीब ढाई लाख रुपए का सामान चुराकर ले गए हैं। विध्या ने शनिवार दोपहर थाने पहुंचकर शिकायत की है।

उल्लेखनीय है कि राजाधानी में चोरी की घटनाएं लगातार हो रही है। पुलिस एक-दो मामले को छोड़ कर किसी भी प्रकरणों का खुलासा नहीं कर सही है। वहीं अज्ञात बदमाश दिन में कॉलोनियों में रैकी कर सूने मकान की जानकारी जुटाते हैं और फिर रात में अपने साथियों के साथ चोरी की घटना को अंजाम देकर फरार हो जाते हैं।

**खबर संक्षेप**



### संजीवनी क्लीनिक भवन के निर्माण का भूमिपूजन

**मंडीदीप।** औद्योगिक नगर में नगर पालिका द्वारा वार्ड 20 के नयापुरा शासकीय ग्राउंड में 33 लाख रुपए की लागत से संजीवनी क्लीनिक के भवन का निर्माण कराया जा रहा है। भोजपुर विधायक सुरेंद्र पटवा के निर्देषन में नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राजेन्द्र अग्रवाल, पूर्व सरपंच मुन्नवर पटेल व वार्ड 20 के पार्षद वरुण परमाल ने शनिवार को निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राजेन्द्र अग्रवाल ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करने तथा अस्पतालों से मरीजों की भीड़ को रोकने व मोहल्ले में स्वास्थ्य सुविधा देने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक बनाए जा रहे है।

### निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर आज

**मंडीदीप।** औद्योगिक नगर में नेत्र चिकित्सालय सेवा सदन द्वारा रविवार को निःशुल्क नेत्र रोग निदान एवं मोतियाबिंद का ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया गया है। जानकारी देते हुए आयोजक जगदीश सोनी ने बताया रविवार को मुख्य बाजार स्थित राधे कृष्णा चौक पर सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में जांच के उपरांत भोपाल स्थित नेत्र चिकित्सालय में मोतियाबिंद का निःशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा। जहां मरीजों को लैंस प्रत्यारोपण, काला चश्मा, दवाइयां एवं फल निःशुल्क वितरित किए जाएंगे।

### नगर में बेखौफ चल रहा सट्टा कारोबार

**मंडीदीप।** औद्योगिक नगर सहित ग्रामीण अंचलों में सट्टे का कारोबार बेखौफ चल रहा है, जिसमें पुलिस प्रशासन की उदासीनता साफ झलक रही है। पुलिस कभी कभार बड़े अधिकारियों को दिखाने और लोगों का दबाव कम करने के लिए छोटी-मोटी कार्रवई करती है, लेकिन बड़ी मछलियों पर कोई कार्रवाई नहीं होती, क्योंकि उनसे पुलिस की मिली भगत रहती है। जिससे इन सटोरियों के हौसले बुलंद हैं। मंडीदीप थाना प्रभारी सुरेश मीना कहते हैं कि हमारे द्वारा लगातार कार्रवाई की जाती है, इसके बाद भी जहां जहां यह अवैध कारोबार चल रहा है, जानकारी जुटाकर कार्रवाई की जाएगी।

### दो दिन बंद रहेगा बैरागढ़ का रेलवे फाटक

**संतनगर।** बैरागढ़ के रेलवे फाटक पर निर्माणाधीन रेलवे के ओवरब्रिज के कारण रविवार से दो दिन बंद रहेगा, जिसके कारण वाया लाऊखेड़ी और दाता कॉलोनी से आवाजाही बंद रहेगी। मालूम हो पिछले छहः महीने से रेलवे फाटक पर ओवरब्रिज का निर्माण चल रहा है। हालांकि इस निर्माण से पहले आवाजाही करने वाले वाहनों को कोई खास परेशानी नहीं थी, अब ओवरब्रिज का निर्माण कार्य दूसरे छोर से शुरू होने के कारण दो दिन तक लोगों को आवाजाही करने से इस मार्ग पर रोका दिया है, जो 31 दिसंबर सुबह 8 बजे से अगले 48 घंटे के लिए पूर्ण रूप से बंद रहेगा।

कोलार थाना क्षेत्र स्थित इनायतपुरा में हुआ हादसा

## हाईटेंशन लाइन पर चढ़े इलेक्ट्रिशियन की मौत, दो घंटे खंभे पर लटका रहा शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

▶ फॉल्ट सुधारने चढ़ा था इलेक्ट्रिशियन, बिजली कंपनी और नगर निगम की टीम ने उतारी लाश

कोलार थाना क्षेत्र स्थित इनायतपुरा में शनिवार सुबह हाई टेंशन लाइन पर काम कर रहा इलेक्ट्रिशियन करंट से झुलस गया। करीब दो घंटे तक वह पोल पर लटका रहा। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और बिजली कंपनी समेत नगर निगम की टीम को बुलाकर हाइड्रोलिक क्रेन की मदद से उसका शव नीचे उतारा गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है।

पुलिस के अनुसार कजलीखेड़ा निवासी 28 साल का कृष्णपाल सिंह यादव प्राइवेट इलेक्ट्रिशियन का काम करता था। शनिवार सुबह करीब 10 बजे वह इनायतपुर में बिजली सुधारने पोल पर चढ़ा। वह कनेक्शन को कस रहा था, तभी हाई टेंशन लाइन की चपेट में आ गया।



करंट का तगड़ा झटका लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई और करीब दो धंटे वह पोल पर ही लटका रहा। उसके पास से प्लास भी मिला है। कोलार थाना प्रभारी आशुतोष उपाध्याय ने बताया कि शव तारों के बीच ही फंस हुआ था। कृष्णपाल प्राइवेट काम करता था। वह इलाके में रहने वाले किसी युवक के घर के कनेक्शन को ठीक करने चढ़ा था, जिस समय वह पोल पर चढ़ा था उस समय बिजली नहीं थी। काम करते समय एकाएक बिजली आ गई और कृष्णपाल झुलस गया।

### गरीबों के सेवा संकल्प के साथ नूतन वर्ष का होगा अभिनंदन

**संतनगर।** वेदान्त संत लाल सांई ने कहा है कि नूतन वर्ष का अभिनंदन गरीबों की सेवा में शुद्ध संकल्प के साथ करें। इस संकल्प को पूरा करने के लिए नव वर्ष की पूर्व बेला पर रविवार सुबह 10 बजे टेंपल ऑफ संबोधि में भजन कीर्तन और ध्यान क्लास का आयोजन किया गया है। इसमें सभी साधकों को जरूरतमंदों की सेवा करने का संकल्प दिलाया जाएगा। राजधानी में नूतन वर्ष के स्वागत के लिए कई जगह कार्यक्रम आयोजित होंगे।

प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी की दी जानकारी

## दिशा अध्ययन केंद्र में पुलिस परिवार के बच्चों के लिए कॅरियर काउंसलिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दिशा अध्ययन केंद्र डीआरपी लाइन भोपाल में कॅरियर काउंसलिंग सेमिनार का आयोजन किया गया।

इस आयोजन में एसीपी अंकिता खातरकर, सूबेदार शिव मंगल, सूबेदार राहुल अलावा, सूबेदार अंजली, सूबेदार मनोरमा, महिला प्रधान आरक्षक पार्वती यादव, आरक्षक प्रफुल तथा दिशा अध्ययन केंद्र के छात्र उपस्थिति रहे। एसीपी अंकिता एवं सुबेदार शिवमंगल द्वारा प्रतियोगिता परीक्षा में बच्चे कैसे तैयारी करें बताया गया। एसीपी अंकिता ने बताया कि एमपीपीएससी, एसएससी बैंकिंग एमपीएसआई आदि की तैयारी करते समय किन किन बातों का ध्यान रखें। उसका सिलेबस ऑप्शन एलिमिनेशन पर चर्चा कर बच्चों को मार्गदर्शन दिया गया तथा बच्चों द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब एवं उनकी समस्याओं का निराकरण भी किया गया।

बैरागढ़ थाना क्षेत्र स्थित सीटीओ रोड पर हुआ हादसा

## तेज रफ्तार आर-15 बाइक खंभे से टकराई, 11 साल के मासूम की मौत

▶ बाइक चला रहा युवक गंभीर, अस्पताल में चल रहा इलाज

▶ पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बैरागढ़ थाना क्षेत्र स्थित सीटीओ रोड पर शनिवार दोपहर तेज रफ्तार आर-15 बाइक बिजली के पोल में जा घुसी। इस हादसे में बाइक पर पीछे बैठा 11 साल के मासूम की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बाइक चला रहा युवक गंभीर रूप से घायल हुआ है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया है। रविवार को पीएम के बाद परिजन को सौंपा जाएगा।

पुलिस के अनुसार राजवीर नट पिता राजू नट (11) आंबेडकर नगर, बस्ती गांधी नगर में रहता था और स्कूली छात्र था। शनिवार दोपहर वह परिचित 18 साल के संजय मराठी के साथ बाइक सीटीओ से दाता कॉलोनी जा रहा था। आर-15 बाइक संजय मराठी चला रहा था। दोनों बाइक से सीटीओ से दाता कॉलोनी जा रहे थे, तभी सड़क किनारे लगे बिजली के पोल में बाइक टकरा गई। बाइक टकराने से पीछे बैठा राजवीर उछलकर लोहे के खंभे से टकराया था। उसे सिर में गंभीर चोट आई थी और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में गंभीर रूप से घायल संजय मराठी को एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया गया है।

**परिजन को नहीं थी जानकारी**



एएसआई रतिराम ने बताया कि राजवीर के पिता राजू नट मजदूरी करते हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि वे और पत्नी काम पर गए थे। उन्हें पता नहीं कि राजवीर किसके साथ और कहां गया था। उन्हें हादसे के बाद परिचित ने मोबाइल पर बेटे की मौत की जानकारी दी थी।

**साड़ी का फंदा बनाकर युवती ने लगाई फांसी**

**भोपाल।** स्टेशन बजरिया थाना क्षेत्र स्थित विजय नगर चांदबड़ में शुक्रवार शाम प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने पीएम के बाद शव परिजन को सौंप दिया है। सुसाइड नोट नहीं मिला है और परिजन से प्राथमिक पूछताछ में भी आत्महत्या की वजह सामने नहीं आई है। पुलिस ने बताया कि मेघा शाक्या पिता स्वर्गीय भागीरथ शाक्या (21) विजय नगर, चांदबढ़ में रहती थी। उसके परिवार में मां छोटी बहन और भाई है। मेघा आईटीआई की पढ़ाई पूरी कर चुकी थी और घर में रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही थी। मेघा के भाई सागर शाक्य ने बताया कि शुक्रवार शाम वह काम पर गया था। घर पर मां और छोटी बहन समेत मेघा थी। मेघा ने अपना कमरा बंद कर लिया। आवाज देने के बाद भी कमरे का दरवाजा नहीं खुला तो मां ने घटना की जानकारी दी थी। वह घर पहुंचा और किसी तरह से दरवाजा खोला तो मेघा साड़ी के फंदे के सहारे टीनशेड पर लगी बल्ली में लटकी नजर आई।

### दसवीं कक्षा के छात्र ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**भोपाल।** निशातपुरा थाना क्षेत्र स्थित शिव नगर करोंद में शनिवार शाम दसवीं कक्षा के छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसका दो-तीन साल से मानसिक संतुलन बिगड़ा हुआ था। परिजन उसका इलाज भी करा रहे थे। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार शिव नगर करोंद निवासी कृष्णा साहू प्राइवेट काम करते हैं। उनका 17 साल का बेटा ऋषि साहू दसवीं कक्षा का छात्र था। शनिवार शाम करीब चार बजे ऋषि साहू ने अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना का पता उस समय लगा जब काफी देर तक ऋषि कमरे से बाहर नहीं आया। एसआई श्रीकांत द्विवेदी का कहना है कि बीते दो-तीन साल से छात्र से उसका मानसिक संतुलन बिगड़ चुका था। उसे दौरे पड़ते थे। कभी वह तेज आवाज में चीखने लगता था तो कभी सामान फेंकने लगता था।

भाजपा नेताओं ने किया रामेश्वर का आभार व्यक्त

## बीआरटीएस हटने से सड़क दुर्घटनाओं पर लगेगा अंकुश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

भाजपा संतनगर मंडल द्वारा बैरागढ़ से मिसरोद तक जो बीआरटीएस कारीडोर बनाया गया है, इसमें कई दुघटनाएं हो चुकी है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने बीआरटीएस को हटाने के लिए कई प्रयास किए थे। विधायक रामेश्वर शर्मा द्वारा निरंतर बीआरटीएस को हटाने में प्रयत्नशील थे। अब कैबिनेट के फैसले में बीआरटीएस हटने के निर्णय पर व्यापारियों और लोगों में उत्सह का माहौल है।

बीआरटीएस के हटने से सड़क दुर्घटनाओं पर भी अंकुश लगेगा। इसके लिए शनिवार को आयोजित बैठक में विधायक रामेश्वर शर्मा का मंडल अध्यक्ष कमल वीधानी, जिला उपाध्यक्ष राम बसंल, राहुल राजपूत, चन्दु भैया, राजेश हिंगोरानी, माखन सिंह राजपूत, किशन अच्छानी, महेश खटवानी, जगदीश आसवानी, हेमंत अग्रवाल आदि भाजपा कार्यकर्ताओं ने आभार व्यक्त किया है।

**बीआरटीएस बनाने का किया था विरोध**

हमने पहले ही बीआरटीएस बनाने का विरोध किया था और इसके लिए कई बार संबंधित को ज्ञापन भी दिए गए। लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया। इससे काफी दुर्घटनाएं बढ़ गई थी। अब मुख्यमंत्री और विधायक रामेश्वर शर्मा के प्रयासों से इसे हटाया जा रहा है जो सराहनीय है।

**किशन अच्छानी,** भाजपा नेता



### श्री रामलला प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के दिन संतनगर में निकलेगी शोभायात्रा

**संतनगर।** भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दिन संत हिरदाराम की विभिन्न संस्थाओं द्वारा विशाल शोभायात्रा 22 जनवरी को ही निकाली जाएगी। पूरे संत नगर को केसरिया झंडियों से सजाया जाएगा। मुख्य मार्ग में दोनों और रोशनी की जाएगी। प्रत्येक दुकान व कुटिया पर दिये जलाए जाएंगे। शोभायात्रा में बीच-बीच में आतिशबाजी की जाएगी। इस संबंध में शनिवार को संतनगर की संस्थाओं के प्रमुखों की बैठक संस्कार स्कूल में संपन्न हुई। बैठक में निर्णय लिया कि एक आयोजिन समिति का गठन किया जाए, जो स्थानीय संस्थाओं के सहयोग से कार्यक्रम किए जाएंगे। बैठक में पूज्य पंचायत के अध्यक्ष साबूमल रीझवानी, वासुदेव वाधवानी, सुरेश जसवानी, विष्णु गेहाणी, महेश दयारामानी, सुशील वासवानी, हीरो ज्ञानचंदानी आदि उपस्थित थे।

विकसित भारत संकल्प यात्रा ग्राम इमलियागोंडी एवं नूरगंज पहुंची

## प्रधानमंत्री के संकल्प को पूरा करने योजनाओं की जानकारी होना जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

विकसित भारत संकल्प यात्रा शनिवार को ग्राम इमलिया गोंडी एवं नूरगंज पहुंची। इस दौरान क्षेत्र के विधायक सुरेन्द्र पटवा ने केन्द्र सरकार की योजनाओं को गिनाते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यों को धरातल पर और उतारने हर नागरिक से योजनाओं को अच्छे से जानने एवं समझने की बात कही।

पटवा ने कहा मैं आपका सेवक बनकर हमेशा खड़ा हूं। मैं पूरे मप्र के लिए नेता हो सकता हूं, लेकिन भोजपुर के लिए एक बेटा बनकर हमेशा सेवा करता रहूंगा। इस दौरान बच्चों ने रंगारंग



देशभक्ति प्रस्तुति देकर सबका मन मोह लिया। इस अवसर पर भाजपा नेता, कन्हैया नंदवंशी, नरेंद्र शर्मा, पंकज कोठारी, डॉ. भूपेंद्र नागर, गजेंद्र नागर, रामकिशोर चौहान, सोनू चौकसे, रविंद्र विजयवर्गीय, माधव यादव, रामकिशोर नंदवंशी, सीइओ युक्ति शर्मा, जन अभियान परिषद से समन्वयक निशा बहेकार, सुनील सेरिया, मनोज चौरसिया की टीम के साथ महिल बाल विकास, एनआरएलएम, स्वास्थ्य विभाग,शिक्षा विभाग, सरपंच सचिव सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

### जिला अभिभाषक संघ चुनाव, मतदाताओं से मांग रहे समर्थन

**भोपाल।** जिला अभिभाषक संघ के 8 जनवरी को होने वाले द्विवार्षिक चुनाव को लेकर कोर्ट परिसर से लेकर वकीलों के चैंबर तक चुनावी सरगर्मियां जारी हैं। अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, सहसचिव, कोषाध्यक्ष और पुस्तकालय अध्यक्ष एवं वरिष्ठ तथा कनिष्ठ कार्यकारिणी सदस्यों के 30 पदों के लिए 96 उम्मीदवारों के बीच कड़ा मुकाबला होगा है। इधर, सपना चौधरी अपने उपाध्यक्षीय कार्यकाल में किए गए कार्यों के आधार पर सचिव पद के लिए वकील मतदाताओं से समर्थन मांग रही हैं। वहीं अन्य प्रत्याशी भी मतदाता वकीलों से मत समर्थन मांग रहे हैं। कोषाध्यक्ष, पुस्तकालय अध्यक्ष सह सचिव और कार्यकारिणी सदस्य पद के प्रत्याशी संपर्क कर एवं सोशल मीडिया पर समर्थन मांग रहे हैं।

निरीक्षण के दौरान सीएमएचओ भोपाल ने की कार्रवाई

## बीएमओ बैरसिया सहित 7 कर्मचारियों को कार्य में लापरवाही बरतने पर दिया नोटिस, वेतन भी काटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैरसिया

स्वास्थ्य कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में लापरवाही बरतने एवं हितग्राहीमूलक सेवाओं की प्रदायगी में देरी के कारण मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी विकासखंड बैरसिया को नोटिस दिया गया है। सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण, जननी सुरक्षा योजना एवं मुख्यमंत्री श्रमिक सेवा प्रसूति सहायता योजना के भुगतान में विलंब करने पर सीएमएचओ ने बीएमओ के विरुद्ध कार्रवाई की है।

इसी तरह आयुष्मान हितग्राहियों को पीवीसी कार्ड का वितरण न करने के कारण बैरसिया के ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर एवं ब्लॉक कम्युनिटी मोबिलाइजर को नोटिस जारी कर एक हफ्ते के वेतन कटौती के निर्देश जारी किए गए हैं। स्वास्थ्य कार्यक्रमों की मॉनिटरिंग के लिए शनिवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ. प्रभाकर तिवारी द्वारा बैरसिया विकासखंड की विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं का निरीक्षण किया गया। इसमें सिविल अस्पताल बैरसिया सहित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में दी जारी सेवाओं का मूल्यांकन किया गया।

निरीक्षण के दौरान सीएम हेल्पलाइन, जननी सुरक्षा योजना, आयुष्मान भारत निरामयमम योजना, ओपीडी में स्टाफ की उपस्थित, साफ-सफाई की स्थिति देखी गई एवं मरीजों से चर्चा कर फीडबैक लिया गया। इसके साथ ही आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित कर्मचारियों की वेतन कटौती सहित सेवा समाप्ति का नोटिस जारी किया गया है।

### निरीक्षण के दौरान कई कर्मचारी मिले अनुपस्थित

आयुष्मान आरोग्य मंदिर मजिदगढ़ में कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर एवं एएनएम के नियमित रूप से क्षेत्र में उपस्थित न रहने, आयुष्मान आरोग्य मंदिर नायसमंद में एएनएम के कर्तव्य स्थल पर उपस्थित न रहने एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर हर्राखेड़ा की कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर के संस्था में पूरे समय उपस्थित न रहने पर नोटिस एवं वेतन कटौती के आदेश जारी किए गए हैं।


**इन कार्यों में की लापरवाही**

सीएमएचओ द्वारा निरीक्षण के दौरान पाया गया कि बैरसिया विकासखंड की मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. पुष्पा गुरु द्वारा सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का समय पर निराकरण नहीं किया जा रहा है। साथ ही जननी सुरक्षा योजना, मुख्यमंत्री श्रमिक सेवा प्रसूति सहायता योजना का भुगतान भी समय पर नहीं किया जा रहा है। निरीक्षण में पाया गया कि बीएमओ द्वारा चिकित्सकों एवं कर्मचारियों की नियमित रूप से मॉनिटरिंग न होने के कारण कर्मचारी समय कार्यस्थल पर समय पर उपस्थित नहीं होते हैं। बीएमओ द्वारा राष्ट्रीय कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की निगरानी में रुचि न रखने एवं अधीनस्थ अधिकारियों कर्मचारियों की उपस्थिति की उचित निगरानी न करने के कारण नोटिस जारी किया गया है।

## मध्य प्रदेश सहित अन्य राज्यों में भी लोकप्रिय हैं शिवराजः नागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

भाजपा नेता गौरीशंकर नागर, राम अग्रवाल, तामोट के संजीव चौहान, जनपद सदस्य सुलेखा चौहान, रामकिशोर चौहान, कोमल चौहान, बाबूलाल, हेमराज चौहान, पुरुषोत्तम शर्मा ने कहा कि मध्य प्रदेश के मामा शिवराज सिंह चौहान इतने लोकप्रिय है कि 4 साल के बच्चे से लेकर 80 साल के बुजुर्ग उनके नाम और काम को दया करता है। उनको याद करते हुए उनकी आंखें भर जाती है।



वे कहते हैं कि दयावान, मददगार और बहनों के भाई, छात्र-छात्राओं के मामा फिर से आएंगे। भाजपा नेता गौरी शंकर नागर ने कहा कि जन-जन के लोकप्रिय नेता शिवराज मध्य प्रदेश सहित अन्य राज्यों में भी लोकप्रिय हैं। मध्य प्रदेश में हर जिले, तहसील और गांव-गांव में शिवराज सिंह चौहान का नाम सम्मान से लेते हैं। शिवराज सिंह चौहान ने तीरथ करवाई, गरीबों की शादी करवाई, लाडली बहन को मदद की और दीन दुखियों का इलाज कराया। कोरोना काल में मामा खुद सक्रिय रहकर और आम नागरिकों कि चिंता कर दौरा करते हुए हौसला बढ़ाने का कार्य किया। आज 5 करोड़ नागरिक उनके लिए तत्पर है।

## अयोध्या में मोदी की जय-जय

# इकबाल अंसारी ने पीएम पर बरसाए फूल,...तो प्राण प्रतिष्ठा में भी जाएंगे

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

अयोध्या में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को अयोध्या रेलवे स्टेशन और एयरपोर्ट का उद्घाटन किया और वंदे भारत और अमृत भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई। इससे पहले प्रधानमंत्री ने एयरपोर्ट से रेलवे स्टेशन तक रोड शो किया। पीएम के स्वागत में सड़क के दोनों किनारे बड़ी संख्या में लोग जुटे। इनमें एक इकबाल अंसारी भी थे, जो बाबरी मस्जिद-राम मंदिर केस में एक पक्षकार थे। वे भी प्रधानमंत्री मोदी पर फूल बरसाते नजर आए। इनके अलावा मुस्लिम समुदाय के और भी कई लोग प्रधानमंत्री के स्वागत में पहुंचे और फूल बरसाते नजर आए।

## पीएम के स्वागत में सड़क के दोनों किनारे उमड़ पड़े लोग

### वे देश के पीएम, अयोध्या का भरपूर विकास किया

इकबाल अंसारी ने बताया कि नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री हैं और वे सभी के लिए हैं। उनकी अगुवाई में अयोध्या में खूब विकास हुआ है। अयोध्या में छोटा रेलवे स्टेशन था जिसका अब पुनर्निर्माण कराया गया है। इकबाल ने बताया कि अयोध्या में पहले एयरपोर्ट नहीं था लेकिन अब बन गया है। प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने के सवाल पर इकबाल अंसारी ने कहा कि वे बिल्कुल प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होना चाहेंगे। न्योता दिया जा रहा है अगर मुझे भी न्योता मिलेगा तो मैं भी जाऊंगा।



### उनकी वजह से ही अयोध्या खूबसूरत दिख रही

यह पूछे जाने पर कि क्या उन्होंने पहले ही पीएम मोदी के स्वागत में फूल बरसाने का निर्णय लिया था, उन्होंने कहा कि वह देश के प्रधानमंत्री हैं और अयोध्या आ रहे हैं यह लाजिम है कि हम उनका स्वागत करें। उन्होंने कहा कि जो अयोध्या में होता है वैसा ही पूरे देश में करना चाहिए। सभी लोग एक साथ रहते हैं और पूजा पाठ में भी शामिल होते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री खुद अयोध्या में हैं और यह अयोध्यावासियों के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि अयोध्या की खूबसूरती उनकी वजह से ही है।

अब्दुल्ला के भी बदले सुर

### जिसने भी राम मंदिर बनाने की कोशिश की उनका धन्यवाद

राम मंदिर को लेकर सियासी बयानबाजियां भी तेज हो गई हैं। नेशनल कांफ्रेंस के नेता और जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला का राम मंदिर के उद्घाटन को लेकर बयान सामने आया है। सांसद फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि भगवान राम का मंदिर खुलने वाला है। जिन्होंने भी ये कोशिश की उनका मंदिर बने मैं उनको धन्यवाद देता हूं। साथ-साथ उनसे ये भी कहता हूं कि भगवान राम केवल हिंदुओं के राम नहीं हैं। वे पूरे विश्व के राम हैं, ये उनकी पुस्तकों में लिखा है।



राम सिर्फ हिंदुओं के नहीं पूरे विश्व के भगवान

### उद्घाटन को लेकर मुबारकबाद

फारूक अब्दुल्ला ने राम मंदिर के उद्घाटन को लेकर मुबारकबाद दी है। उन्होंने कहा कि राम सिर्फ हिंदुओं के ही भगवान नहीं, बल्कि पूरे विश्व के हैं। उन्होंने भाईचारे का संदेश दिया है। मैं उन सभी को मुबारकबाद देता हूं, जिन्होंने राम मंदिर के निर्माण के लिए अपना अथक प्रयास किया। राम ने मोहब्बत और एक दूसरे की सहायता की बात की।

## मातृभूमि मम पुरी सुहावनि...., अयोध्या एयरपोर्ट पर दिखा भव्य नजारा, लोगों के उत्साह से लगा मानो त्रेता युग आ गया हो

धाए धाम काम सब त्यागी, मनहुं रंक निधि लूटन लागी

# हनुमान चालीसा के पाठ से गूंज उठा विमान जमीं से लेकर आसमां तक बस..राम ही राम

## रोड शो में उमड़ा लोगों का हुजूम, कई सौगातों से भर गई अयोध्या की झोली

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

पीएम मोदी शनिवार को अयोध्या पहुंचे। प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार को अयोध्या में नवनिर्मित महर्षि वाल्मिकी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे अयोध्या धाम का उद्घाटन किया। उद्घाटन के बाद अयोध्या धाम एयरपोर्ट से एक शानदार वीडियो सामने आया है। महर्षि वाल्मिकी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे अयोध्या धाम की उद्घाटन के दौरान एयरपोर्ट से जब विमान उड़ा तो अंदर मौजूद लोगों ने हनुमान चालीसा का पाठ किया, जिसका वीडियो सामने आया है। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि विमान के अंदर मौजूद लोग हनुमान चालीसा का पाठ कर रहे हैं।

पीएम मोदी ने अयोध्या को कई सौगातें भेंट की हैं। उन्होंने मिथिला से रामनगरी के बीच नई ट्रेन अमृत भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई। इसके अलावा उन्होंने अयोध्या में नवनिर्मित महर्षि वाल्मिकी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे अयोध्या धाम का उद्घाटन किया। अयोध्या में करीब 15 किमी का रोड शो किया। इसमें लोगों का ऐसा हुजूम उमड़ा मानो किसी निधि को लूटने के लिए जैसे रंक टूट पड़े हों।

### पीएम ने अयोध्या को दी कई सौगात

इसके अलावा पीएम मोदी ने अयोध्या रेलवे स्टेशन के नए भवन का भी लोकार्पण किया और वंदे भारत ट्रेन की शुरुआत की। उन्होंने लोगों को भी संबोधित किया। प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेंद्र मोदी चौथी बार अयोध्या पहुंचे हैं।



### 1450 करोड़ से बना एयरपोर्ट

पीएम मोदी ने अयोध्या में महर्षि वाल्मिकी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे अयोध्या धाम का उद्घाटन किया है। इस एयरपोर्ट के चरण-1 को 1450 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से विकसित किया गया है। हवाई अड्डे के टर्मिनल भवन का क्षेत्रफल 6500 वर्गमीटर होगा, जो सालाना लगभग 10 लाख यात्रियों की सेवा के लिए सुसज्जित होगा।

### आधुनिक सुविधाओं से लैस

अयोध्या हवाई अड्डे का टर्मिनल भवन विभिन्न सुविधाओं से लैस है, जिनमें इंसुलेटेड रूफिंग सिस्टम, एलईडी लाइटिंग, वर्षा जल संचयन, फव्वारे के साथ भूनिर्माण, जल उपचार संयंत्र, सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट, सौर ऊर्जा संयंत्र शामिल हैं। हवाई अड्डे से क्षेत्र में संपर्क में सुधार होगा, जिससे पर्यटन, व्यावसायिक गतिविधियों और रोजगार के अवसरों को बढ़ावा मिलेगा। प्रधानमंत्री एक सार्वजनिक कार्यक्रम में भी हिस्सा लेंगे जहां वह राज्य में 15,700 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।

### पीएम ने लोगों को किया संबोधित

पीएम मोदी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि एक वक्त पर रामलला टेंट में विराजमान थे और आज उनका घर बन गया है। पीएम ने कहा कि रामलला को घर मिलने के साथ-साथ देश के चार करोड़ गरीबों को भी अपना मकान मिल रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय इतिहास में 30 दिसंबर की तारीख बहुत ऐतिहासिक रही है। उन्होंने याद दिलाया कि 1943 में आज के ही दिन नेताजी सुभाषचंद्र बोस ने अंडमान में झंडा फहरा कर भारत की आजादी का जयघोष किया था।



पीएम मोदी का भव्य स्वागत

### 15 किमी लंबे रोड शो में होती रही फूलों की बारिश, अद्भुत नजारा

पीएम मोदी जैसे ही अयोध्या के वाल्मिकी एयरपोर्ट पहुंचे एयरपोर्ट पर सीएम योगी ने पीएम मोदी का स्वागत और अभिनंदन किया। पीएम का जबर्दस्त स्वागत हुआ। फूलों की वर्षा के साथ आम लोगों ने स्वागत किया। पीएम मोदी वहां से 15 किलोमीटर लंबे रोड शो किया। इस रोड शो में भारी भीड़ रही। रोड शो के दौरान सड़क के दोनों किनारे लोगों की भारी भीड़ जुटी है। फूलों की बारिश हो रही है। कड़ी सुरक्षा के बीच पीएम का रोड शो आगे बढ़ रहा था। पीएम ने अयोध्या के विकास को नई उड़ान दी। लता चौक से रामपथ पर पहुंचे पीएम का साधु-संतों ने स्वागत किया। सड़क के दोनों किनारे पर लोगों ने उनका स्वागत किया। पीएम भी अभी का नमन भी किया। यहां महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन करने के साथ 15,700 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण भी किया।



### मोदी ने किया अयोध्या के 'सुसज्जित' रेलवे स्टेशन का उद्घाटन

पीएम मोदी अयोध्या के पुनर्विकसित रेलवे स्टेशन का उद्घाटन किया। इस रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास 240 करोड़की लागत से किया गया है। यह एक तीन मंजिला सर्टिफाइड ग्रीन बिल्डिंग है, जहां पर लिफ्ट, एस्केलेटर, वेटिंग हॉल, क्लॉकरूम और फूड प्लाजा जैसी सुविधाएं मौजूद हैं। अयोध्या धाम जंक्शन रेलवे स्टेशन का बाहरी हिस्से में पारंपरिक झलक है, इसमें डिजाइन के कई पहलू भगवान राम के जीवन के साथ-साथ राम मंदिर से भी प्रेरित हैं। एक अधिकारी ने बताया कि स्टेशन के ऊपर एक संरचना है, जिसका डिजाइन शाही 'मुकुट' (मुकुट) जैसा है, जबकि इसके ठीक नीचे एक दीवार पर एक धनुष को चित्रित किया गया है। यह अयोध्या के साथ भगवान राम के जुड़ाव को दिखाता है।

पीएम मोदी ट्रेन में बच्चों से बोले

### चाय पिला दो न, कुछ खाने को नहीं लाए?



पीएम मोदी अमृत भारत ट्रेन में बैठे कुछ स्कूली बच्चों से मिले। बच्चों संग मुलाकात के दौरान पीएम मोदी का एक अनोखा अंदाज नजर आया, जहां वह बच्चों से हंसी-मजाक करते नजर आए। जब बच्चों ने पीएम मोदी की फोटो दिखाई तो प्रधानमंत्री ने कहा कि वे उस फोटो में गुस्से में दिखाई दे रहे हैं। पीएम मोदी बच्चों से कहते हैं कि 'थोड़ी चाय पिला देती, कुछ खाने को नहीं लाए क्या?' ट्रेन में इस दौरान पीएम मोदी के साथ यूपी के सीएम योगी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव भी मौजूद थे।

भारी मन से बोले उद्धव

### मुझे राम मंदिर उद्घाटन का आमंत्रण ही नहीं मिला

भव्य राम मंदिर का उद्घाटन 22 जनवरी को होना है। इसके लिए सभी बड़े नेताओं को आमंत्रण भेजा जा चुका है। इस बीच महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और शिवसेना (यूबीटी) गुट के मुखिया उद्धव ठाकरे ने दावा किया है कि उन्हें उद्घाटन समारोह का आमंत्रण ही नहीं मिला। उन्होंने राजनीति का आरोप लगाते हुए कहा मंदिर के लिए सैकड़ों लोगों ने बलिदान दिया है।




## खबर संक्षेप

### रेल और प्लेटफॉर्म टिकट कर दिया महंगा: राहुल



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बेरोजगारी और महंगाई जैसे मुद्दों पर मोदी सरकार को घेरा है। उन्होंने सोशल प्लेटफॉर्म एक्स में ट्वीट करके रेलवे किराए और रसोई गैस की कीमत को लेकर कटाक्ष किया है। राहुल ने कहा कि रेल ने हर वर्ग का किराया बढ़ा दिया है।

### चित्रदुर्ग में 5 कंकाल मिलने से मचा हड़कंप



**चित्रदुर्ग।** कर्नाटक के चित्रदुर्ग इलाके में एक पुराने घर के अंदर 5लोगों के कंकाल मिले हैं। , पुलिस का मानना है कि इन पांच लोगों की मौत 2019 में हुई होगी। पुलिस और पड़ोसियों के बीच यह सवाल उठ रहा है कि किसी को इसका पता कैसे नहीं चला?

### सड़क हादसे में 5 की मौत,19 लोग घायल



**पुदुक्कोट्टई।** जिले के पास एक भीषण सड़क दुर्घटना हो गई।हादसे में एक महिला सहित 5 लोगों की मौत हो गई और 19 लोग घायल हो गए। जिला पुलिस ने बताया त्रिची-रामेश्वरम राजमार्ग पर एक बेकाबू ट्रक एक चाय की दुकान में घुस गया। घायलों को सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया है।

पूज्य पुराणी स्वामी स्मृति महोत्सव में बोले गृहमंत्री शाह

# कई साल तक लटकाया गया राम मंदिर का काम मोदी रामलला को उनके 'भवन' में करेंगे विराजित

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि भगवान राम की जन्मभूमि को नष्ट कर दिया गया था। पीएम नरेंद्र मोदी 22 जनवरी को संतों की मौजूदगी में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा करेंगे। शाह गुजरात के अहमदाबाद शहर में स्वामीनारायण गुरुकुल विश्वविद्या प्रतिष्ठानम (एसजीवीपी) के जरिए आयोजित की गई पूज्य पुराणी स्वामी स्मृति महोत्सव में शामिल होने यहां पहुंचे।

पूज्य पुराणी स्वामी स्मृति महोत्सव में लोगों को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि अगर स्वामी नारायण संप्रदाय के गुरुकुल गुजरात में अलग-अलग जगहों पर काम नहीं करते तो गुजरात का सर्व शिक्षा अभियान अधूरा रह जाता। यहां उन्होंने राम मंदिर, आतंकवाद, भारतीय सेना के पराक्रम से लेकर देश की अर्थव्यवस्था को लेकर बात की। लोकसभा चुनाव में भाजपा को जिताने की भी अपील की।



### पहले राम के जन्मस्थान को नष्ट कर दिया था

शाह ने कहा कि कई साल से भगवान राम के जन्मस्थान को नष्ट कर दिया गया था। 22 जनवरी से रामलला अपने घर में उन्होंने कहा कि पीएम मोदी 22 जनवरी को अयोध्या जाएंगे और संतों की मौजूदगी में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा करेंगे। पीएम मोदी समेत भाजपा के लगभग सभी प्रमुख नेता 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के लिए अयोध्या पहुंचने वाले हैं।

### घर में घुसकर जवाब दे रही भारतीय सेना

पाकिस्तान का नाम नहीं लिए बगैर शाह ने कहा कि पड़ोसी के साथ रिश्ता अच्छा होना चाहिए, मगर सीमा से खिलवाड़ करने का अधिकार किसी को नहीं है। बालाकोट एयरस्ट्राइक और उरी सर्जिकल स्ट्राइक का जिक्र करते हुए गृह मंत्री ने कहा कि भारतीय सेना अब घर में घुसकर जवाब देती है। मोदी सरकार ने ही पाकिस्तान पर एयरस्ट्राइक करवाई थी।

### मोदी को फिर बनाइए पीएम,बदली देश की तस्वीर

शाह ने कहा गुजरात के सीएम जब पीएम बने तो देश की तस्वीर बदल गई। कोरोना काल में सरकार ने अच्छा काम किया है। मोदी को फिर से पीएम बना दीजिए।

धुंध और कोहरे ने रोकी रेल के साथ ही हवाई सफर की रफ्तार

# 80 से ज्यादा फ्लाइट्स हो गईं डिले 30 से अधिक ट्रेनें देरी से चल रहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सर्दियों के मौसम में न सिर्फ लोगों को कड़ाके की ठंड से जूझना पड़ता है, बल्कि धुंध और कोहरे के चलते भी लोगों को परेशानी उठानी पड़ती है।

धुंध का सबसे ज्यादा असर यातायात पर देखने को मिलता है। खराब मौसम की वजह से दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट से अब तक करीब 80 फ्लाइट्स डिले यानी देरी से चल रही हैं। कोहरे के चलते बड़ी संख्या में ट्रेनें भी देरी से चल रही हैं। कुछ ट्रेन कैंसिल भी हुई हैं।

### देरी की वजह खराब विजिबिलिटी



एजीआई से उड़ान भरने वाली 80 के करीब फ्लाइट्स खराब मौसम की वजह से देरी से चल रही हैं। देरी की वजह खराब विजिबिलिटी और कोहरा है।

### उत्तर भारत घने कोहरे की चपेट में

पिछले तीन दिनों में उत्तर भारत में जिस तरह से कोहरे का प्रकोप देखने को मिल रहा है। उसकी वजह से न सिर्फ फ्लाइट्स कैंसिल हो रही हैं, बल्कि देरी से चल रही हैं। बुधवार को 100 फ्लाइट्स डिले हुईं और 25 दिसंबर को गुरुवार के दिन 58 फ्लाइट्स को डायवर्ट किया। ऐसे में हवाई सफर कर रहे यात्रियों को कोहरे की वजह से काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। ऐसा ही कुछ रेल यात्रियों का भी है, जिनकी ट्रेनें कई-कई घंटे लेट चल रही हैं।

राजस्थान में भजनलाल मंत्रिमंडल का विस्तार, समारोह से दूर रहीं राजे

# राज्यवर्धन और किरोड़ीलाल बने मंत्री, 22 ने ली शपथ

## 12 को कैबिनेट, 5 को राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और 5 विधायकों को राज्यमंत्री बनाया

एजेंसी ▶▶ जयपुर

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) शासित राजस्थान में आखिरकार कई दिनों के इंतजार के बाद शनिवार को कैबिनेट का विस्तार कर दिया गया। पूर्व केंद्रीय मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ और किरोड़ीलाल मीणा समेत 22 लोगों को मंत्री बनाया गया है। इनमें से 12 को कैबिनेट, 5 को राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और 5 को राज्यमंत्री बनाया गया।

प्रदेश में सीएम भजनलाल शर्मा समेत अब 25 मंत्री हो चुके हैं। हालांकि, कैबिनेट विस्तार समारोह में पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा की वरिष्ठ नेता वसुंधरा राजे सिंधिया शामिल नहीं हुईं।

### राज्यपाल ने मीणा को सबसे पहले शपथ दिलाई




राज्यपाल कलराज मिश्र ने सबसे पहले डॉ. किरोड़ी लाल मीणा को मंत्री पद की शपथ दिलाई। फिर राज्यवर्धन सिंह राठौड़, गजेंद्र सिंह खींवसर, बाबूलाल खराड़ी और मदन दिलावर, जोगाराम पटेल, सुरेश सिंह रावत, अविनाश गहलोत, जोराराम कुमावत, हेमंत मीणा, कन्हैयालाल चौधरी व सुमित गोदारा ने शपथ ली।

### राज्यपाल से मिले सीएम

इससे पहले सीएम भजनलाल शर्मा शनिवार सुबह राज्यपाल कलराज मिश्र से मिले और नए मंत्रियों को पद की शपथ दिलाने का अनुरोध किया। शनिवार सुबह रामगंजमंडी से विधायक मदन दिलावर सुबह भाजपा के प्रदेश कार्यालय पहुंचे और उन्होंने भाजपा के कई वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात की।

### सुरेंद्रपाल भी मंत्री बनाए गए

सुरेंद्रपाल सिंह टीटी को भी कैबिनेट में शामिल किया है, जो अभी प्रत्याशी हैं। प्रदेश में बनाए गए कैबिनेट मंत्रियों में डॉ. किरोड़ी लाल मीणा, गजेंद्र सिंह खींवसर के साथ-साथ राज्यवर्धन सिंह राठौड़, बाबूलाल खराड़ी, जोगाराम पटेल, मदन दिलावर, अविनाश गहलोत, सुरेश सिंह रावत, हेमंत मीणा, कन्हैयालाल चौधरी, जोराराम कुमावत और सुमित गोदारा शामिल हैं.जबकि विधायक झाबर सिंह खर्रा, सुरेंद्रपाल सिंह टीटी, संजय शर्मा, गौतम कुमार और हीरालाल नागर को राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) के रूप में शपथ दिलाई गई तो विधायक ओटाराम देवासी, डॉ. मंजू बाघमार, केके बिश्नोई, विजय सिंह चौधरी और जवाहर सिंह बेढम प्रदेश के राज्य मंत्री बने।

भाजपा ने की थी शिकायत

# कोच्चि शहर में 'गवर्नर' टाइटल वाला नाटक किया प्रतिबंधित

एजेंसी ▶▶ कोच्चि

केरल के कोच्चि शहर में अधिकारियों ने शुक्रवार को चल रहे कोच्चि कार्निवल में एक नाटक के मंचन पर प्रतिबंध लगा दिया। भाजपा ने इस नाटक को लेकर आरोप लगाया था कि इसके टाइटल ने संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों का अपमान किया है। नाटक गावर्नरम थोपियुम जिसका अनुवाद 'गवर्नर एंड हिज हैट' है। केरल में होने वाला नाटक जर्मन नाटक 'विलियम टेल' का मलयालम रूपांतरण है। इस नाटक का मंचन शुक्रवार रात को होने वाला था।



### कथित 'तानाशाह गवर्नर' को दर्शाया गया

नाटक में एक राज्य के 'तानाशाह गवर्नर' को दर्शाया गया है जो शहर में एक टोपी रखता है और लोगों को उसके प्रति सम्मान प्रकट करने के लिए उसे झुकने का आदेश देता है। राज्यपाल अपने आदेश का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए गार्ड तैनात करता है और जो ऐसा करने में विफल रहता है उसे दंडित किया जाता है।

राम ने इसी बाण से रावध का वध किया

# पंच धातु से बना 11.5 किलो का 'अजयबाण', 10 जनवरी को पहुंचेगा अयोध्या

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

अयोध्या में नवनिर्मित श्री राम मंदिर में पौराणिक 'अजयबाण' की प्रतिकृति रखी जाएगी। 5 फीट लंबे इस बाण की शक्तिपीठ अंबाजी में शास्त्रोक्त विधि-विधान के साथ पूजा अर्चना की गई। पौराणिक कथाओं के अनुसार, भगवान राम ने इसी बाण से रावण का वध किया था। सोने, चांदी, तांबे, पीतल और लोहे से बने इस बाण को बनाने में 5 लाख रुपए का खर्च आया है।



## त्रेतायुग में मां अंबा ने दिया था यह बाण

*पौराणिक कथाओं के अनुसार, अजयबाण के साथ शक्तिपीठ अंबाजी का अनोखा जुड़ाव पाया जाता है। त्रेतायुग में भगवान श्री राम और लक्ष्मणजी की मुलाकात जब ऋषि शृंगी से हुई, तो उन्होंने भगवान श्री राम को आद्यशक्ति मां अंबा की पूजा कर उन्हें प्रसन्न करने को कहा था। तब राम ने वन में मां जगदंबा की आराधना की। फलस्वरूप स्वयं मां अंबा ने प्रसन्न होकर श्री राम को अजयबाण देकर वरदान देते हुए विजयी भव का आशीर्वाद दिया।*

## खास बॉक्स में रखा जाएगा

*अब कलयुग में भगवान राम का भव्य मंदिर बन रहा है, तब पौराणिक कथा के अनुसार अजयबाण की प्रतिकृति बनाने की प्रेरणा मिली है। धनुर्वेद ग्रंथ में बाण के बारें में जानकारी मिलती है, उसे ध्यान में रखकर अजयबाण की प्रतिकृति बनाई गई है। इसलिए इस बाण की डिजाइन में आगे का हिस्सा मोटा बनाया गया है। श्री राम मंदिर की तरफ से अजयबाण के लिए एक विशेष बॉक्स डिजाइन करने को कहा गया है। इसके साथ अजयबाण के महत्व के बारें में जानकारी भी जोड़ी जाएगी।*



## शास्त्रोक्त विधि विधान से की पूजा

श्री आरासुरी देवस्थान ट्रस्ट, अंबाजी की प्रेरणा से अहमदाबाद के जय भोले ग्रुप ने पौराणिक धर्मग्रंथों में वर्णन के अनुसार अजयबाण की प्रतिकृति का निर्माण किया है। इसे अयोध्या में निर्माणाधीन श्री राम मंदिर में स्थापित किया जाएगा। इस अजयबाण की पूजा अर्चना शक्तिपीठ अंबाजी मंदिर के ब्राह्मणों द्वारा शास्त्रोक्त विधि विधान से की गई है।

## बाण की लंबाई 5 फीट

*11.5 किलोग्राम वजन के इस अजयबाण को बनाने में सोना, चांदी, तांबा, पित्तल और लोहे का इस्तेमाल हुआ है। जिसकी लंबाई 5 फीट रखी गई है। महज 5 दिनों में ये अजयबाण अहमदाबाद की फैक्ट्री में बनकर तैयार हुआ है, जिसमें 5 लाख रुपए का खर्च आया है।*

## 8 जनवरी को अहमदाबाद से प्रस्थान करेगा

ये अजयबाण 10 जनवरी के दिन अयोध्या स्थित भव्य श्री राम मंदिर में अर्पण किया जाएगा। श्री राम भक्तों की श्रद्धा और आस्था को देखते हुए अजयबाण के दर्शन की व्यवस्था 7 जनवरी तक की गई है। इसके बाद 8 जनवरी को यह अजयबाण अयोध्या के श्री राम मंदिर में अर्पण करने के लिए अहमदाबाद से प्रस्थान करेगा।

## जय भोले ग्रुप ने तैयार की है अजयबाण की प्रतिकृति

*इसी अजयबाण से भगवान श्री राम ने दशानन रावण का वध किया था। अजयबाण से रावण का वध का उल्लेख माताजी की आरती में भी पाया जाता है। अजयबाण की प्रतिकृति को तैयार करने वाले जय भोले ग्रुप के फाउंडर दीपेश पटेल ने कहा, 'त्रेतायुग में मां अंबा ने भगवान श्री राम को अजयबाण दिया था, जिससे रावण का वध हुआ था।'*

---

## खबर संक्षेप

### दुनिया की आबादी एक साल में 7.5 करोड़ बढ़ी

**वॉशिंगटन।** 1 जनवरी 2024 से दुनिया की आबादी 8 अरब को पार कर जाएगी। अमेरिका के सेंसस



ब्यूरो ने अपनी रिपोर्ट में ये दावा किया है। इसके मुताबिक, पिछले 1 साल में दुनिया की जनसंख्या में करीब 7.5 करोड़ का इजाफा हुआ है। रिपोर्ट के मुताबिक, दुनिया में हर सेकेंड 4.3 लोग जन्म लेते हैं, जबकि 1 सेकेंड में 2 लोगों की मौत होती है। ब्यूरो के मुताबिक, 1 जनवरी 2024 को दुनिया की कुल आबादी 8.02 अरब हो जाएगी। 1 जनवरी 2023 ये आंकड़ा 7.94 अरब था। नवंबर 2022 में यूएन ने कहा था दुनिया की आबादी 8 अरब पहुंच गई।

### चीन ने डोंग जून को बनाया नया रक्षा मंत्री

**बीजिंग।** चीन ने डोंग जून को अपना नया रक्षा मंत्री नियुक्त किया। नवनियुक्त 62 वर्षीय रक्षा



मंत्री डोंग जून पहले पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के नौसेना प्रमुख थे। इससे पहले उन्होंने उत्तरी समुद्री बेड़े, पूर्वी समुद्री बेड़े के साथ-साथ दक्षिणी कमांड थिएटर सहित पीएलए के सभी प्रमुख डिवीजनों में काम किया है। पूर्व रक्षा मंत्री ली शांगफू अगस्त से अचानक लापता हो गए थे, जिसके बाद चीन ने उन्हें बिना किसी स्पष्टीकरण के पद से हटा दिया था। ली के बारे में अभी तक कोई सटीक जानकारी नहीं मिल पाई है।

---

इजराइली दूतावास धमाका मामला

# अब स्पेशल सेल करेगी जांच पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इजराइली दूतावास के पीछे गत 26 दिसंबर को हुए धमाके के मामले में नई दिल्ली जिला के तुगलक रोड थाना पुलिस ने विस्फोटक अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। चार दिनों तक नई दिल्ली जिला पुलिस, स्पेशल सेल, एनआईए और एनएसजी द्वारा गहन जांच के बाद शुक्रवार रात मुकदमा दर्ज कर लिया गया। पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा के निर्देश पर विस्तृत जांच के लिए केस को स्पेशल सेल में ट्रांसफर कर दिया गया है। विशेष आयुक्त कानून एवं व्यवस्था सागर प्रीत हुड्डा ने इसकी पुष्टि की है।

मंगलवार शाम करीब 5.45 बजे दूतावास के पिछले दरवाजे के पास जोरदार धमाका होने की पुलिस को कॉल मिली थी, जिसके बाद दिल्ली पुलिस समेत सभी केंद्रीय एजेंसियों ने जांच शुरू कर दी थी। मौके से विस्फोट से संबंधित कोई सामान न मिलने पर पुलिस को विस्फोट में किसी रसायन का इस्तेमाल किए जाने का शक गहराया, जिससे बाद विस्फोटक का पता लगाने के लिए सुबह एनएसजी की फॉरेंसिक टीम को बुलाया।

## विस्फोट में रसायन होने का संदेह

*एनएसजी के फॉरेंसिक विशेषज्ञों ने धमाके वाले जगह पर लगे पौधे की पत्तियों और घास से काफी नमूने एकत्र किए, जिनमें विस्फोट के लिए इस्तेमाल किए गए रसायन होने का संदेह हुआ। फॉरेंसिक विशेषज्ञ पौधे की टहनियों और कुछ जगहों के घास भी काटकर जांच के लिए अपने साथ ले गए। एनएसजी की डाग स्क्वाड ने दो कुत्तों के जरिये घटनास्थल के चारों तरह का निरीक्षण किया।*

## झाड़ियों में मिली चिट्ठी

मंगलवार शाम धमाके की सूचना मिलने पर पुलिस व विभिन्न एजेंसियां जब घटनास्थल पर पहुंची तब एक पौधे की झाड़ियों पर एक पेज की चिट्ठी मिली। अंग्रेजी में लिखी चिट्ठी में राजनयिक के खिलाफ अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल किया गया था। चिट्ठी पर झंडे बने थे। साथ ही उसमें 'सर अल्लाह रेजिस्टेंस' लिखा हुआ था। जांच एजेंसियों को शक है कि यह नाम किसी संगठन का हो सकता है। चिट्ठी में यहूदी, फिलिस्तीन और गाजा जैसे शब्दों का उल्लेख किया गया था। एनएसजी की फॉरेंसिक टीम इस पत्र की भी फॉरेंसिक जांच कर रही है।

---

मुख्य सचिवों के तीसरे राष्ट्रीय सम्मेलन को पीएम मोदी ने किया संबोधित

# नागरिकों के लिए सुशासन सुनिश्चित करने के तरीकों पर प्रतिबद्ध हो करें काम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बेहतर सेवा वितरण सुनिश्चित करने के साथ-साथ सभी नागरिकों के लिए प्रतिबद्धता के साथ सुशासन की दिशा में काम करना होगा। तीसरे मुख्य सचिवों के राष्ट्रीय सम्मेलन के अंतिम दिन पीएम नरेंद्र मोदी ने अध्यक्षता करते हुए कहा कि सम्मेलन के मुख्य विषय 'जीवन की सुगमता' यानी 'ईज ऑफ लिविंग' को ध्यान में रखते हुए बेहतर सेवा वितरण सुनिश्चित करने के साथ सभी नागरिकों के लिए सुशासन सुनिश्चित करने के तरीकों पर प्रतिबद्धता के साथ काम करना होगा।

*"मुख्य सचिवों के तीसरे राष्ट्रीय सम्मेलन को पीएम मोदी ने कहा कि बेहतर सेवा वितरण सुनिश्चित करने के साथ-साथ सभी नागरिकों के लिए प्रतिबद्धता के साथ सुशासन की दिशा में काम करना होगा।*

**देश की प्रगति के लिए सुशासन पर जोर दिया**

### खास बातें

- कल्याणकारी योजनाओं तक आसान पहुंच करवाएं
- सेवा वितरण में गुणवत्ता पर विशेष जोर दें
- जमीन, बिजली, पेयजल, स्वास्थ और स्कूल पर दें ध्यान




### लोगों की भलाई से जुड़ी योजनाओं पर हुई चर्चा

पीएम मोदी ने बैठक में आम लोगों की भलाई से जुड़ी सभी योजनाओं को और सरल बनाने की कोशिश के साथ साइबर सुरक्षा, एआई की चुनौतियों जैसे उभरते हुए मसलों पर भी चर्चा की। इसके अलावा राज्यों के साथ प्रधानमंत्री आकांक्षी जिलों व आकांक्षी ब्लाक प्रोग्राम के बारे में भी चर्चा हुई। राज्यों में पर्यटन के प्रोत्साहन, उनकी ब्रांडिंग, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना व पीएम स्वनिधि योजना के अमल को लेकर भी सभी राज्यों के मुख्य सचिवों से बातचीत हुई।

### सम्मेलन में 200 से अधिक लोगों की रही भागीदारी

तीन दिवसीय इस सम्मेलन में केन्द्र सरकार के प्रतिनिधि, मुख्य सचिव और सभी राज्यों व केन्द्र शासित प्रदेशों के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों सहित 200 से अधिक लोगों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में राष्ट्र के विकास और प्रगति के लिए महत्वपूर्ण नीतिगत-संबंधी विभिन्न मुद्दों पर व्यापक चर्चा हुई। नागरिकों की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए प्रौद्योगिकी और नवीन समाधानों का लाभ उठाने पर ध्यान केंद्रित किया गया।

### राज्यों ने सफल मॉडल प्रस्तुत किए

सम्मेलन में सभी राज्यों के मुख्य सचिवों ने बेहतर सुशासन के लिए अपने संबंधित अधिकार क्षेत्र में कार्यान्वित कार्यक्रमों एवं अनुभवों का सफल मॉडल प्रस्तुत किया, मुख्य सचिवों का यह सम्मेलन राष्ट्र को प्रगति और समृद्धि के पथ पर आगे बढ़ाने के उद्देश्य से प्रतिबद्धता की एक नई भावना के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

### तीसरा सम्मेलन

बता दें कि यह इस तरह का तीसरा सम्मेलन है। इससे पहले जून 2022 में धर्मशाला में और दूसरा जनवरी 2023 में दिल्ली में आयोजित किया गया था। सहकारी संघवाद के सिद्धांत को जमीन पर उतारने के लिए केंद्र और राज्य सरकारों के बीच सहभागी शासन और साझेदारी को प्रोत्साहित करना उद्देश्य है।

### सरकारी वितरण तंत्र को मजबूत करें

पीएम मोदी ने कहा कि इस सम्मेलन का आयोजन उद्देश्य सरकारी वितरण तंत्र को मजबूत करने के उद्देश्य से किया गया है। साथ ही सहयोगात्मक कार्रवाई के माध्यम से ग्रामीण और शहरी, दोनों आबादी के लिए जीवन की बेहतर गुणवत्ता के लक्ष्य को हासिल करना है, इसके अलावा कल्याणकारी योजनाओं तक आसान पहुंच और सेवा वितरण में गुणवत्ता पर विशेष जोर देने की पहल शामिल है।

### इन 5 सेक्टरों पर रहा मुख्य फोकस

*जिन पांच सेक्टर की सेवाओं की गुणवत्ता बढ़ाने के साथ वितरण को आसान बनाने की तैयारी की जा रही है उनमें में जमीन, बिजली, पेयजल, स्वास्थ्य और स्कूल को शामिल किया गया, ताकि इन पांच सेक्टर की सेवा शहर से लेकर गांव तक के सभी व्यक्तियों को आसानी से मिल सके। इनकी सेवाओं में गुणवत्ता आने से लोगों की उत्पादकता भी बढ़ेगी जिससे देश को विकसित बनाने में मदद मिलेगी।*

---

इजराइली सेना ने तेज की कार्रवाई

# 24 घंटे में 200 की मौत, खान यूनिस में हमास की सुरंगों पर किए हवाई हमले

एजेंसी ▶▶ तेल अवीव

इजराइल और हमास का हिंसक संघर्ष जारी है। बीते ढाई महीने से जारी इस युद्ध में अब तक 21 हजार से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। इजराइली सेना ने हमास के आतंकी ठिकानों को नष्ट करने के लिए हमले तेज कर दिए हैं।

एक रिपोर्ट के मुताबिक गाजा पट्टी के खान यूनूस में हमास की सुरंगों पर भीषण बमबारी में बीते 24 घंटे के दौरान 200 लोगों की मौत हुई है। दक्षिणी शहर में लगातार आगे बढ़ रहे इजराइली सेना के जवानों ने हमास के सुरंगों पर हवाई हमले किए। साथ ही तोप के गोले भी बरसाए गए।



## नुसीरात शिविर पर भी कई हवाई हमले

*शुक्रवार रात गाजा पट्टी में खान यूनिस पर इजराइली टैंक ने भीषण गोलीबारी और हवाई बमबारी की। इजराइल के अभियान में 24 घंटे में लगभग 200 लोगों के मारे जाने की खबर है।*

## 82 दिनों में 21 हजार से अधिक लोगों की मौत

गौरतलब है कि बीते ढाई महीने से अधिक समय से जारी युद्ध के दौरान गाजा के 2.13 मिलियन लोग सुरक्षित ठिकानों की तलाश में घर छोड़कर भाग चुके हैं। गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों के मुताबिक बीते 24 घंटे में इजराइली हमलों में 187 फिलिस्तीनी लोगों के मारे जाने की पुष्टि हो चुकी है। इसी के साथ 7 अक्तूबर के बाद अब तक मरने वालों की संख्या 21,507 तक पहुंच चुकी है। यानी गाजा की कुल आबादी का लगभग एक फीसदी खत्म हो चुका है। खंडहरों में हजारों और शवों के दबे होने की आशंका है।

## तहखाने की सुरंग भी नष्ट

*खान यूनिस के कुछ हिस्से पर इजराइली सेना दिसंबर की शुरुआत में ही कब्जा कर चुकी है। रक्षा मंत्री योव गैलेंट ने कहा कि हमास के कमांड सेंटरों और हथियार डिपो को भी सेना लगातार निशाना बना रही है। सेना ने गाजा के हमास नेता याह्या सिनवार के घरों में से एक के तहखाने में बनी सुरंग और पूरे परिसर को नष्ट कर दिया है।*

---

300 टन चावल के 11 ट्रक किए अयोध्या रवाना

# भगवान श्रीराम को लगेगा छत्तीसगढ़ के चावल का भोग

**रायपुर।** अयोध्या में श्रीराम मंदिर की 22 जनवरी को होने वाली प्राण प्रतिष्ठा में भगवान श्रीराम को छत्तीसगढ़ के चावल का भोग लगेगा। यहां से 300 मीट्रिक टन सुगंधित चावलों से भरे 11 ट्रकों को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने शनिवार को राजधानी रायपुर के वीआईपी रोड स्थित श्रीराम मंदिर से भगवा ध्वज की झंडी दिखाकर रवाना किया। चावल छत्तीसगढ़ प्रदेश राइस मिलर्स एसोसिएशन द्वारा उपलब्ध कराया गया है। श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या के लिए रवाना किया। अयोध्या में भगवान



श्रीराम के मंदिर का भव्य उद्घाटन हो रहा है। ऐसे में भगवान श्रीराम के ननिहाल छत्तीसगढ़ से भगवान श्रीराम के लिए चावल का भोग लगाने के लिए यहां से सुगंधित चावल भेजा गया है। इस चावल का प्रसाद भी लोगों में वितरित होगा।

---

पुलिस घरेलू हिंसा व वित्तीय तनाव से जोड़ रही

# 5 मिलियन डॉलर की हवेली से पति-पत्नी व बेटी की लाशें मिलीं

*टीना और उनके पति पहले एक बंद हो चुकी एडुनोवा नाम की शिक्षा प्रणाली कंपनी चलाते थे*



एजेंसी ▶▶ मैसाचुसेट्स

अमेरिका के मैसाचुसेट्स में भारतीय मूल के एक कपल और उनकी बेटी को घर में मृत पाया गया है। इस घटना से इलाके में हड़कंप मच गया है। भारतीय मूल का यह जोड़ा अपनी 5 मिलियन अमेरिकी डॉलर की हवेली में बेटी के समेत रहता था। इसी हवेली में सभी मृत अवस्था में पाए गए हैं।

पुलिस इस घटना को घरेलू हिंसा से जोड़कर देख रही है। जबकि जांच एजेंसियों का दावा है कि दंपति हाल के वर्षों में वित्तीय समस्याओं का सामना कर रहा था। इस बात की पुष्टि कपल के खातों के ऑनलाइन रिकॉर्ड से पता चलता है। रिपोर्ट के अनुसार, टीना और उनके पति पहले एक बंद हो चुकी एडुनोवा नाम की शिक्षा प्रणाली कंपनी चलाते थे।

## मृतक के पास पाई गई एक बंदूक

स्थानीय अभियोजक माइकल मॉरिससी ने बताया कि यह घटना गुरुवार (28 दिसंबर) शाम को हुई थी। जब अपनी हवेली में 57 वर्षीय राकेश कमल, उनकी पत्नी, 54 वर्षीय टीना और उनकी 18 वर्षीय बेटी एरियाना मृत पाए गए। उन्होंने कहा कि मौके पर राकेश कमल के शरीर के पास एक बंदूक पाई गई थी। हालांकि, वह इस घटना को हत्या या आत्महत्या बताने से पहले मेडिकल जांच रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि यह संभवत: एक घरेलू हिंसा से जुड़ा हुआ मामला हो सकता है।

---

मुंबई हमले का मास्टरमाइंड है लश्कर-ए-तैयबा का आतंकी सरगना

# हाफिज सईद को भारत के हवाले करने से पाक ने किया इनकार

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने आतंकी सरगना हाफिज सईद के प्रत्यर्पण की भारत की मांग को खारिज कर दिया है। पाकिस्तान ने शुक्रवार को पुष्टि की कि भारत ने कई आतंकी मामलों में वांछित 2008 के मुंबई हमले के मुख्य साजिशकर्ता हाफिज सईद के प्रत्यर्पण की मांग की है। पाकिस्तान विदेश कार्यालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलूच ने कहा कि पाकिस्तान को भारतीय अधिकारियों से सईद के प्रत्यर्पण की मांग करने वाला अनुरोध मिला है। उन्होंने कहा, 'यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि पाक और भारत के बीच कोई द्विपक्षीय प्रत्यर्पण संधि मौजूद नहीं है। लिहाजा उसका प्रत्यर्पण संभव नहीं है।' जानकारों का कहना है कि इस तरह के मसौदा समझौते के अभाव में भी प्रत्यर्पण संभव है।



### खास बातें

*पाक और भारत के बीच कोई द्विपक्षीय प्रत्यर्पण संधि मौजूद नहीं*

*हाफिज की पार्टी चुनाव में इस्लामिक स्टेट का सपना दिखा रही है।*

## चुनाव लड़ रही है सईद की पीएमएमएल पार्टी

भारत ने सईद के बेटे तल्हा सईद के पाकिस्तान में चुनाव लड़ने की खबरों पर भी गौर किया है और कहा कि उस देश में कट्टरपंथी आतंकवादी संगठनों को 'मुख्यधारा में आना' कोई नई बात नहीं है और यह लंबे समय से उसकी सरकारी नीति का हिस्सा है। दरअसल, पाकिस्तान में फरवरी 2024 में आम चुनाव हैं और एक बार फिर चुनावी मुकाबले में आतंकी हाफिज सईद की पार्टी पाकिस्तान मरकजी मुस्लिम लीग (पीएमएमएल) भी मैदान में उतरी है। उसने देशभर में प्रत्येक राष्ट्रीय और प्रांतीय विधानसभा क्षेत्रों में अपने उम्मीदवार खड़े किए हैं। हाफिज ने अपने बेटे तल्हा सईद को भी उम्मीदवार बनाया है। वो लाहौर से चुनाव लड़ रहा है। इतना ही नहीं, हाफिज से जुड़ा संगठन पाकिस्तान की जनता को बरगलाने के लिए सियासी एजेंडा लेकर भी आया है। उसकी पार्टी चुनाव में इस्लामिक स्टेट का सपना दिखा रही है।

### भारत ने सईद के प्रत्यर्पण की मांग की है

विदेश मंत्रालय के उच्च अधिकारी ने शुक्रवार को कहा था कि हाफिज सईद के प्रत्यर्पण का अनुरोध कुछ दस्तावेजों के साथ हाल में पाकिस्तान को भेजा गया था। अधिकारी ने कहा, 'हमने संबंधित सहायक दस्तावेजों के साथ पाकिस्तान सरकार को एक अनुरोध भेज दिया है।'

### मुंबई हमले में मारे गए थे 166 लोग

*संयुक्त राष्ट्र द्वारा आतंकी घोषित सईद लश्कर-ए-तैयबा का संस्थापक है। हाफिज सईद के नेतृत्व वाला जमात-उद-दावा, लश्कर-ए-तैयबा का मुखौटा संगठन है। लश्कर-ए-तैयबा 2008 के मुंबई हमले को अंजाम देने के लिए जिम्मेदार है, जिसमें छह अमेरिकियों सहित 166 लोग मारे गए थे।*



अपने जीवन को नया रूप, नया अर्थ हम ही दे सकते हैं। इसके लिए हमें अपने स्वास्थ्य, आर्थिक, मानसिक, आत्मिक, संबंध और तकनीक प्रबंधन की कला सीखनी होगी। इस कला के सूत्रों को अपनाकर हमारा जीवन निश्चित ही तनावमुक्त, उत्साह और ऊर्जा से भरपूर बन जाएगा। इसका शुभारंभ हम कल से शुरू हो रहे नववर्ष से ही कर सकते हैं।

# नए वर्ष में दें जीवन को नया अर्थ

{ आवरण कथा / कुमार राधारमण }

यह जीवन सुख-दुख और हर्ष-विषाद की एक अनवरत यात्रा है। हमारी कामनाएं इस यात्रा को गति देती हैं और परेशानी का कारण भी बनती हैं। इस वर्ष आपने ना जाने कितनी योजनाएं बनाई होंगी। कुछ पूरे हुए होंगे और कुछ शेष होंगे। कल की बेहतरी की उम्मीद जिजीविषा को बनाए रखती है और जीवन को नए मायने देती है। वस्तुतः नएपन का बोध व्यक्ति को ऊर्जा से भर देता है और यही ऊर्जा मनुष्य के विकास का आधार है। कल से आरंभ हो रहे नववर्ष में हम स्व प्रबंधन की दिशा में कदम बढ़ा सकते हैं।

## आर्थिक प्रबंधन

यह आर्थिक युग है। जीने के लिए धन की अनिवार्यता है और आर्थिक आत्मनिर्भरता हर व्यक्ति का जन्मसिद्ध अधिकार है। यदि आप व्यवसाय करते हैं, तो आप अपने परिवार से इतर लोगों के लिए भी सहारा बनते हैं और राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में भी योगदान देते हैं। व्यवसाय कई पीढ़ियों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बना सकता है। व्यवसाय के लिए पूंजी चाहिए और लंबे समय तक छोटी बचत से भी बड़ी पूंजी खड़ी हो सकती है। बाजार के प्रभाव में आकर अनावश्यक खर्चे से बचें और आर्थिक रूप से जागरूक बनें। जिस निवेश में जोखिम हो, उसमें लाभ की संभावना भी छिपी होती है। नया वर्ष ऐसी किसी योजना को कार्यरूप देने का अवसर है। जमीन या मकान में ऐसा निवेश ना करें, जो कई वर्षों तक आपकी परेशानी का सबब बना रहे। वास्तविक जरूरत का सम्यक आकलन ऐसी परेशानी से बचा सकता है।

## स्वास्थ्य प्रबंधन

जो स्वस्थ है, वही जीवन का आनंद ले सकता है। किसी रोग से ग्रस्त होने से पहले भी शरीर कई तरह के संकेत देता है, लेकिन सामान्यतः हम उन्हें पकड़ नही पाते क्योंकि हम इसके प्रति इतने जागरूक नहीं होते। ऐसे में, बेहतर यही है कि प्रतिवर्ष बुनियादी मानदंडों पर अपने स्वास्थ्य को परखने के लिए अपनी जांच कराएं ताकि यदि कोई रोग भीतर पनप भी रहा हो, तो शुरुआती दौर में ही उसका पता चल जाए और आप आगे का जीवन सक्रियतापूर्वक बिता सकें। क्या बीत रहे वर्ष में आपने ऐसी कोई जांच कराई है? यदि हां, तो क्या आपकी दिनचर्या डॉक्टर के कहे मुताबिक ही चल रही है या आप अब भी तमाम लक्षणों का विश्लेषण अपने कयास के आधार पर कर रहे हैं? चिकित्सा विज्ञान ने जो प्रगति की है, उसका लाभ उठाना आपका अधिकार है, यह लाभ लेने में ही ना सिर्फ आपकी बल्कि आपके परिवार की भी सुरक्षा और भलाई है।





## संबंध प्रबंधन

यह दुनिया संबंधों की है। बहुधा देखा जाता है कि पद, कद, रुतबा बदलते ही हमारे व्यवहार में परिवर्तन आने लगता है। अपनी खुशहाली में हम जिनसे सम्मान और मान्यता की अपेक्षा रखते हैं, व्यवहार जगत में हम उन्हीं रक्तसंबंधियों से दूर होने लगते हैं। हममें से अधिकतर लोग अपने ही सगों से धोखा खाए, सताए हुए हैं। ऐसे में, कई बार पराए, अल्पपरिचित लोग अधिक प्रिय लगने लग जाते हैं। फिर भी, संबंध छूट नहीं जाते। मैं सही-तू गलत के चक्कर में यदि संबंधों की न्यूनतम मर्यादा के पालन से भी आप चूके हों, तो आने वाला वर्ष इसे सुधारने का अवसर है। नए संबंध भी बनाएं और रक्तसंबंधियों से भी जुड़े रहें। इससे आगे चलकर पहचान का संकट पैदा नहीं होगा।

## तकनीक प्रबंधन

सबसे कीमती है समय। सही समय पर लिया गया सही निर्णय एक लंबी छलांग दे सकता है। लेकिन हममें से बहुतों की दुनिया अब गैजेट्स तक सीमित रह गई है। वास्तव में, इन दिनों लोग सोशल मीडिया पर बहुत अधिक समय दे रहे हैं। परिवार छोटे हो रहे हैं और परिवार का हर सदस्य अपने मोबाइल में व्यस्त है। गौर कीजिए कि इस बीत रहे वर्ष में आपने प्रतिदिन सोशल मीडिया पर बिताए औसत समय की तुलना में क्या कुछ हासिल किया? सोशल मीडिया आपके लिए अपनी रचनात्मकता की अभिव्यक्ति या धनार्जन का विषय है या आप बस टाइमपास कर रहे हैं? गैजेट्स पर अपनी व्यस्तता की समीक्षा कीजिए और अधिक सार्थक काम को समय दीजिए। जीवन की जरूरतें बहुत अधिक नहीं हैं और ना ही महत्वाकांक्षा का कोई अंत है। इसलिए किसी भी तकनीक को उतना ही समय दें, जितने के बाद भी आप परिवार को पर्याप्त समय दे पा रहे हों।

## मानसिक प्रबंधन

संभव है, बीत रहा वर्ष आपके लिए किसी विषय या क्षेत्र में कड़वा अनुभव देने वाला रहा हो। यह अनुभव नए वर्ष में आपके काम आ सकता है, क्योंकि बकौल हरिवंश राय बच्चन-जो बीत गई, सो बात गई। किसी दुर्घटना के डर से हम सड़क पर निकलना तो नहीं छोड़ देते। जीवन में आगे बढ़ना ही होता है। अपनी जिजीविषा के बूते मनुष्य ने अनंत चुनौतियां पार की हैं। प्रकृति प्रतिपल नूतन है और जीवन का हर क्षण एक अप्रतिम अवसर है। महाप्राण निराला का महामंत्र है-'नवगति नवलय ताल-छंद नव, नवल कंठ नव जलद मंत्र रव।' जब तक आपमें प्राणऊर्जा है, आप अपनी परिस्थितियों को बेहतर बनाने के लिए प्रयास कर सकते हैं। अनंत अवसर आपकी प्रतीक्षा कर रहे हैं। आइए, अपने जीवन को नया रूप, नया अर्थ देने के शुभ संकल्प के साथ नव वर्ष में प्रवेश करें। *



## आत्म प्रबंधन

**मनुष्य केवल** भूख, नींद और पैसा कमाने के लिए नहीं है। उसके पास एक विकसित मन और चेतना भी है। जीवन की इस आपा-धापी में, हमारे पास अपने लिए समय ना के बराबर रह गया है। आज ऐसा एकांत दुर्लभ होता जा रहा है, जिसमें हम कुछ समय सिर्फ अपने आपको दे सकें। स्वाध्याय, चिंतन-मनन, शांत करने वाले संगीत और ध्यान से हममें से अधिकतर लोग विमुख हैं। जीवन में जो कुछ भी आध्यात्मिक रूप से मूल्यवान है, तकनीक वो हमें नहीं दे रही है। सो निरंतर सक्रियता के साथ ठहरना भी जरूरी है। नवीनतम तकनीक का उपयोग करते हुए आत्ममंथन भी हो कि क्या यह हमें बेहतर मनुष्य बना रही है? यह समय इस वर्ष की गलतियों से सबक लेकर नए वर्ष में नए संकल्प के साथ प्रवेश करने का है। क्या आपके खान-पान और जगत-व्यवहार में शुचिता है? क्या चेतना के तल पर आप ऊपर उठ पाए हैं? क्या आपके जीवन में आध्यात्मिकता है? इन प्रश्नों के जवाब अगर ना में हैं तो यही सही समय है कि आत्मचेतना के लिए भी सक्रिय हों।

{ लघुकथा / डॉ. मोनिका शर्मा }

# आभासी चक्रव्यूह

नववर्ष के संकल्पों की सूची बनाते हुए उसने तकनीकी दुनिया से मिली सहूलियतों पर भी विचार किया। नए साल में अपनी दुनिया नई कर लेने के वादों को वास्तविकता के धरातल पर उतारने के लिए बहुत से एप स्मार्ट फोन में डाउनलोड कर लिए। फोन की स्क्रीन पर पल-पल अवतरित हो वजन घटाने की युक्तियां बताने वाले एप से लेकर मन की सेहत सुधारने के तरीके सुझाने वाले एप तक। कोई एप दिन की शुरुआत में ही सितारों की चाल जान लेने के लिए चुना तो कोई जीवनशैली बदलने के गुर समझने के लिए। उसके उत्साहित युवा मन को ये एप्स झटपट कुछ कर जाने और उसका लेखा-जोखा रखने के माध्यम प्रतीत हुए।

साल का पहला सप्ताह स्क्रीन पर अवतरित होते सुझावों को समझते-गुनते ही बीत गया। स्क्रीन स्क्रॉल का वक्त घटने के बजाय और बढ़ गया। साथ ही कम हो गई लक्ष्य तक जाने, जो करने की ठानी है, उसे कर पाने की सक्रियता और प्रतिबद्धता। कोई संकल्प मुश्किल लगता तो मन उसका विकल्प भी किसी दूसरे एप में तलाशने की वर्चुअल दौड़-धूप शुरू कर देता। यह नहीं तो वह, वह नहीं तो यह। कुछ ना करते हुए सब कुछ कर जाने का आभासी चक्रव्यूह असल जीवन को घेरने लगा। गति पकड़ने के गुर बताने वाले माध्यमों से जीवन कुछ और ठिठक-सा गया।

बेटे के स्वयं से किए वादों का दावे भर बनकर रह जाना देख मां ने संयत स्वर में एक दिन कहा, 'सोचने या चाहने भर से कुछ नहीं होता बेटा, नियमित समय और ऊर्जा लगाना ही अपने लक्ष्य तक जाने का एकमात्र रास्ता है।' बेटे ने मां की ओर देखकर हामी भरी, 'हां मां, मैं समझ गया हूं। यह सब भ्रम-सा ही है। स्क्रीन के इस ओर बैठकर जानी-समझी गई बातों के मायने भी तभी हैं, जब वास्तविक दुनिया में हम स्वयं इन्हें लागू करने की ठानें।'



मां ने आशा भरी नजर से अपने बेटे को देखा और फिर बोलीं, 'अपने आपको या जिंदगी को बदलने की राह में असर तभी नजर आता है, जब सूचनाओं और जानकारियों को जुटाने के साथ-साथ मन-जीवन में भी सक्रियता लाई जाए। बदलाव का मार्ग किसी एप में नहीं स्वयं अपने आप में है बेटे।' बेटे ने बरसों से सधी-सजग और सक्रिय दिनचर्या का पालन कर रही मां की ओर मुस्कुराकर देखा और स्क्रीन स्क्रॉल कर रहे अंगूठे को विराम दिया। फोन एक तरफ रख मन ही मन कुछ ठानते हुए वह कागज-कलम ले गंभीरता से अपनी समय सारिणी बनाने लगा। *



{ गीत
अशोक 'अंजुम' }

# नववर्ष तुम्हारा स्वागत है!

तोड़ गया, अंदर तक हमको तोड़ गया,
गया वर्ष जो उलझन अनगिन छोड़ गया,
तुम देना निष्कर्ष,
तुम्हारा स्वागत है!
स्वागत है,
नववर्ष तुम्हारा स्वागत है!
जो सच्चाई की राहों के साधक हैं,
मानवता के जो सच्चे आराधक हैं,
वे पाएं उत्कर्ष,
तुम्हारा स्वागत है!
स्वागत है,
नववर्ष तुम्हारा स्वागत है!
निर्बल का बल बनकर जो भी रहते हैं,
जिनके मन में करुणा के नद बहते हैं,
उनको देना हर्ष,
तुम्हारा स्वागत है!
स्वागत है,
नववर्ष तुम्हारा स्वागत है!
सबके पथ पर सुंदर फूल खिलाना तुम,
भटकों को अब मंजिल तक पहुंचाना तुम,
सुफलित हों संघर्ष,
तुम्हारा स्वागत है!
स्वागत है,
नववर्ष तुम्हारा स्वागत है!

{ आत्मप्रेरणा / बीके शिवानी, मोटिवेशनल स्पीकर }

आध्यात्मिक संस्था ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय से जुड़ीं राजयोग मेडिटेशन शिक्षिका एवं अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त मोटिवेशनल स्पीकर बीके शिवानी दुनिया भर के लाखों-करोड़ों लोगों के जीवन में सार्थक और सकारात्मक परिवर्तन लाने के प्रेरित करती रहती हैं। नववर्ष के अवसर पर शिवानी बता रही हैं बेहतर, शांतचित और खुशहाल जीवन जीने के सूत्र।



# नए संकल्प लें दृढ़ता से करें उन्हें पूर्ण

आध्यात्मिक प्रेरक वक्ता बीके शिवानी किसी परिचय की मोहताज नहीं हैं। 2007 में प्रसारित टीवी शो- 'अवेकनिंग विद ब्रह्मा कुमारीज' के माध्यम से उन्होंने जनमानस को मानसिक तनाव, अवसाद आदि मानसिक विकारों से मुक्त होकर अपने आत्म-सम्मान को ऊंचा रखने एवं आपसी संबंधों को प्रगाढ़ बनाने की प्रेरणा दी। 2019 में तत्कालीन राष्ट्रपति द्वारा नारी शक्ति पुरस्कार से सम्मानित बीके शिवानी विश्व साइकिएट्रिक एसोसिएशन की गुडविल एम्बेसेडर होने के अलावा फॉग्सी (एफओजीएसआई) के अद्भुत मातृत्व कार्यक्रम से भी जुड़ी हैं। प्रस्तुत हैं उनके प्रेरक विचार, उन्हीं की जुबानी।

## नव वर्ष के मायने

नए वर्ष का मतलब होता है, पुराने को विदाई और नए को बधाई देना। पुरानी, कड़वी बातों, घटनाओं को भूल कर आगे बढ़ना। लेकिन क्या हम ऐसा कर पाते हैं? जवाब है-नहीं। अधिकतर लोग वर्षों तक इन कटु बातों को याद रखते हैं। मन पर बोझ लिए चलते रहते हैं और दुखी रहते हैं। जरूरी यह है कि हम पुराने साल को विदा करते समय ऐसी तमाम यादों, कमजोरियों को बिसारते जाएं। हरेक के प्रति शुभभावना रखें। लोगों को दुआएं दें, तो स्वयं को भी दुआ देना ना भूलें। नए, शक्तिशाली संकल्प लें और इन्हें दृढ़ता के साथ पूर्ण करें।

## स्व-परिवर्तन सिखाता है राजयोग ध्यान

राजयोग ध्यान द्वारा स्व-परिवर्तन की इस अद्भुत यात्रा को मुझे 25 वर्ष से अधिक हो गए हैं। गुजरते समय के साथ अपने भीतर छिपे अहंकार को आत्मिक स्वरूप के अभ्यास से परिवर्तित करने का प्रयास किया है। यह यात्रा अब भी जारी है, क्योंकि आंतरिक शक्ति का विकास एक निरंतर प्रक्रिया है। हमें किसी से कुछ मांगना नहीं, सिर्फ देना होता है। देने से आंतरिक शक्ति स्वयं ही बढ़ती जाती है। जो हम देते हैं, बदले में वही पाते हैं। यह सोच दुनिया की उस मान्यता से ठीक विपरीत है कि हम जो पाते हैं, वही सच है। इससे शांति, स्थिरता एवं स्वीकार्यता तीनों बढ़ती है। इच्छाएं खत्म होती जाती हैं और वर्तमान में रहने की आदत स्वाभाविक बन जाती है। हमारे ब्रह्मा कुमारीज में एक खूबसूरत कहावत है कि जब मैं बदलूंगी तो मेरी दुनिया भी बदलेगी। तमाम आध्यात्मिक सिद्धांत एवं पद्धति भी स्व में सुधार लाने पर ही जोर देते हैं। अर्थात् स्व का ध्यान रखें, स्व की जिम्मेदारी लें, स्व को सशक्त बनाएं, स्व को मान दें एवं स्व को प्रेम करें। ऐसा करने से हम आध्यात्मिक, भावनात्मक, मानसिक, शारीरिक एवं सामाजिक पांचों रूपों में शक्तिशाली बनते जाते हैं। इसलिए किसी व्यक्ति या बाह्य परिस्थिति के बदलने की प्रतीक्षा किए बिना स्वयं पर ध्यान दें।



## ऐसे रखें खुद को शांत

अशांत वातावरण में खुद को शांत रखने से पहले हमें समझना होगा कि कोलाहल हमारे आस-पास नहीं, बल्कि हमारे अपने मन के अंदर होता है। अगर सुबह ही हम अपने मन की स्थिति को ठीक कर लेते हैं और पूरा दिन थोड़ा-थोड़ा उसका ध्यान रखते रहते हैं, तो कैसी भी परिस्थिति आने पर हम उसका स्थिर रहकर सामना कर पाते हैं। जैसे किसी फोन को सुबह चार्ज करने के बाद उसके सैकड़ों फीचर्स पूरे दिन कार्य करते रहते हैं। लेकिन बैट्री अगर चार्ज ना हो, तो फिर फोन रखने का कोई उद्देश्य नहीं रह जाता है। उसी प्रकार, हमारी आत्मा भी एक बैट्री की तरह ही है, जिसे हमें हर सुबह मेडिटेशन से चार्ज करना पड़ता है। इसके अलावा, जब हम कर्मयोगी के स्वरूप में स्थित होकर कोई कार्य करते हैं, तो उसकी दिशा सही होती है। कहने का तात्पर्य है कि हर कर्म करते हुए हमें अपने वाइब्रेशंस का ध्यान रखना होता है।

## कैसे मिलती है सच्ची खुशी

सच्ची खुशी तब मिलती है, जब हमारा मन हर परिस्थिति में स्थिर रहता है। यानी बाह्य संसार में कुछ भी घटित क्यों ना हो रहा हो, कोई व्यक्ति कुछ भी क्यों ना बोल रहा हो, आलोचना ही क्यों ना कर रहा हो, मन हलचल में नहीं आता है। विचलित नहीं होता है और हम खुश रहते हैं। इसी प्रकार, जब मन में सही विचार उत्पन्न होते हैं, तो हमें खुशी मिलती है। असल में खुशी हमारे भीतर ही छिपी है। वह प्रत्येक मनुष्य आत्मा का मूल एवं आंतरिक गुण है। विडंबना यह है कि आज मानव बाहरी दुनिया में खुशी तलाश रहा है। उसकी खुशी दूसरों पर निर्भर हो गई है। मनोनुकूल परिस्थिति ना होने पर वह दुखी, निराश हो जाता है। ऐसे में हम अगर अपनी स्व स्थिति पर ध्यान दें, तो खुश रहने से कोई रोक नहीं सकता है।

## बच्चों-युवाओं के लिए संदेश

आजकल बच्चे, किशोर और युवा कई तरह की मानसिक समस्याओं का सामना करते दिखते हैं। हमें समझना होगा कि उनकी मानसिक समस्याओं के कई कारण हैं। पहला, वे अपने घरों में बड़ों को गुस्सा, तनाव, बेचैनी, चिंता आदि में घिरा देखते हैं। वही वाइब्रेशन उन्हें खुद भी अनुभव होती हैं। इसके अतिरिक्त, बाहरी जगत का नकारात्मक वातावरण उनके मन-मस्तिष्क पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है। इसके अलावा, अभिभावकों एवं अन्य लोगों द्वारा बच्चों के अंदर निरंतर यह विचार डाला जाता है कि जैसी परिस्थिति होगी, वैसे ही उनका मन होगा। परिणाम यह होता है कि बच्चों और युवाओं की भावनाएं बाह्य कारकों पर निर्भर करने लगती हैं। किसी को क्रोध आता है, तो वे भी गुस्सा करने लगते हैं। कोई निराश होता है, तो उन्हें भी वही महसूस होता है। इस प्रकार की भावनात्मक निर्भरता से उनका भावनात्मक स्वास्थ्य कमजोर हो जाता है। हालांकि, बच्चे या युवा अपनी दिनचर्या में सुधार लाकर इन तमाम समस्याओं से निजात पा सकते हैं। उनके बेहतर मानसिक स्वास्थ्य के लिए जरूरी है कि वे रात को समय से (दस बजे तक) सोएं। सोने से कम से कम एक घंटे पहले गैजेट्स से दूरी बना लें। इसके बदले सकारात्मक चीजें पढ़कर या सुनकर सोएं। तब नींद भी अच्छी आएगी और सुबह जल्दी उठ सकेंगे। इससे वे ऊर्जावान महसूस करेंगे। साथ में उनकी रचनात्मकता, स्पष्टता, निर्णय लेने की क्षमता सब बढ़ जाएगी। याद रखें कि आप जो पढ़ते, सुनते, देखते और बोलते हैं, उससे ही विचार उत्पन्न होते हैं। इसके अलावा, टीवी या मोबाइल फोन देखकर खाना बंद करें। खाने से पहले मेडिटेशन के जरिए भोजन में सकारात्मक ऊर्जा भरें। हो सके तो घर का बना भोजन करें, जिसमें प्यार के वाइब्रेशन होते हैं और जो शुद्धता से बनाए जाते हैं। इन उपायों से उन्हें अवश्य लाभ होगा। *

बातचीत : अंशु सिंह

{ नए वर्ष के दोहे
अखिलेश श्रीवास्तव चमन }

अखबारों में सुर्खियां, नया दिवस औ रैन।
मन ना माने बात यह, पढ़ते थक गए नैन।।
आते व जाते रहे, नए साल हर साल।
यक्ष प्रश्न अब भी वही, कपड़ा, रोटी, दाल।।
नया कहूं तो किसलिए, तुझको ऐ नववर्ष।
वही पुरानी बेवसी, चिथड़ा-चिथड़ा हर्ष।।
आंख धंसीं, चेहरे बुझे, जन-गण हैं बदहाल।
भूख, गरीबी, व्याधियां, दे गया गुजरा साल।।
गए साल में लिखना था, एक नया इतिहास।
क्या लिक्खें यह सोचते, बीते बारह मास।।
कितने फागुन, चैत गए, कितने अगहन, माघ।
नए मुखौटों में मिले, वही पुराने घाघ।।
द्वेष, डाह औ नफरतें, महंगाई की मार।
नया साल गर हो सके, कर इनका उपचार।।
हे विधना नववर्ष में, हो ऐसा संयोग।
मिटे देश की देह से, दहशतगर्दी रोग।।

{ लघुकथा / ललित शौर्य }

# नया सूरज



रश्मि बड़े ध्यान से सूरज को देख रही थी। वह मन ही मन बुदबुदाई, 'सूरज तो कल जैसा ही है, तो फिर यह साल नया कैसे हो गया? मैं तो यह नहीं मानती कि कुछ भी नया है!'

तभी पीछे से आकर रश्मि की भाभी ने उसे चौंका दिया, 'सुबह-सुबह बहुत ध्यान से क्या देख रही हो रश्मि? क्या नया नजर आ रहा है आज?'

'नया ही तो कुछ नजर नहीं आ रहा है। कल से टीवी, अखबारों में सुन-पढ़ रही हूं, नए साल का नया सूरज! पर यहां नया और नयापन जैसा कुछ भी नजर नहीं आ रहा। खैर! आपको नया साल मुबारक हो भाभी!' रश्मि ने उलझे स्वर में जवाब दिया। 'नयापन तो महसूस करना पड़ता है रश्मि। अगर हम इसे महसूस कर लें तो सब कुछ नएपन से भर जाएगा। हमारे भीतर उमंग की तरंग दौड़ने लगेगी। सूरज का नयापन हमें पहले से ज्यादा गर्माहट देगा। संबंधों का नयापन पहले से ज्यादा गहरा लगेगा। हमें अपने भीतर एक नई ऊर्जा महसूस होगी।' भाभी ने रश्मि को समझाने की कोशिश की।

यह सुनते ही रश्मि के शरीर में एक अजीब-सी सिहरन दौड़ गई। अभी तक जो सूरज उसे तेजहीन लग रहा था, अचानक उसकी आंखों के सामने दमकने लगा था। उसने भाभी को गले लगा लिया, बोली, 'भाभी, मुझे इस नए सूरज और नएपन का आभास कराने के लिए आपको बहुत-बहुत धन्यवाद और नए साल की शुभकामनाएं।' *

# उम्मीद 2024 : ओलंपिक, टी20 वर्ल्ड कप समेत बड़े स्पोर्ट्स में तिरंगा लहराएगा भारत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

*साल 2023 खेल जगत में मिला जुला रहा। एक तरफ जहां क्रिकेट में भारत के हाथों निराशा हाथ लगी तो वहीं, एशियन गेम्स में भारतीय महिला और पुरुष ने गोल्ड जीतकर इतिहास रचा। यह साल स्टार जेवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा के नाम रहा। दोहा डायमंड लीग में गोल्ड पर कब्जा किया। क्रिकेट में भारत ने पहले वर्ल्ड टेस्ट चैंपियंशिप का फाइनल गंवाया, उसके बाद वनडे वर्ल्ड कप फाइनल जीते का सपना अधूरा रह गया, लेकिन साल में कई टूर्नामेंट भारत के लिए नई उम्मीद लेकर आएंगे। आइए जानते हैं किस-किस खेल में भारत साल 2024 को यादगार बना सकता है।*




### टी20 वर्ल्ड कप

*आगामी साल में वेस्टइंडीज और यूएसए की मेजबानी में टी20 वर्ल्ड कप खेला जाना है। पिछले टी20 वर्ल्ड कप में भारत को सेमीफाइनल में इंग्लैंड के हाथों शिकस्त मिली थी। साल 2024 के टी20 वर्ल्ड कप में भारत से जीत की उम्मीद रहेगी। वहीं, बांग्लादेश की मेजबानी में महिला टी20 वर्ल्ड कप का भी आयोजन किया जाएगा।*




### पेरिस ओलंपिक

*भारतीय खिलाड़ियों के लिए साल 2024 बहुत ही खास होने वाला है। पेरिस में ओलंपिक का आयोजन किया जाएगा। भारत की पुरुष और महिला दोनों टीमों ने टोक्यो ओलंपिक में शानदार प्रदर्शन किया था और उन्होंने पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया है। इसके अलावा अन्य खेलों के खिलाड़ियों ने भी पेरिस ओलंपिक का टिकट हासिल किया है।*




### 38वें राष्ट्रीय खेल

*अगले साल में उत्तराखंड 38वें राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी करेगा। 37वें राष्ट्रीय खेलों में खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन किया। अगले राष्ट्रीय खेलों में भी खिलाड़ियों से बेजोड़ प्रदर्शन की उम्मीद की जाएगी।*




### यूफा यूरो 2024

*इनके अलावा 14 जून से 14 जुलाई 2024 तक फुटबॉल का दूसरा सबसे बड़ा टूर्नामेंट यूफा यूरो 2024 का टूर्नामेंट आयोजित किया जाएगा। यहां भारतीय फुटबॉल टीम से दमदार प्रदर्शन की उम्मीद होगी। वहीं, आईसीसी अंडर 19 वर्ल्ड कप 2024 साउथ अफ्रीका में आयोजित किया जाएगा।*

## खबर संक्षेप



### लगा नहीं था कि विश्व कप खेल सकूंगा

**नई दिल्ली।** सर्जरी के बाद एक समय तीन चार सप्ताह वह अपने पैरों पर भी खड़े नहीं हो पा रहे थे। ऐसे समय में भारतीय बल्लेबाज केएल राहुल के लिए इस साल वनडे विश्व कप खेलने के बारे में सोचना भी मुश्किल था। उन्होंने टूर्नामेंट में 452 रन बनाकर शानदार वापसी की बल्कि कई मैचों में मेजबान के लिए संकटमोचक भी साबित हुए। राहुल ने स्टार स्पोटर्स की 'बिलीव' सीरिज में कहा, 'वापसी कर दबाव तो था लेकिन मैं उस समय जीवन के सबसे खराब दौर से गुजर रहा था मानो कुछ और मायने नहीं रखता था।'

### कुश्ती गतिविधियां शुरू कराने का अनुरोध



**नई दिल्ली।** ओलंपिक पदक विजेता बजरंग पूनिया ने शनिवार को खेल मंत्रालय से अनुरोध किया कि देश में कुश्ती गतिविधियां फिर शुरू कराई जायें क्योंकि पेरिस ओलंपिक में सात महीने ही रह गए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि ओलंपिक की तैयारियों को कोई गंभीरता से नहीं ले रहा है। भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ पहलवानों के प्रदर्शन के बाद से देश में पिछले कई महीने से कुश्ती ठप पड़ी है।

### तेज गेंदबाज कोएत्जी दूसरे टेस्ट से बाहर

**सेंचुरियन।** दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज गेराल्ड कोएत्जी के पेट के निचले हिस्से में दर्द के कारण केपटाउन में तीन जनवरी से भारत



के खिलाफ होने वाले दूसरे टेस्ट में नहीं खेल सकेंगे। 23 वर्ष के इस गेंदबाज को पहले टेस्ट के दौरान दर्द उठा और बढता गया। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने एक्स पर लिखा, 'तेज गेंदबाज गेराल्ड कोएत्जी भारत के खिलाफ दूसरा टेस्ट नहीं खेल सकेंगे। पहले टेस्ट के दौरान उनके पेट के निचले हिस्से में दर्द उठा था।'

### पेले को ब्राजील ने दी श्रृद्धांजलि

**रियो दि जिनेरियो।** ब्राजील के फुटबालप्रेमियों ने पेले को उनकी पहली पुण्यतिथि पर श्रृद्धांजलि दी और इस मौके पर दक्षिण अमेरिका के इस देश की



सबसे प्रसिद्ध प्रतिमा 'क्राइस्ट द रीडीमर' ने पेले की जर्सी नंबर दस पहनी। फुटबॉल के जादूगर कहे जाने वाले पेले ने पिछले साल कोलोन कैंसर के कारण 82 वर्ष की उम्र में दम तोड़ दिया था। पेले के क्लब सांतोस एफसी के शहर सांतोस और उनके जन्म स्थान ट्रेस कोराकोस में भी समारोह आयोजित किए गए। फीफा ने भी पेले के कॅरियर की झलकियों वाले वीडियो के साथ संदेश दिया, 'पेले की विरासत हमेशा बनी रहेगी।'

### अनकैप्ड खिलाड़ी ब्रांड को बना दिया कप्तान



**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका की टीम इन दिनों घरेलू सरजमीं पर भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज़ खेल रही है। अफ्रीका की टीम फरवरी में दो टेस्ट मैचों की सीरीज़ के लिए न्यूज़ीलैंड का दौरा करेगी, जिसके लिए प्रोटियाज टीम का ऐलान हो गया है। न्यूज़ीलैंड दौरे पर खेली जाने वाली टेस्ट सीरीज़ के लिए अफ्रीका ने चौंकाने वाले स्क्वॉड की घोषणा की है। अनकैप्ड बाएं हाथ के बैटर नील ब्रांड को अफ्रीका का कप्तान बना दिया गया है।

## क्रिकेट : दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला में 0-1 से पीछे है टीम इंडिया

# नेट अभ्यास में रोहित का फोकस मुकेश पर, जड़ेजा ने की गेंदबाजी

एजेंसी ▶▶| सेंचुरियन

पहले टेस्ट में मिली हार के बाद भारतीय टीम के लिए सुपरस्पोर्ट पार्क पर शनिवार को अभ्यास सत्र वैकल्पिक था लेकिन कप्तान रोहित शर्मा ने जमकर पसीना बहाया। दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा ने पहले टेस्ट की दोनों पारियों में रोहित को आउट किया था। यहां दो घंटे तक हुए अभ्यास सत्र में रोहित ने बतौर कप्तान और बल्लेबाज भाग लिया। रोहित का फोकस तेज गेंदबाज मुकेश कुमार की गेंदों का सामना करने पर था जिन्होंने 45 मिनट तक सिर्फ भारतीय कप्तान को गेंदबाजी की।

फिट होकर लौटे रविंद्र जडेजा और रविचंद्रन अश्विन ने भी नेट में अभ्यास किया। थ्रोडाउन विशेषज्ञ दयानंद गरानी ने भी रोहित को आफ स्टम्प पर गेंद डाली। अभ्यास के दौरान रोहित ने मुकेश से कहा, 'हवा में अंदर आ रहा है पर कोशिश कर एंगल से अंदर लाने का।' बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ ने जब उनसे पूछा, 'तू इस नेट पे आएगा' तो उन्होंने कहा, 'नहीं यही पर और दस मिनट बल्लेबाजी करुंगा।'




### प्रसिद्ध नहीं हो रहे कृष्णा

रोहित ने मुकेश को अतिरिक्त समय दिया और कुछ टिप्स भी दिए। घरेलू क्रिकेट में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाले मुकेश पिछले तीन साल में दो बार रणजी ट्रॉफी फाइनल में पहुंची बंगाल टीम के इस प्रदर्शन के सूत्रधारों में रहे हैं। पहले टेस्ट में नाकाम रहे तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा को फिर मौका मिलता है तो यह हैरानी की बात होगी। प्रसिद्ध ने नेट पर किसी बल्लेबाज को गेंदबाजी नहीं की और वह सही लैंग्थ तलाशने के लिए मेहनत करते रहे। गेंदबाजी कोच पारस म्हाम्ब्रे ने अकेले उन पर 75 मिनट दिए।

### जडेजा पूरी तरह फिट

रविंद्र जडेजा ने काफी समय गेंदबाजी और बल्लेबाजी की और वह पूरी तरह फिट दिखे। उन्होंने अश्विन के साथ करीब 45 मिनट गेंदबाजी की। बल्लेबाजी के दौरान शार्दुल ठाकुर को बाएं कंधे में चोट लगी जब वह फील्डिंग कोच टी दिलीप के थ्रोडाउन का सामना कर रहे थे। अभ्यास के बाद वह आइस पैक लगाकर बैठे दिखे।

### बल्लेबाजी करते शार्दुल के कंधे में लगी चोट

**सेंचुरियन।** भारतीय टीम को शनिवार को झटका लगा जब गेंदबाज आल राउंडर शार्दुल ठाकुर को नेट पर बल्लेबाजी करते हुए कंधे में चोट लग गई। ऐसी संभावना है कि वह तीन जनवरी से केपटाउन में शुरू होने वाले



दूसरे टेस्ट में नहीं खेल पाएंगे लेकिन उनकी चोट की गंभीरता स्कैन से पता चल पाएगी, अगर इसकी जरूरत पड़ेगी। इस समय यह पुष्टि नहीं हो सकी कि उनकी चोट के लिए स्कैन की जरूरत है या नहीं। ठाकुर को काफी परेशानी हो रही थी और वह नेट सत्र के दौरान गेंदबाजी भी नहीं कर सके। ठाकुर थ्रोडाउन नेट में सबसे पहले पहुंचने वाले खिलाड़ी थे और जब वह बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ से थ्रोडाउन से गेंद का सामना कर रहे थे तो उनके बाएं कंधे में गेंद लग गई। यह नेट सत्र शुरू होने के 15 मिनट के बाद हुआ। ठाकुर शॉर्ट गेंद का बचाव नहीं कर सके जैसा वह पहले टेस्ट की दूसरी पारी के दौरान हुआ था। वह गेंद लगते ही दर्द से चिल्ला उठे। लेकिन मुंबई के इस आल राउंडर ने नेट पर बल्लेबाजी जारी रखी।

## थिएम के मैच के दौरान आया सांप, क्वालीफाइंग मैच में हारने से बचे



एजेंसी ▶▶| ब्रिसबेन

पूर्व अमेरिकी ओपन चैंपियन डोमिनिक थिएम शनिवार को ब्रिसबेन अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट के



क्वालीफाइंग मैच के दौरान आस्ट्रेलिया के सबसे जहरीले सांप के कोर्ट पर आने से खेल रूकने के बाद जीत दर्ज करने में सफल रहे।

थिएम पहले दौर के क्वालीफाइंग मैच के दौरान 20 साल के आस्ट्रेलियाई जेम्स मैककाबे से एक सेट से पिछड़ रहे थे तभी दर्शकों ने कोर्ट के करीब एक सांप को देखा। सुरक्षाकर्मी तेजी से कोर्ट के पास पहुंचे और अंपायर को खेल रोकना पड़ा क्योंकि सांप कोर्ट पर रेंग रहा था जिससे खिलाड़ी और दर्शक भयभीत थे। यह सांप 50 सेंटीमीटर लंबा था और आस्ट्रेलिया के सबसे जहरीले सांप में से एक है। उसे जल्द ही वहां से हटा लिया गया जिसके बाद ही खेल शुरू हो पाया।

फिर थिएम ने तीन मैच प्वाइंट बचाकर दूसरा सेट टाईब्रेक में जीतकर बराबरी हासिल की। इसके बाद 30 साल के इस खिलाड़ी ने 2-6, 7-6 (4), 6-4 से जीत हासिल की। यह आसट्रियाई खिलाड़ी रविवार को अंतिम क्वालीफाइंग दौर में इटली के गुईलियो जेपिएरी या ओमर जासिका के बीच मुकाबले के विजेता से भिड़ेगा।

## इंडिया ओपन : घरेलू बैडमिंटन खिलाड़ियों के लिए मुश्किल ड्रा



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एच एस प्रणय और लक्ष्य सेन सहित भारत के शीर्ष बैडमिंटन खिलाड़ियों को अगले महीने होने वाले इंडिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में मुश्किल ड्रा मिला है जिसमें वे घरेलू परिस्थितियों का फायदा उठाना चाहेंगे।

पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने की दौड़ अंतिम पड़ाव में है और भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी 16 से 21 जनवरी तक इंदिरा गांधी स्टेडियम में होने वाले योनेक्स सनराइज इंडिया ओपन से महत्वपूर्ण अंक जुटाने की कोशिश करेंगे। एशियाड स्वर्ण पदक विजेता सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी तथा कांस्य पदक विजेता प्रणय विश्व रैंकिंग में अपना स्थान मजबूत करने की कोशिश करेंगे जबकि किदाम्बी श्रीकांत, सेन और प्रियांशु राजावत ओलंपिक में दूसरे भारतीय स्थान के लिए प्रयास करेंगे। ओलंपिक क्वालीफिकेशन नियमों के अनुसार दो भारतीय पुरुष एकल खिलाड़ी ओलंपिक में भाग ले सकते हैं, अगर दोनों ही 30 अप्रैल तक क्वालीफिकेशन प्रक्रिया के अंत में शीर्ष 16 रैंकिंग में शामिल रहेंगे।

### सेन-राजावत की होगी भिड़ंत

पहले दौर में 2022 राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता सेन और राजावत एक दूसरे के सामने होंगे जबकि आठवें वरीय प्रणय का सामना चीनी ताइपे के चोऊ टिएन चेन से होगा। अगर प्रणय जीत जाते हैं तो वह सेन और राजावत के बीच मैच के विजेता से भिड़ेंगे। पूर्व चैंपियन श्रीकांत अभी 'रेस टू पेरिस' रैंकिंग में 24वें स्थान पर हैं, वह पहले दौर में हांगकांग के ली चेयूक यिऊ से भिड़ेंगे।

### पुरुष युगल में कठिन ड्रॉ

पुरुष युगल में पूर्व चैंपियन और दूसरे वरीय सात्विक और चिराग अपनी चुनौती की शुरुआत चीनी ताइपे के फांग जेन ली और फांग चि ली के खिलाफ करेंगे। महिला युगल में त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद को पहले दौर में नामी मातसुयामा और चिहारू शिडा की जापानी जोड़ी से भिड़ना है जो चुनौतीपूर्ण मुकाबला होगा। अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रास्टो की जोड़ी की भिड़ंत थाईलैंड की रविंडा प्राजोंगजाई और जोंगकोलफान किटिथारकुल की जोड़ी से होगी।

### अन्य 'हाई प्रोफाइल' मुकाबले

अन्य 'हाई प्रोफाइल' मुकाबलों में गत महिला एकल चैंपियन एन सि यंग का सामना थाईलैंड की तीन बार की चैंपियन रतचानोक इंतानोन से होगा जबकि स्पेन की कैरोलिना मारिन जापान की नोजोमी ओकुहारा के सामने होंगी। पुरुष एकल में पूर्व विश्व चैंपियन लोह कीन यिऊ तीसरे वरीय और मौजूदा आल इंग्लैंड चैंपियन लि शि फेंग से भिड़ेंगे जबकि शीर्ष वरीय विक्टर एक्सेलसेन अपना अभियान चीनी ताइपे के वांग जु वेई के खिलाफ करेंगे। पिछले साल इस टूर्नामेंट को सुपर 500 से सुपर 750 कैटेगरी में अपग्रेड किया गया था।

### वॉर्नर चयनकर्ता नहीं टेस्ट में ग्रीन से करा सकते हैं पारी का आगाज

**मेलबर्न।** डेविड वॉर्नर ने भले ही उनके बाद टेस्ट क्रिकेट में पारी की शुरुआत के लिए मार्कस हैरिस का नाम लिया हो लेकिन आस्ट्रेलिया के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने कहा है कि वे अधिक विकल्पों पर विचार कर रहे हैं और कैमरन ग्रीन भी दौड़ में हैं। वॉर्नर पाकिस्तान के खिलाफ सिडनी में तीन जनवरी से होने वाले तीसरे टेस्ट के बाद टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह देंगे। टेस्ट क्रिकेट में पारी की शुरुआत के लिए वॉर्नर के बाद कई नामों पर विचार चल रहा है। हैरिस, ग्रीन, मैट रेनशॉ और कैमरन बेनक्रॉफ्ट के नाम दौड़ में हैं। मैकडोनाल्ड ने कहा, 'डेविड चयनकर्ता नहीं है। पिछली बार उसने मैट रेनशॉ का नाम लिया था और शायद अगला नाम कैम बेनक्रॉफ्ट और फिर कैमरन ग्रीन का होगा।' आस्ट्रेलिया को अब वेस्टइंडीज के खिलाफ खेलना है और कोच ने कहा कि उससे पहले फैसला ले लिया जाएगा।

## समद टीम में शामिल, चोटिल जैकसन और मार्टिन्स बाहर

### एएफसी एशियाई कप के लिए भारत ने की टीम की घोषणा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मुख्य मिडफील्डरों की चोटों से जूझ रहे भारत ने शनिवार को एएफसी एशियाई कप के लिए 26 सदस्यीय टीम की घोषणा की जिसमें सहल अब्दुल समद जगह बनाने में सफल रहे। लेकिन जैकसन सिंह और ग्लान मार्टिन्स को फिटनेस संबंधित मुद्दों के कारण बाहर रखा गया। शीर्ष मिडफील्डर जैकसन को नवंबर में कंधे में चोट लगी थी और उनका चुना जाना संदिग्ध था। मोहन बागान के मार्टिन्स भी हाल ही में चोटिल हो गए थे। हालांकि ये दोनों 50 संभावित खिलाड़ियों में शामिल थे। इस महीने के शुरू में चोटिल हुए समद हालांकि टीम में जगह बनाने में कामयाब रहे जिसका नेतृत्व अनुभवी स्ट्राइकर सुनील छेत्री करेंगे।



### भारतीय टीम

**गोलकीपर :** अमरिंदर सिंह, गुरप्रीत सिंह संधू, विशाल कैथ। **डिफेंडर :** आकाश मिश्रा, लालचुंगनुंगा, मेहताब सिंह, निखिल पुजारी, प्रीतम कोटल, राहुल भेके, संदेश झिंगन, सुभाशीष बोस। **मिडफील्डर :** अनिरुद्ध थापा, ब्रैंडन फर्नांडिस, दीपक टांगरी, लालेंगमाविया राल्टे, लिस्टन कोलासो, नाओरेम महेश सिंह, सहल अब्दुल समद, सुरेश सिंह वांगजाम, उदांता सिंह। **फॉरवर्ड :** ईशान पंडिता, लालियानजुआला चांगटे, मनवीर सिंह, राहुल कन्नोली प्रवीण, सुनील छेत्री, विक्रम प्रताप सिंह।

### भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान होंगी सविता

**बेंगलुरु।** अनुभवी गोलकीपर सविता पूनिया 13 से 19 जनवरी तक रांची में होने वाले ओलंपिक क्वालीफायर में भारत की 18 सदस्यीय महिला हॉकी टीम की कप्तान होंगी जबकि वंदना कटारिया उपकप्तान रहेंगी। टूर्नामेंट की शीर्ष तीन टीमें पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए क्वालीफाई करेंगी। भारतीय महिला टीम की मुख्य कोच यानेके शॉपमैन ने एक विज्ञप्ति में कहा, 'पेरिस ओलंपिक के हमारे सफर में एफआईएच ओलंपिक क्वालीफायर महत्वपूर्ण टूर्नामेंट है। हमें अपेक्षाओं पर खरे उतरकर ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करना है।' सविता ने हाल ही में एफआईएच वर्ष की सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर का पुरस्कार जीता जबकि वंदना 300 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाली भारत की पहली महिला खिलाड़ी बनी। भारत को पूल बी में न्यूजीलैंड, इटली और अमेरिका के साथ रखा गया है जबकि जर्मनी, जापान, चिली और चेक गणराज्य ग्रुप ए में हैं।

## डेविस कप : खेल मंत्रालय ने विदेश और गृह मंत्रालय को भेजा

# एआईटीए के पाक दौरे को मंजूरी मिलने की उम्मीद

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली/कराची

भारतीय टीम को आगामी डेविस कप टेनिस मुकाबले के लिए पाकिस्तान जाने की मंजूरी मिलने की उम्मीद है। अखिल भारतीय टेनिस संघ ने शनिवार को यह जानकारी दी। एआईटीए ने हाल ही में खेल मंत्रालय से सलाह मांगी थी कि क्या वे तीन और चार फरवरी को पाकिस्तान में होने वाले विश्व ग्रुप वन प्लेआफ के लिए टीम भेज सकते हैं।

एआईटीए महासचिव अनिल धूपर ने कहा, 'हमें अभी तक लिखित में मंजूरी नहीं मिली है लेकिन जल्दी ही मिल जाएगी। हमें बताया गया है कि चूंकि यह



द्विपक्षीय श्रृंखला नहीं है और आईटीए इसका आयोजन कर रहा है तो सरकार ऐसे टूर्नामेंटों में दखल नहीं देती। इसकी प्रक्रिया है। खेल मंत्रालय ने विदेश और गृह मंत्रालय को अनुरोध भेज दिया है और उनकी राय के बाद ही अंतिम फैसला लिया जाएगा।

हमें जल्दी ही मंजूरी मिलने की उम्मीद है। हम मुकाबले और यात्रा की तैयारी कर रहे हैं।' इस बीच पाकिस्तान टेनिस महासंघ ने शनिवार को कहा कि इस्लामाबाद में होने वाले डेविस कप मुकाबले में एआईटीए के खिलाड़ियों और अधिकारियों की भागीदारी को लेकर उसे अंतिम पुष्टि का इंतजार है।

### भारत के नहीं आने पर पाक को मिलेंगे पूरे अंक

*एजेंसी ने 26 दिसंबर को खबर दी थी कि एआईटीए ने टीम के पाकिस्तान दौरे के लिए खेल मंत्रालय से सलाह मांगी है। सैफुल्लाह ने कहा कि एआईटीए को अपनी टीम के आगमन की अंतिम पुष्टि के लिए समय सीमा दी गई है और अगर वे नहीं आते हैं तो अंतरराष्ट्रीय टेनिस महासंघ मेजबान को पूरे अंक देने पर विचार कर सकता है। भारतीय डेविस कप टीम आखिरी बार 1964 में पाकिस्तान गई थी जब लाहौर में हुआ मुकाबला भारत ने 4-0 से जीता था। भारत और पाकिस्तान का सामना 2019 में भी हुआ था लेकिन वह मुकाबला कजाखस्तान में खेला गया था।*

## सीएम डॉ. यादव 3 को करेंगे 29वें इंटर प्रेस टूर्नामेंट का शुभारंभ

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भोपाल में होने वाले 29 वें आईईएस-डिजिआना इंटर प्रेस क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ करेंगे। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री



जगदीश देवड़ा और राजेन्द्र शुक्ला भी मौजूद रहेंगे। टूर्नामेंट 3 जनवरी से ओल्ड कैंपियन मैदान पर होगा। इसमें मीडिया से जुड़े 400 से ज्यादा खिलाड़ी भागीदारी करेंगे। यह टूर्नामेंट तीन ग्रुपों में खेला जाएगा। इच्छुक टीमें 2 जनवरी तक अपनी एंट्री दे सकती हैं। दो जनवरी को ही ड्रा निकाला जाएगा। टूर्नामेंट की सभी तैयारी पूरी कर ली गई हैं। यह टूर्नामेंट प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी टी-20 फार्मेट में ही होगा। टूर्नामेंट के लगभग 90% मैच ओल्ड कैंपियन पर ही होंगे। सभी टीमों को आरएनटीयू या फेथ क्रिकेट ग्राउंड पर भी एक-एक मैच खेलने का मौका मिलेगा। टूर्नामेंट का शुभारंभ इंदौर मीडिया और भोपाल मीडिया इलेवन के बीच मैत्री मैच से होगा।

### श्री भवंस भारती पब्लिक स्कूल में सीबीएसई हॉकी नेशनल प्रतियोगिता का पांचवा दिन

# सच्चिदानंद ने आईए इंदौर को 7-0 से हराया, फाइनल मुकाबला आज

**सभी खिलाड़ियों ने गुना हादसे के मृतकों को दी श्रद्धांजलि**







हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

श्री भवंस भारती पब्लिक स्कूल में चल रही सीबीएसई हॉकी नेशनल प्रतियोगिता के पांचवे दिन के मुकाबले से पूर्व मध्य प्रदेश के गुना जिले में हुए बस हादसे में मारे गए यात्रियों की आत्मा की शांति के लिए स्कूल स्टाफ ऑफिशल्स रेफरी एवं सभी खिलाड़ियों ने 2 मिनट का मौन धारण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इसके पश्चात प्रतियोगिता के पांचवें दिन का पहला मुकाबला गर्ल्स ग्रुप से सच्चिदानंद स्कूल एवं आईएटीवी एजुकेशन एकेडमी इंदौर के बीच खेला गया, जिसमें सच्चिदानंद ने आईए टीवी एजुकेशनल एकेडमी इंदौर को 7-0 से हराया। दिन का दूसरा मुकाबला श्री ठाकुर द्वारा विद्यालय गाजियाबाद एवं ओपी जिंदल स्कूल रायगढ़ छत्तीसगढ़ के बीच खेला गया, जिसमें ओपी जिंदल स्कूल रायगढ़ ने श्री ठाकुर द्वारा गाजियाबाद को 2-1 से हराया।

**पार्षद मिश्रा ने लिया परिचय**



तमिलनाडु एवं श्री राम विद्या मंदिर हरिद्वार के बीच खेला गया, जिसमें श्री राम विद्या मंदिर ने को कड़ाकु को 4-0 से हराया। दिन का चौथा मुकाबला अनेकांत इंग्लिश मीडियम स्कूल एवं आर्य गर्ल्स पब्लिक स्कूल पानीपत के बीच खेला गया, जिसमें पानीपत ने अनेकांत को 6-0 से हराया। दिन के दूसरे हॉफ में पहला सेमीफाइनल मुकाबला सत्चितानंद स्कूल तमिलनाडु एवं ओपी जिंदल स्कूल रायगढ़ के बीच खेला गया जिसमें सत्चितानंद ने जिंदल को 2-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। दूसरा सेमीफाइनल आर्य गर्ल्स स्कूल पानीपत एवं श्री राम विद्या मंदिर स्कूल हरिद्वार के बीच खेला गया जिसमें श्री राम विद्या मंदिर स्कूल हरिद्वार ने आर्य गर्ल्स स्कूल को 2-0 से हराया। आज के मैच में मुख्य अतिथि पार्षद प्रियंका मिश्रा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। कल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला सुबह 10 बजे से खेला जाएगा।



**भावेश बेस्ट गोलकीपर तो केविन बेस्ट प्लेयर**

## सेंट थॉमस एफसी ने आईपीसी एफसी को 1-0 से हराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सेंट थॉमस विंटर लीग के अंतिम दिन शनिवार को फुटबॉल के अंडर 15 (बालक) मुकाबले में सेंट थॉमस एफसी ने आईपीसी एफसी को 1-0 से हराया। सेंट थॉमस के भावेश सिंह को बेस्ट गोलकीपर और आईपीसी के मोहित को बेस्ट प्लेयर का अवार्ड मिला। अंडर 13 के फाइनल मुकाबले में आईपीसी एफसी ने सेंट थॉमस एफसी को 6-5 से हराया। सेंट थॉमस के केविन बेस्ट प्लेयर, आईपीसी के हृदय को बेस्ट गोलकीपर का अवार्ड मिला। वहीं बास्केटबॉल अंडर 14 (बालिका) आयु वर्ग में सेंट मोंटफोर्ट ने सेंट थेरेसा को 18-09 से हराया। सेंट मोंटफॉर्ट की माधवी को बेस्ट प्लेयर चुना गया। अंडर 14 (बालक) में कैंपियन ने होली एंजेल्स कुरावर को 42-15 से हराया। होली के अभिषेक बेस्ट प्लेयर चुने गए। अंडर 17 (बालिका) में सेंट थॉमस ने यंग स्टार स्पोर्ट्स अकादमी को 23-17 से हराया। सेंट थॉमस की वैशाली यादव बेस्ट प्लेयर चुनी गईं। अंडर 17 (बालक) में यंग स्टार स्पोर्ट्स अकादमी ने सेंट जेवियर को 50-31 से हराया। यंग स्टार के सिद्धार्थ रावत बेस्ट प्लेयर चुने गए। सभी टीमों और खिलाड़ियों को प्रिंसिपल फादर डॉक्टर रेमी मिडमपल्ली और एमपी के सीनियर बास्केटबॉल कोच ए सुरेश ने ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

### मशरूम वर्ल्ड मास्टर्स एवं सीनियर्स कप क्रिकेट प्रतियोगिता

## कस्तूरबा ने हमीदिया को 4 विकेट से, सेंट्रल ने भोपाल पुलिस को 76 रन से हराया





हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्पोर्ट्स क्लब ऑफ़ भोपाल द्वारा आयोजित मशरूम वर्ल्ड मास्टर्स एवं सीनियर्स कप क्रिकेट प्रतियोगिता में शनिवार को कस्तूरबा इलेवन विरुद्ध हमीदिया स्पोर्ट्स के मध्य मैच खेला गया, जिसमें कस्तूरबा इलेवन ने टॉस जीतकर पहले गेन्दबाज़ी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए हमीदिया स्पोर्ट्स की पूरी टीम 20 ओवर मे 144 रन बना सकी। हमीदिया की तरफ से प्रदीप ने 29, ओसाफ ने 25, जबकि संजय शर्मा और प्रदीप दुबे ने 24 24 रन की पारी खेली। कस्तूरबा की तरफ से पुष्पेन्द्र, मयंक, सोनू और मनीष ने दो दो विकेट लिए।

**144 के जवाब में 124 पर ढेर हुई भोपाल पुलिस**



*भोपाल पुलिस की तरफ से गौतम ने दो जबकि विजय और बिट्टू ने एक एक विकेट लिया। जवाबी पारी खेलने उतरी भोपाल पुलिस की पूरी टीम 18.4 ओवर मे 126 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। बिट्टू ने 71, सुशील ने 15, शिवमंगल ने 14 और अतुल ने 10 रन बनाए। सेंट्रल स्ट्राइकर की तरफ से शेख सादिक ने 4, जमील खान ने 3 जबकि जीतेन्द्र, इमरान और संजय ने एक एक विकेट लिया। अमित पॉल को मेन ऑफ़ द मैच चुना गया। कल सेंट्रल स्ट्राइकर और रेलवे मास्टर्स के मध्य सेमीफाइनल होगा।*

### सोनू और अमित पाल बने मैन ऑफ द मैच

जवाबी पारी खेलने उतरी कस्तूरबा इलेवन ने यह मैच 19.4 ओवर मे 6 विकेट खोकर 145 रन बनाकर 4 विकेट से जीत लिया। कस्तूरबा की तरफ से दीपक ने 30, प्रदीप कनाडे ने 29, और शैलेष ने 27 रनो की पारी खेली। हमीदिया की तरफ से पी सी रजक ने दो जबकि मेहफ़ूज़, असलम, जाकिर और ओसाफ ने एक एक विकेट लिया। सोनू को मेन ऑफ़ द मैच चुना गया। आज का दूसरा मैच सेंट्रल स्ट्राइकर इंदौर और भोपाल पुलिस के मध्य खेला गया जिसमे सेंट्रल स्ट्राइकर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज़ी करने का फैसला किया और निर्धारित 20 ओवर मे 5 विकेट खोकर 202 रन बनाए जिसमे अमित पॉल ने शानदार शतक 100 रन, जीतेन्द्र लिखर ने 64 रन की पारी खेली।

## गोवा में लहराया मप्र कराते अकादमी का परचम

**भोपाल।** 11वीं ओपन राष्ट्रीय कराते प्रतियोगिता का आयोजन 23 से 24 दिसम्बर तक गोवा में किया गया। प्रतियोगिता में मप्र राज्य कराते अकादमी के खिलाड़ियों ने 4 साल बाद भागीदारी कर 13 स्वर्ण, 6 रजत और 4 कांस्य सहित कुल 23 पदक अर्जित किए हैं। अकादमी के व्यक्तिगत कुमिते विधा के खिलाड़ी प्रेरणा साहू, कुधरकन शाह, कल्याणी कोडोपे, निधि सोलंकी, रुषा तांबट, अमेय कटारे, आशीष तिवारी, शुभम, दीक्षांत कटारिया, आयुष सोधिया एवं नीरज चौहान ने स्वर्ण पदक और, व्यक्तिगत काता विधा में रक्षांश आम्रवंशी एवं मुस्कान मांझी ने 1-1 स्वर्ण पदक अर्जित किया। यहीं व्यक्तिगत कुमिते में अलंकृता राजावत, कल्याणी विश्वकर्मा, अंशिता रावत, प्रणय कुमार पण्डित, सोम गिरी एवं प्रतीक बागडे ने 1-1 रजत पदक और आकाक्षा सोलंकी, प्रथा सेन, राजवीर सिंह एवं अनुज गोस्वामी ने 1-1 कांस्य पदक अर्जित किया।

- खिलाड़ियों ने जीते 13 स्वर्ण, 06 रजत और 4 कांस्य पदक



**धैर्य और अनुशासन से ही व्यक्ति सफलः कुशवाह**

## स्काई मार्शल आर्ट की राष्ट्रीय प्रतियोगिता का ट्रायल और सेमिनार सम्पन्न





हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के भोपाल अकेडमी स्कूल में स्काई मार्शल आर्ट प्रतियोगिता का ट्रेनिंग सेमिनार और राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता के सेलेक्शन ट्रायल का आयोजन किया गया, जिसमें मप्र के करीब 200 खिलाड़ियों ने केम्प में हिस्सा लिया। मप्र स्काई मार्शल आर्ट एसो के आयोजन सचिव राहुल सिंह तोमर ने बताया कि इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भोपाल अकेडमी स्कूल के डायरेक्टर लोकमन कुशवाह थे। उन्होंने खिलाड़ियों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि जीवन में धैर्य और अनुशासन से ही व्यक्ति सफल हो पाता है और खेलों में भी धैर्य और अनुशासन ही जीत की पूंजी है। जीवन में खेल व नीति दोनों का बड़ा योगदान है इसलिए भारत की गुरू शिष्य परम्परा में दोनों का ही समायोजन था। प्रतियोगिता के ट्रायल में सभी जिलों से आये हुए कोच एवं मैनेजर को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

**मप्र का प्रतिनिधित्व करेंगे खिलाड़ी**

राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ी आगामी माह जनवरी में दिनांक 18 से 21 जनवरी तक शिर्डी महाराष्ट्र में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर स्काय मार्शल आर्ट खेल के ग्रैंड मास्टर डॉ. एम. डी. सेलवन, स्काय मार्शल आर्ट फेडरेशन इंडिया के अध्यक्ष प्रवीण सिंह कुशवाह, स्काय मार्शल आर्ट फेडरेशन इंडिया के सचिव श्री काशीनाथ नायक, स्काय मार्शल आर्ट फेडरेशन इंडिया के कोषाध्यक्ष दुष्यंत सैनी, मध्यप्रदेश स्काय मार्शल आर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष रोहित नायक, मध्यप्रदेश स्काय मार्शल आर्ट एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष साजिद खान राहुल सिंह तोमर, हरीश टेलर, श्रेया सिंह चौहान, धर्मांशु तारक, हर्षवर्धन आदि खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाये प्रेक्षित की।

**लाईफ स्टाईल**

### टीवी मसाला



## 1 करोड़ के सवाल का जवाब देने से चूका कंटेस्टेंट...

**मुंबई।** कौन बनेगा करोड़पति एक ऐसा शो है, जिसका हर सीजन दर्शकों का फेवरेट रहा। केबीसी का सीजन 15 भी काफी हिट रहा है। शो में एक बार फिर से अमिताभ बच्चन ने अपनी शानदार मौजूदगी से पूरे सीजन को यादगार बना दिया। इस वक्त कौन बनेगा करोड़पति का फिनाले वीक चल रहा है। इस आखिरी सप्ताह में बिग बी काफी इमोशनल भी हुए। फैंस भी दुखी नजर आ रहे हैं। ऐसे में बीता एपिसोड काफी दिलचस्प रहा। केबीसी के आखिरी हफ्ते में बिहार के अविनाश भारती अमिताभ बच्चन के सामने हॉट सीट पर बैठे नजर आए। अविनाश का खेल बेहद ही शानदार रहा, लेकिन वह एक करोड़ का जवाब देने से चूक गए। आइए जानते हैं क्या था वो सवाल? अमिताभ बच्चन ने शो के दौरान बताया कि ये केबीसी के इतिहास का ऐसा पहला एपिसोड है, जिसमें पहले ही दिन कंटेस्टेंट एक करोड़ के सवाल तक पहुंचा। अविनाश ने खेल के दौरान अपनी सारी लाइफलाइन का इस्तेमाल करके 50 लाख रुपये जीते। इसके बाद अविनाश के सामने 1 करोड़ का सवाल आया, जिसका जवाब देने में उनके भी पसीने छूट गए, क्योंकि उनके पास अब कोई भी लाइफलाइन नहीं बची है।

### यशराज के प्लान में रोड़ा बनेगा शख्स

**मुंबई।** तेरी मेरी डोरियां के 30 दिसंबर के एपिसोड में देख सकेंगे कि बरार फैमिली का घर चला गया है और अभी वो जसलीन के लिए अस्पताल में हैं। इस बीच साहिबा के माता-पिता वहां आ जाते हैं। कीरत ने उन्हें सब बता दिया था। वो लोग सभी के लिए खाना लेकर आते हैं जिसे वो मिलकर खाते हैं। थोड़ी देर बाद साहिबा सीढ़ियों से जाती है तभी एक शख्स उसका मुंह बंद करके एक कमरे में ले जाता है। कमरे में अंधेरा होता है और जहां वह देखती है वहां पर गैरी पहले से मौजूद है। वह उसे खुद से दूर हटाती है लेकिन फिर गैरी कहता है कि वह यशराज के बारे में कुछ बताना चाहता है। गैरी को अहसास हो जाता है कि यशराज किसी का सगा नहीं है।

## राजकुमार का बुलावा आते ही 'डंकी' में भूमिका निभाने पहुंच गए थे रोहिताश्व

**मुंबई।** रोहिताश्व गौड़ एंडटीवी के लोकप्रिय शो 'भाबीजी घर पर हैं' में अपने मशहूर किरदार मनमोहन तिवारी के चलते सबके चहेते बन चुके हैं। उन्होंने टेलीविजन और बॉलीवुड में अपना एक अलग मुकाम बनाया है। उनकी बेजोड़ कॉमिक टाइमिंग ने मनोरंजन उद्योग के एक प्रतिभाशाली कलाकार के तौर पर उन्हें मजबूती से स्थापित किया है। गौड़ ने हाल ही में राजकुमार हीरानी की फिल्म डंकी में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और इसमें वे एक धोखेबाज वीजा एजेंट के किरदार में नजर आये। एक बेबाक बातचीत में उन्होंने विस्तार से बताया है कि उन्हें यह भूमिका कैसे मिली।



शाहरुख खान की फिल्म से जुड़ने के बारे में रोहिताश्व गौड़ ने बताया, "यकीन करना मुश्किल है, लेकिन यह मेरे लिये सबसे महत्वपूर्ण मौकों में से एक बन गया, और इसके लिए मुझे बहुत कम इंतजार करना पड़ा। दिलचस्प बात यह है, कि यह सब एक ही दिन में हो गया। मैं नायगांव में अपने शो 'भाबीजी घर पर हैं' की शूटिंग कर रहा हूँ। लगातार सफर करने से बचने के लिये मैं आमतौर पर सेट के पास के एक अपार्टमेंट में ठहरता हूँ और सिर्फ छुट्टी के दिनों में अपने घर गोरेगांव जाता हूँ। हमें अगले दिन शूटिंग करनी थी, लेकिन मुझे सुबह ही खबर मिली कि सेट पर एक हफ्ते की छुट्टी है। मैंने सोचा कि इस वक्त का इस्तेमाल घर जाकर अपने परिवार के साथ बिताने के लिये करना चाहिये। रास्ते में मुझे राजकुमार हीरानी जी का कॉल आया और उन्होंने पूछा कि मैं क्या कर रहा हूँ। मैंने उन्हें बताया कि मैं घर जा रहा हूँ और उन्होंने ज्यादा कुछ कहे बिना मुझे सीधे गोरेगांव की फिल्मसिटी में बुलाया। वहाँ जाने पर मैं एक बड़ा सेट देखकर चौंक गया, जहाँ हजारों लोग थे। फिर मिस्टर हीरानी ने बताया कि वे पंजाब के एक जाने-माने थियेटर आर्टिस्ट के साथ एक दृश्य की शूटिंग करने वाले थे, लेकिन किसी कारण से वह अपना किरदार निभाने नहीं आ पाया। वह फिल्म की शूटिंग का पहला दिन था और मिस्टर हीरानी प्रोडक्शन को रोकना नहीं चाहते थे। चूंकि वह फिल्म का पहला दिन था और राजकुमार हीरानी जी कोई बाधा नहीं चाहते थे, इसलिये उन्हें तुरंत मेरा खयाल आया, क्योंकि हम पहले भी साथ में काम कर चुके थे। फिर राजू सर ने मुझे अपनी फिल्म 'डंकी' में लालटू का रोल दिया, जोकि एक नकली पंजाबी वीजा एजेंट है। मैंने खुशी से वह भूमिका स्वीकार कर ली।

## *दूसरे पार्ट की कहानी को लेकर डायरेक्टर ने दिया हिंट*



*मुंबई। क्रिसमस के मौके पर रिलीज हुई 'सालारः पार्ट 1- सीजफायर' बॉक्स ऑफिस पर अच्छा कर रही है। फिल्म वर्ल्डवाइड 600 करोड़ के क्लब में शामिल होने के करीब है। 'सालार' को प्रशांत नील ने डायरेक्ट किया जिन्होंने इससे पहले 'केजीएफ' और 'केजीएफ चैप्टर 2' बनाई। प्रभास और प्रशांत नील के साथ आने से 'सालार' को लेकर उम्मीदें और बढ़ गई थीं। फिल्म देखने वाले दर्शक अब इसके दूसरे पार्ट का इंतजार कर रहे हैं। डायरेक्टर ने 'सालार 2' की कहानी को लेकर भी यह राज खोला है कि यह पिछली फिल्म से और बड़ा, और बेहतर होगा। प्रशांत ने कहा कि जो भी फीडबैक मिला है उसे देखने के बाद वह दूसरे पार्ट में कोई बदलाव करने के मूड में नहीं हैं। फिल्म की कहानी तैयार है।*









हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्प्लैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930